रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 25 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 274 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### भारतीय विद्यार्थियों से क्वाड फेलोशिप में आवेदन करने का मोदी ने किया आह्वान



**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में क्वाड देशों की ओर से शुरू किए गए फेलोशिप को अद्भुत और अनूठी पहल बताते हुए भारतीय विद्यार्थियों से इसके लिए आवेदन करने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि मैं भारतीय विद्यार्थियों को क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की अगली पीढ़ी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, जो मानवता के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

### आतंकी हमले में कांस्टेबल शहीद, 7 साल की बेटी भी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में फिर आतंकी हमला हुआ। हमले में पुलिस के एक सिपाही और उनकी बेटी को गोलियां लगीं। गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल सिपाही बाद में शहीद हो गए, जबकि उनकी बेटी घायल है। कश्मीर पुलिस के मुताबिक आतंकी हमला श्रीनगर जिले के सौरा (अंकर) क्षेत्र में हुआ। हमले में शहीद होने वाले पुलिसकर्मी का नाम सैफुल्ला कादरी है. वह श्रीनगर के ही मलिक साब इलाके के रहने वाले थे।

# जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के विस्तार के लिए जनसुनवाई आज

# विरोध में उतरे राजनीतिक दल और पर्यावरण प्रेमी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिलतरा स्थित जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने स्टील संयत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करने जा रही है जिसके लिए जनसुनवाई आज होना है। उरला, सिलतरा राजधानी रायपुर का सबसे प्रदूषित इलाका माना जाता है। लगातार हो रहे इंडस्ट्रियों के विस्तार से रायपुर की आवोहवा पहले से ही काफी प्रदूषित है। कोयला उगलते कारखाने राजधानी को रहने लायक नहीं छोड़ेगें। इस इलाके में पहले से ही काफी उद्योग संचालित हैं। रायपुर चारों तरफ आद्यौगिक प्रदूषण से प्रभावित है। यह बात अलग है कि यह खबर फैलाकर भ्रमित किया जाता है कि बढ़ते प्रदूषण कारण बढ़ रही वाहनों की संख्या है। लेकिन वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ ही धुआं उगलते यह कारखाने आम-जनजीवन को बुरी तरह




प्रभावित कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि अब जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के विस्तार से क्षेत्र और अधिक प्रदूषित हो सकता है। बहरहाल एक ओर इंडस्ट्री प्रबंधन विस्तार को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी कर आगे बढ़ रही है, तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रेमी तथा राजनीतिक दल इसके विरोध में उतर आये हैं।

### राजधानी रायपुर का सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया देश के सबसे प्रदूषित इंडस्ट्रियल एरिया में 17वें स्थान पर : सिंघवी



पर्यावरण प्रेमी रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने कहा कि राजधानी रायपुर का सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया देश के सबसे प्रदूषित इंडस्ट्रियल एरिया में 17वें स्थान पर आता है। यहां का वायु प्रदूषण रायपुर शहर में आता है। विशेष रुप से ठंड में उत्तरी हवा चलने से रायपुर के निवासियों को कई बीमारियां होती हैं। सिंघवी ने कहा रायपुर शहर में किसी भी स्थान पर एयर क्वालिटी इंडेक्स बताने वाले ऑनलाइन रियल टाइम मीटर नहीं लगे हैं। इन मीटरों को लगाने से अत्यधिक बढ़े हुए वायु प्रदूषण की सत्यता उजागर हो जाएगी। सिलतरा में पहले इन मीटरों को लगाया जाए उसके बाद ही एक्सपेंशन की अनुमति दी जानी चाहिए।

### 2008 में ही सरकार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग के नये स्थापना और विस्तार पर मनाही कर चुकी है : आप



आम आदमी पार्टी के नेता रायपुर से लोकसभा प्रत्याशी रह चुके संदीप तिवारी ने कहा कि सिलतरा क्षेत्र में पहले से ही बहुत प्रदूषण हैं। और यहां बहुतायत में उद्योग संचालित है। इसी के चलते 2008 में ही सरकार ने सिलतरा मे प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग के नये स्थापना और विस्तार पर मनाही कर चुकी थी, फिर सरकार को ऐसा क्या हुआ की एक विशेष कोयला आधारित उद्योग के विस्तार को अनुमति देनी पड़ रही है। हम उद्योग विस्तार के विरोध में नहीं है लेकिन प्रदूषण फैलाकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना ऐसा विकास ठीक नहीं हैं यह पूर्ण रूप से गलत हैं इसका हम पुरजोर विरोध करेंगे।

## छत्तीसगढ़ से दो राज्यसभा सदस्यों का होगा निर्वाचन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

द्विवार्षिक निर्वाचन-2022 के तहत छत्तीसगढ़ में रिक्त होने वाली दो राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए राज्यसभा के कुल 5 सीटों में से दो राज्यसभा सदस्य रामविचार नेताम एवं छाया वर्मा का कार्यकाल 29 जून 2022 को समाप्त होने जा रहा है। राज्यसभा की रिक्त होने वाली इन दो सीटों के लिए राज्यसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 24 मई 2022 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी राज्यसभा द्विवार्षिक कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन दाखिल किए जाने की अंतिम तिथि 31 मई को निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 01 जून बुधवार को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापिस किए जाने की अंतिम तिथि 03 जून शुक्रवार को तय की गई है।

## ज्ञानवापी प्रकरण : जिला अदालत पहले यह तय करेगी कि वाद पर सुनवाई हो या नहीं

पायनियर संवाददाता ‹ वाराणसी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में वाराणसी स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर प्रकरण पर सबसे पहले इस बात पर सुनवाई करेगी कि परिसर में मौजूद श्रंगार गौरी की पूजा अर्चना का अधिकार दिये जाने संबंधी वाद पर न्यायालय में सुनवाई हो सकती है या नहीं। इसके लिये गुरुवार 26 मई की तिथि तय की गयी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा अजय कृष्ण विश्वेश ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करते पर मंगलवार को अपने फैसले में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में इस न्यायालय के लिये आवश्यक है कि वह प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवादी पक्ष के इस आवेदन पर विचार करे कि श्रंगार गौरी संबंधी वाद पर अदालत में सुनवाई हो सकती है या नहीं।

## कांग्रेस 'टास्क फोर्स 2024' की हुई पहली बैठक

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति तैयार करने को लेकर उदयपुर चिंतन शिविर के फैसलों के अनुरूप जिस 'टास्क फोर्स 2024' का गठन किया है उसकी मंगलवार को पहली बैठक हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख तथा पार्टी की 'टास्क फोर्स 2024' के सदस्य



रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कार्य बल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि बल के गठन के तत्काल बाद ही उसके सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में टास्क फोर्स के सदस्य हर 48 से 72 घंटे में एक बार मिलेंगे और पार्टी की मजबूत बनाने को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स 2024 पार्टी की मजबूती के लिए जो भी निर्णय लेंगे उन सब सिफारिशों को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समक्ष रखेंगे। पार्टी नेतृत्व की संस्तुति मिलने के बाद उन सभी मुद्दों को अंतिम निर्णय के लिए सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति के समक्ष रखा जाएगा।

## प्रदूषण के खिलाफ जंग, दिल्ली में अब सभी बसें इलेक्ट्रिक की

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 150 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर कहा कि राजधानी में अब सारी बसें इलेक्ट्रिक की आएंगी। केजरीवाल ने आईपी डिपो से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि 26 मई तक सभी के लिए इलेक्ट्रिक बसों में सफर मुफ्त है। एक महीने बाद 150 इलेक्ट्रिक बसें और आ रही हैं और एक साल में दो हजार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर होंगी। इसके अलावा, 600 से 700 सीएनजी बसें भी आएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ जंग में यह बहुत बड़ी शुरूआत है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें आती जाएंगी, तो प्रदूषण भी कम होगा। इन बसों के लिए तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो का भी उद्घाटन किया गया। अब दिल्ली के बेडे में 7200 बसें हो गई हैं, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे बढ़ी वृद्धि हैं। हमारा मकसद आने वाले दिनों में



दिल्ली के सारे बस बेड़े को इलेक्ट्रिक में बदलना है। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने इलेक्ट्रिक बस के साथ सेल्फी लेकर सेल्फी प्रतियोगिता की शुरूआत की और दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जब भी आप इन बसों में सफर करें, तो एक सेल्फी लेकर उसको #IrideEbus पर अवश्य पोस्ट कर दें। मुख्यमंत्री ने आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के सड़क पर उतरने से मैं भी खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की जनता भी खुश हैं। दिल्ली के लिए आज ऐतिहासिक दिन भी है।


## मनरेगा की तरह शुरू करेंगे शहरी रोजगार योजना : राहुल

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मनरेगा से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को रोजगार मिल रहा है और यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो पूरे देश में शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरु की जाएगी। गांधी ने एक बयान में कहा कि राजस्थान सरकार ने शहरी क्षेत्रों में इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना शुरू की है और कांग्रेस सत्ता में आने पर पूरे देश में शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए 100 दिन की रोजगार गारंटी योजना लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में बेरोज़गारी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



गांव के साथ-साथ शहरों में भी बेरोज़गारी से तबाही मच चुकी है। 45 करोड़ से ज़्यादा लोग नौकरी पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। कांग्रेस सरकार 2005 में 'मनरेगा' लायी थी जिसमे न्यूनतम 100 दिनों का गारंटी काम देकर गांव में बेरोज़गारी की समस्या पर काबू पाया गया। गांधी ने कहा कि जिस तरह गांव में गरीबों को रोज़गार देने के लिए कांग्रेस पार्टी मनरेगा लायी थी, उसी तरह शहरों में बढ़ रही बेरोज़गारी दूर करने के लिए राजस्थान कांग्रेस सरकार 'इंदिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना' लायी है। इस योजना के अंतर्गत शहरों के ज़रूरतमंद परिवारों को मिलेगा 100 दिन का गारंटी रोज़गार। हम देश की जनता के अहम मुद्दों को उठाने और सुलझाने का काम करते रहेंगे। राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में इस योजना को लागू किया जाना चाहिए।



**डेनेक्स की 300 महिलाओं ने केवल 7 दिनों में अपने हुनर से यह कार्य किया**

## सीएम भूपेश ने मां दंतेश्वरी को 11 किमी लंबी चुनरी अर्पित कर विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी का दर्शन कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें ग्यारह किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई और इस तरह से दंतेवाड़ा की डेनेक्स की बहनों का नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज हो गया। इससे पहले नर्मदा मैया को मंदसौर में 8 किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई गई थी। डेनेक्स की 300 महिलाओं ने केवल 7 दिनों में अपने हुनर से यह कार्य कर लिया। जब मुख्यमंत्री अपने हाथों से चुनरी अर्पित करने पहुंचे तो पूरे दंतेवाड़ा शहर में उत्सव सा माहौल था। पूरा शहर इस सुंदर दृश्य को देखने उमड़ आया था। ग्यारह किमी लंबी इस चुनरी के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में





नागरिकों के गहरे उत्साह की जो झलक मिल रही थी। वो अपने आप में अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मावली माता और भैरव जी के दर्शन भी किये। इस दौरान मंदिर परिसर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सुमधुर ध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया था। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि डेनेक्स की महिलाओं ने जो चुनरी बनाई है उससे उनके हुनर को पूरे देश में जगह मिलेगी और इससे उनके काम की ख्याति दुनिया भर में फैलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि हम प्रदेशवासी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमें माई दंतेश्वरी का निरंतर आशीर्वाद और उनकी छत्रछाया मिल रही है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दन्तेवाड़ा से प्रदेश के किसानों को फसल में हुए नुकसान के लिए 297 करोड़ फसल बीमा दावा राशि का ऑनलाइन वितरण किया




**रायपुर** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दन्तेवाड़ा से प्रदेश के किसानों को फसल में हुए नुकसान के लिए 297 करोड़ रूपए की फसल बीमा दावा राशि का ऑनलाइन वितरण किया। राज्य के 1 लाख 44 हजार 966 किसानों को वर्ष 2021-22 में रबी फसलों को हुए नुकसान के लिए मिली दावा राशि।

# बडाँजी में किसान पूरन बघेल के घर भोजन किया पूरन बघेल के परिजनों से भेंट कर उन्हें उपहार दिया





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बडाँजी में किसान पूरन बघेल के घर भोजन किया। यहां उन्होंने आमट, केऊ- कांदा की चटनी, आम की चटनी, जोन्धरा, मड़िया मिक्स पेज, कोलियरी भाजी, देशी चना और कुंदरू की मिक्स सब्जी, कोदो चावल, दुबराज भात, उड़द दाल, हिरवां (कुल्थी) की दाल और सलाद जैसे पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। आज के भोजन में केऊ-कांदा की चटनी विशेष है। जिसका उपयोग स्थानीय लोग पीलिया, सिरदर्द और पेट से संबंधित रोगों के उपचार में करते हैं। भोजन के पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों पूरन बघेल के परिजनों से भेंट की और उन्हें उपहार दिया।

# शांति की ओर लौट रहा है अब बस्तर : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए बस्तर संभाग के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि जब से होश संभाला हूं दंतेवाड़ा की यात्रा कर रहा हूं। महेंद्र कर्मा जी से मित्रता ने मेरे यहां के दौरे बढ़ाएं हैं। उन्होंने कहा कि मैं दंतेवाड़ा आने का कोई अवसर चुकता नहीं हूं। मुझे खुशी है कि दंतेवाड़ा में परिवर्तन दिख रहा है। अब दंतेवाड़ा में लोग आ-जा रहे हैं। आवागमन की सुविधा बढ़ गई है। बघेल ने कहा कि बस्तर अब शांति की ओर लौट रहा है। यहां पुलिस की पेट्रोलिंग भी बढ़ी है। एक समय यहां गोलियों और धमाकों की चर्चा आम थी, लेकिन अब दंतेवाड़ा डेनेक्स और दूसरी चीजों के लिए जाना जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार-वार्ता में कहा कि भेंट-मुलाकात ने नए अनुभव दिए हैं। इस दौरान लोगों ने अपनी भावनाएं साझा की हैं। लोगों की सोच की उड़ान तेज हुई है। हमारी सरकार व्यक्ति के विकास पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और भाईचारे की जगह है। यहां का दंतेश्वरी मंदिर, दशहरा और मुर्गा लड़ाई प्रसिद्ध है। अब लोग खून-खराबे से ऊब गए हैं और शांति की ओर लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने महुआ कलेक्शन का तरीका बदला है। अब महुआ इंग्लैंड जाने लगा है, 116 रूपए में बिक रहा है। लोगों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की व्यवस्था की गई है। आमदनी बढ़ाने के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले लघु वनोपजों की संख्या को सात से बढ़ाकर 65 किया गया है। वनोपजों की अच्छी कीमत मिले, इसके लिए उनका प्रसंस्करण कर रहे हैं। अमचूर और महुआ के मूल्य संवर्धन से इनकी कीमत बढ़ी तो लोगों को ज्यादा कमाई हुई। बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि दंतेवाड़ा जैविक खेती वाला जिला बनने जा रहा है। डेनेक्स के कपड़ों की बिक्री के लिए कल पांचवा एमओयू हुआ है। अब ब्रिटेन और अमेरिका भी कपड़े भेजेंगे। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा में लोगों की आय बढ़ने के साथ आवागमन की सुविधा का विस्तार हुआ है, रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में अभी और काम करने की जरूरत है।



### अगली बार आऊंगा तो केवल आवर्ती चराई के गौठान देखने जाऊंगा : भूपेश बघेल

वनांचल के लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए बस्तर संभाग के दौरे पर निकले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा में जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग को सुराजी गांव योजना के तहत गौठानों के निर्माण के लिए विशेष प्रयास करने कहा। उन्होंने आवर्ती चराई के लिए बड़े-बड़े रकबों में व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अगली बार जब मैं यहां आऊंगा तो केवल आवर्ती चराई के गौठान देखने जाऊंगा। उन्होंने गौठानों के निर्माण में लापरवाही पर वन विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, विधायक देवती कर्मा और विक्रम मंडावी तथा मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने झीरम घाटी के शहीदों को किया नमन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सल हमले में शहीद नेताओं और जवानों को नमन करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। झीरम घाटी के नक्सल हमले में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा सहित कई नेता और सुरक्षा बलों के जवान शहीद हो गए थे। झीरम घाटी शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में बघेल ने कहा है कि झीरम घाटी के शहीदों और विगत वर्षों में नक्सल हिंसा के शिकार हुए सभी लोगों की स्मृति में वर्ष 2020 से 25 मई को हर वर्ष 'झीरम श्रद्धांजलि दिवस' मनाया जाता है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों में नक्सल हिंसा में शहीदों की स्मृति में 25 मई को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए शपथ भी ली जाएगी।



#### युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन को बढ़ावा देने कहा

मुख्यमंत्री बघेल ने समीक्षा बैठक में कहा कि अब दंतेवाड़ा जिले के लोगों के जीवन में परिवर्तन महसूस हो रहा है। लोग शांति की और लौट रहे हैं। व्यक्तिमूलक कार्यों और योजनाओ से यह सब संभव हुआ है। प्रशासन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। शासन की योजनाएं अंदरूनी इलाकों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या केवल पुलिस की समस्या नहीं है। इसे खत्म करने के लिए हम सबको समन्वित प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के बीच शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ रहा है। हमें गांव को यूनिट मानकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। यहां लोगों को लगातार रोजगार मिल रहा है। डेनेक्स, खेती या स्वरोजगार से लोगों के जुड़ने से नक्सली भर्ती में कमी आई है। उन्होंने कहा कि बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और अपनी जीवन शैली के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। पर्यटकों को यहां फिर से आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास के कार्यों पर जोर देना होगा। उन्होंने अनीमिया को खत्म करने के लिए विशेष अभियान संचालित करने की भी बात कही।

# शिक्षा प्रोत्साहन योजना से संभव हुई मनीषा की नर्सिंग की पढ़ाई का सपना पूरा



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की बेटी मनीषा नर्स बनकर करना चाहती है लोगों की सेवा। जीवन में कुछ कर गुजरने की ललक के साथ कटेकल्याण की मनीषा जायसवाल ने नर्सिंग की पढ़ाई करने की ठानी, किंतु परिवार में आर्थिक तंगी उसके सुंदर भविष्य की राह रोके खड़ी थी।

श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत संचालित मेधावी छात्र छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत प्राप्त राशि से मनीषा अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर रही हैं। अपने सपने को पूरा करने की राह पर अग्रसर मनीषा ने इसका श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिया है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान मनीषा ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण, मनीषा की नर्सिंग की पढ़ाई, मात्र सपना बनकर रह गई थी, तब उसके जीवन में बदलाव की बयार आई जब उसे मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। इस योजना के अंतर्गत मनीषा को अब तक 93 हजार रुपए शासन से प्रदान हो चुके हैं, जिससे वो अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर रही है। मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत् कर्मकार मंडल से राशि रू. 5,000 से रू. 1,00,000 तक प्रदान किया जाता है। शुरुआत से ही पढ़ाई के क्षेत्र में उम्दा रहीं मनीषा को मेडिकल क्षेत्र में आगे की पढ़ाई करनी थी। परन्तु पिता रोजी मजदूरी कर, कड़ी मेहनत से दो वक्त की रोटी जुटा पाते थे। ऐसे में मनीषा के लिए नर्सिंग की महंगी पढ़ाई करना असंभव था।

# विस अध्यक्ष महंत ने झीरम के शहीदों को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 25 मई 2013 को नक्सल हमले में शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, पूर्व मंत्री महेंद्र कर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा समेत सभी मृतकों को नमन करते हुये दी श्रद्धांजलि। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, 25 मई वह दिन है जो हर साल अपने साथ एक भीषण खूनी हत्या को याद दिलाती है। देश के सबसे बड़े आंतरिक हमलों में से एक झीरम हत्याकांड और उन सभी शहीदों की स्मृतियां और सार्वजनिक जीवन में किये गये जनहित कार्यों को प्रदेश भूला नही सकता।



# फन वर्ल्ड फेयर मनोरंजन मेले में उमड़ी हर वर्ग की भीड़

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

साइंस कॉलेज ग्राउंड में फन वर्ल्ड फेयर मनोरंजन मेला को बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है. आयोजन में अनेक राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की सैकड़ों वस्तुएं प्रदर्शित की गई है. खाना, खरीदी व मनोरंजन एक साथ स्लोगन को चरितार्थ करते हुए इस आयोजन को छोटे बड़े सभी वर्ग का भरपूर प्रतिसाद मिल रहा है। उपरोक्त जानकारी मेले के संचालक तमन्ना भाई ने दी. उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट, लाइफ स्टाइल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कलकत्ता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बटीक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोवर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वूडन पैंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। बच्चों के मनोरंजन के लिए यहां एक से बढ़कर एक झूले है जिसमें वे ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, चीली झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं. यहां स्वादप्रमियों के लिए फूड ज़ोन भी है जिसमें एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड के स्टॉल है।



# मुख्यमंत्री भूपेश जिस तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहित कर रहे है वैसा फिल्मों में भी हो

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अब हालीबुड और साउथ के तर्ज पर फिल्म बनाने की दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है। एक अपकमिंग फिल्म कुरूक्षेत्र का पोस्टर प्रेस कांफ्रेंस में साई कृष्णा फिल्मस के बैनर तले फिल्म निर्माता रॉकी दासवानी के साथ अतिथियों ने विमोचन किया। मोहन सुंदरानी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन दे रहे है वैसे ही छत्तीसगढ़ी फिल्म में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रचार प्रसार हो ऐसा प्रयास सभी फिल्म निर्माताओं को करना चाहिए। कुरूक्षेत्र में लीड रोल करन खान, दिलेश साहू,ज्योतसना ताम्रकार, पूजा साहू, क्रांति दीक्षि, अजय पटेल आलोक मिश्रा परदे पर एक्शन करते नजर आएंगे। पोस्टर विमोचन के मुख्य अतिथि कबीर शोध पीठ के अध्यक्ष कुणाल शुक्ला ने कहाकि जिस तरह छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी संस्कति, पर्व, खान-पान के पक्षधर है ऐसे ही फिल्मों में भी छत्तीसगढ़ी मिट्टी की खुशबू और अहसास होनी चाहिए जिससे छत्तीसगढ़ी पृष्ठ भूमि से जुड़े रहने का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ महतारी से फिल्मों को मिलता रहे। विमोचन में छत्तीसगढ़ी फिल्म के भीष्म पितामह मोहन सुंदरानी, निर्माता रॉकी दासवानी,निर्माता निर्देशक उदय कृष्ण, सह निर्माता विनय कृष्ण, राज सोनी,सह निर्देशक शांतनु पाटनवार,एसोसिएट निर्देशन एवर ग्रीन विशाल, मीडिया पार्टनर दिलीप पल्लीवार, सहायक निर्देशक अनुपना, मनहर घनश्याम साहू, शशांक व्दिवेदी, अनुपम, डीओपी राजन जायसवाल, संगीतकार पवि पटेल, गीतकार ऋषभ सिंग,डांस मास्टर बाबा बघेल, मेकअप विशाल राउत, स्टील वैभव, कुरूक्षेत्र टीम के विक्रांत, सोमेश, नीरज, विजय, अनिल, लाइन प्रोड्यूसर सुनील साहू उपस्थित थे। सभी वक्तों ने छत्तीसगढ़ी भाषा, रीति रिवाज को फिल्मों में स्थान देने पर जोर दिया।

### उद्यमिता की भावना को बढ़ाने के लिए एक नई दिशा प्रदान करने का प्रयास

# राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान में ओरिएंटशन व डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटशन व डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान रायपुर के विक्रम साराभाई हाल मैं किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ ए एम् रवाणी,निदेशक, राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, रायपुर रहे और अध्यक्षता डॉ सुधाकर पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर, सूचना प्रोद्योगिकी विभाग,क्षेत्रीय समन्वयक, उन्नत भारत अभियान द्वारा की गई । इस कार्यक्रम मैं उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आने वाली प्रतिभागी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभागी संस्थाओं में कोशल उन्नयन और उद्यमिता की भावना को बढ़ाने के लिए एक नई दिशा प्रदान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मैं डॉ सुधाकर पांडे द्वारा सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और डॉ समीर बाजपेयी द्वारा उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम के प्रथम सत्र मैं डॉ जगदीश, असिस्टेंट प्रोफेसर,मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आर सी आई कमिटी सदस्य, उन्नत भारत अभियान ने बताया कि किस तरह बाँस की लकड़ी को महीन टुकड़ों मैं परिवर्तित कर उन्नत किस्म की ईंटें, और लकड़ी के गत्ते बनाएं जा सकते है। इस हेतु बाँस के महीन टुकड़ों, फ्लाईएश और सीमेंट को एक निश्चित प्रक्रिया द्वारा क्रिया कराकर उच्च गुणवता की ईटो मैं परिवर्तित किया जाता है, ये ईंटें आम ईटों की तरह मजबूत और कम लागत मैं बनाई जा सकती है। डॉ जगदीश एठं उनकी टीम के सदस्यों ने ईंटों के निर्माण की प्रक्रिया को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रतिभागी संस्थानों के प्रतिनिधियों के सामने प्रदर्शित किया।

इसके अलावा डॉ जगदीश द्वारा बांस की लकड़ी के प्रयोग से सस्ती टूथपिक् बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई । इसके बाद वित्तीय विशेषज्ञ के रूप मैं आस्था वशिष्ठ कार्यक्रम मैं मौजूद रही । उन्होंने ग्रामीण उद्यमिता के दौरान होने वाली धन संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला और उनके समाधान हेतु सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं के बारे मैं जानकारी दी। इसी प्रकार दूसरे सत्र मैं डॉ अनुपम कुमार तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग, सी वी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर छ ग ने सस्ते और हाथ से बने हुए साबुन, हैंडवाश और फीनाइल् बनाने की विधि बताई। डॉ तिवारी ने सारे प्रतिनिधियों के सामने ही इन चीजों को बना के दिखाया और इनको बनाने मैं उपयोग की जाने वाली सामग्रियों एठं उनकी मात्रा का भी विस्तृत वर्णन किया।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में हरेंद्र बिक्रोल, एसोसिएट प्रोफेसर, एम सी ए विभाग, एन आई टी रायपुर, प्रतिभागी संस्थान समनव्यक, उन्नत भारत अभियान ने उद्यमिता और कौशल उन्नयन के महत्व पर अपने विचार रखे और सभी प्रतिभागी संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके बाद डॉ वंदना अग्रवाल, वास्तुकला विभाग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम केआयोजक सदस्यों मैं डॉ मणिकांत वर्मा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ जगदीश, मेकनिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ वंदना अग्रवाल, वास्तुकला विभाग और सचिन कोटवानी, यूबीए स्टाफ शामिल रहे।

### उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मेड़तारोड़-जोधपुर सेक्शन में

# दोहरीलाइन कार्य के फलस्वरुप गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के अंतर्गत मेड़तारोड़-जोधपुर सेक्शन में खारिया खंगार-पीपाड़ रोड जंक्शन स्टेशनों के मध्य दोहरीलाइन कार्य के कारण नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल से होकर चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा । 15 एवं 22 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जयपुर - अजमेर -मारवाड़ - जोधपुर होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव किशनगढ़, अजमेर, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़ दिया गया है। 11 एवं 18 जून 2022 को जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जोधपुर -मारवाड़ -अजमेर- फुलेरा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन,अजमेर किशनगढ़ दिया गया है।

# जर्जर पुल पर निर्भर है परलकोट की लाइफ लाइन

## ज्ञात हो पखांजूर बान्दे मार्ग जो अति व्यस्त मार्ग है दिन रात दोपहिया वाहन, चार पहिया तथा भारी वाहनों को आना-जाना लगा रहता है

पायनियर संवाददाता ∢ पखांजूर
www.dailypioneer.com



जर्जर पुल पर निर्भर है परलकोट की लाइफ लाइन। ज्ञात हो पखांजूर बान्दे मार्ग जो अति व्यस्त मार्ग है दिन रात दोपहिया वाहन,चार पहिया तथा भारी वाहनों को आना जाना लगा रहता है । जहा पखांजूर बान्दे मार्ग पर अंजलि नाला पर बना यह पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चूका है । यह तक की पुल में जो रेलिंग बना हुआ है।वो भी पूरी तरह से टूट गया है।पुल की स्थिति को देखकर लगता है विभाग का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है । ज्ञात हो अंजली नाले पर बना यह पुल को बने लगभग 50 वर्ष हो चूका । और जानकारों के मुताबिक् यह पुल अब और ज्यादा समय तक चलने की स्थिति में नहीं है । कभी भी इस कमजोर पुल के वजह से कोई बड़ा हादसा हो सकता है । परन्तु लोक निर्माण विभाग को इससे क्या । परन्तु आज तक विभाग का कोई अधिकारी इस में झाककर नहीं देखा । अगर कोई वाहन का संतुलन बिगर जाये तो निश्चित तौर पर वाहन नाले में गिरना तय है । वही अगर पुल की चौड़ाई पर नजर डाले तो एक ट्रक अगर इस पुल से गुजर जाये तो इस पुल से पैदल जाने के लिए भी जगह नहीं बचती । इतने पर भी विभाग का आँख नहीं खुलती ।जबकि 2014/15 में अरबों की लागत से दुर्गकोण्दल से इरपानर तक सड़क निर्माण का कार्य पटेल कम्पनी द्वारा किया गया था और इस पुलिया का निर्माण भी उनको करना था मगर ठेकेदार द्वारा मनमर्जी काम करके चला गया ।जिसका सीधा परेशानी आज क्षेत्रवासियो को हो रहा है।और ठेकेदार अपना काम छोड़ कर चले गए ।इस पुल पर से रोज आवागमन करने वाले लोगो का कहना है की इस पुल पर से गुजरने में हमें डर लगता है । परन्तु क्या करे हमारी मजबूरी इसी पुल से ही आना जाना करना पड़ता है। क्यों की इसके अलावा अन्य कोई भी रास्ता नहीं है।शायद लोक निर्माण विभाग को कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। अगर कही यह पुल कोई बड़ी दुर्घटना का शिकार होता है।तो 200 गाँव का संपर्क पखांजूर मुख्यालय से टूट जायेगा। पुलिया की स्थिति इतना जर्जर होने के बाद भी आज तक शासन प्रशासन से कोइ पहल नही किया गया है। शायद शासन प्रशासन को किसी बड़े हादसा का इन्तेजार कर रहा है। अब यहाँ देखना है कि कब तक शासन प्रशासन इस पुलिया को बनाने का पहल करता है य इसी जर्जर अवस्था मे लोगो का आवगमन होता रहे जबतक को बड़ी दुर्घटना नही होता है।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ने किरंदुल एवं आसपास के ग्रामीणों के जनहित में मुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दन्तेवाड़ा आगमन पर कर्मचारियों, नगरवासियों, परियोजना एवं ग्रामीणों के हितों के लिए सदैव ही तत्पर रहने वाली मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह द्वारा नगरवासियों एवं निकटवर्ती ग्रामीणों के हितार्थ मांगपत्र सौंपा गया, जिस पर मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सकारात्मक आश्वासन मिला है। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा दी गई मांग पत्र में प्रमुख रूप से किरन्दुल में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को शीघ्र पूर्ण करवाने, किरन्दुल एवं बचेली वासियों के लिए पाढापुर स्थित मुक्तिधाम में पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत शवदाह गृह को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने, किरन्दुल परियोजना के कर्मचारियों एवं नगरवासियों के हित में वार्ड क्र. 03.04 एवं 08 से वार्ड क्र. 17, 18 के मध्य स्टील ब्रिज निर्माण कार्य, नगर के वर्तमान जनसंख्या घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए किरन्दुल स्थित शासकीय 30 बिस्तर चिकित्सालय का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने तथा कम से कम 02 शव वाहन उपलब्ध कराने, किरन्दुल स्थित प्रायः समस्त शासकीय विद्यालयों की भवन आदि की वर्तमान स्थिति उपयुक्त नहीं है। अतः उनके जीर्णोद्धार करते हुए कम्प्यूटर प्रोजेक्टर, स्मार्ट क्लासेस, लायब्रेरी, खेल-कूद की समस्त सामग्री एवं फर्नीचर आदि सर्वसुविधायुक्त उन्नयन करने तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शाखा किरन्दुल में उपलब्ध कराने, किरन्दुल से गीदम तक का सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है एवं असुरक्षित है, जिसका मरम्मतीकरण शीघ्र करवाने, किरन्दुल से दंतेवाड़ा तक के सड़क मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करवाने, दंतेवाड़ा जिले के खेल प्रतिभाओं को तराशने एवं उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान के लिए जिले में आवासीय स्पोर्ट्स अकादमी की सुविधा प्रदान करने, जिले में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं युवाओं के रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण हेतु डी.एड., बी.एड., बी.पीएड. आदि कोर्सेस की सुविधायें प्रदान करने, किरन्दुल एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए किरन्दुल में स्थानीय स्तर पर आईटीआई एवं बीएससी नर्सिंग कोर्सेस की सुविधा प्रदान करने, लौहनगरी किरन्दुल में वर्तमान में पेयजल की समस्यायें व्याप्त है तथा यहाँ उपलब्ध पानी में स्वास्थ्य मानकों की दृष्टि से खनिज लवण अपर्याप्त है। अतः बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पेयजल हेतु शबरी नदी से जलापूर्ति की व्यवस्था कराने आदि मांगें शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट एवं ज्ञापन प्रस्तुत करने के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह, संगठन सचिव राकेश लाल सहित यूनियन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 दिनों से हड़ताल डटे हुए हैं केशकाल के वन लिपिक वर्गीय कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ वन लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के बैनर तले केशकाल वनमण्डल के सभी लिपिक वर्गीय कर्मचारी विगत दिनांक 27 अप्रैल से अपने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। लिपिकों की हड़ताल से समूचे वनमंडल के कार्यालयीन कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़ गए हैं। लेकिन शासन प्रशासन एवं विभाग के आला अधिकारियों की ओर से इनकी मांगों को लेकर अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लिपिकों का कहना है कि जब तक हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया जयगा तब तक हमारा यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। तथा इस अवधि में प्रभावित होने वाले कार्यों की जवाबदेही भी शासन प्रशासन की होगी। इस सम्बंध में छ.ग वन लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह गौर ने बताया कि हम लोग विगत कई वर्षो से अपने औचित्यपूर्ण मांगो को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष अनुरोध करते आ रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा संघ की मांगो पर ध्यान न देते हुए मांगो को अब तक लंबित रखा गया हैं। अपने मांगों की लिखित आदेश जारी नहीं न होने से वन लिपिक आक्रोशित हैं। इसलिए हमने यह निर्णय लिया है कि जब तक मांग नही, तब तक काम नही। हमारे हड़ताल को लगभग 28 दिन हो चुके हैं, और जब तक सरकार इस ओर ध्यान नही देती तब तक सभी लिपिक वर्गीय कर्मचारी ऐसी ही अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे।

# सभी की सहभागिता से संभव है क्षेत्र का विकास : विधायक नाग

पायनियर संवाददाता ∢ पखांजुर
www.dailypioneer.com



बड़गांव में अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने बड़गांव क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए 36 गांव के ग्राम पटेल एवं गायता के संग बैठक की । बैठक में ग्राम पटेलो एवं गायताओं के संग विधायक के बीच में विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। विधायक नाग के साथ पटेल और गायता ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लें इस पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने कहा कई ऐसे कार्य हैं जो अब तक रुके हुए हैं। सभी की सहभागिता से यह कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सामूहिक एकता का होना बेहद आवश्यक है। विधायक नाग ने ग्राम पटेल एवं गायताओं से कहा कि देश की आत्मा गांवों में बसती है। गांवों के विकास से ही देश एवं प्रदेश का विकास होगा । कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार सरकार विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित कर ग्रामीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है। विधायक ने गांव का भ्रमण कर यहां किए गए विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। विधायक नाग ने बैठक में कहा कि वे प्रकृति की गोद में बसे इस बड़गांव क्षेत्र में आकर हमेशा प्रसन्नता महसूस करते हैं। यहां के ग्रामीणों के लगाव से वे अभिभूत हैं,साथ ही अंतागढ़ विधायक अनूप नाग आज पुनः परलकोट दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने बांदे में 85 गांवो के ग्राम प्रमुखों एवं ग्राम पटेल संग बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और उनके विचारों को सुना। इस मौके पर उन्होंने सभी प्रमुखों से ग्राम पंचायतों में रुके विकास कार्यों को गति देने और अन्य विकास के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक के साथ सभी ग्राम प्रमुखों एवं पटेल द्वारा गांवो को सुदृढ़ बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर विधायक बैठक में उपस्थित सभी को देखा और सुना। उन्होंने ग्राम पंचायत को सुशासित, साफ और हरा-भरा, गरीबी मुक्त, बेहतर आजीविका, पर्याप्त जलवाला एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव बनाने के लिए ग्राम पंचायत के अलावा गांव के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को भी जरूरी बताया।

**गांव भी शहर का मुकाबला कर सकता है : विधायक नाग-** विधायक नाग ने कहा कि यदि गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ दायित्वों का भी बेहतर तरीके से समझे तो गांव भी शहर का मुकाबला कर सकता है और इसके लिए ग्राम प्रमुखों एवं पंचायत पटेल की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया । विधायक ने कहा इस बैठक का उद्देश्य आप सभी के सहयोग से इस क्षेत्र के सभी गांवो के विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया जाएगा । विधायक ने बताया कि कई गांवों में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराने व अन्य विकास कार्य कराने के लिये कांग्रेस की सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने इससे पहले भी पंचायत सचिवों को निर्देश दिए थे कि किसी भी परिस्थिति में विकास कार्य कराने में कोई कोताही न बरतें।

**सरकार जनता के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध-** विधायक नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार जनता के हित में कार्य करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। तमाम योजनाएं गरीब जनता के लिए चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ आमजन तक गांव गांव तक पहुंच रहा है। सभी की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और कोई भी व्यक्ति इन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में समर कैम्प का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 2 में दिनांक 9 मई से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं।जिसमें संकुल के सभी शालाओं के बच्चों के साथ साथ अन्य बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। समर कैम्प में बच्चों को योगा, रंगोली, मेहंदी, हस्त कला, पोस्टर बनाना, ग्रीटिंग कार्ड, चित्रकारी, क्राफ्ट वर्क, काजबटन, संगीत,नृत्य, खेलकूद, लूडो, सांप सीढ़ी, कैरम, शतरंज, तिरिपसा, रस्सीकूद, रस्सी खींच, बैडमिंटन, पिट्ठूल, भौरा, कुर्सी दौड़, पहेलियां आदि पारम्परिक खेलों को खेला एवं सिखाया जा रहा हैं। एवं आज योग शिक्षक द्वारा बच्चों को सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, प्राणायाम एवं योग के अभ्यास कराया गया।इस दौरान संकुल प्राचार्य उमा ठाकुर, संकुल समन्वयक शंकर चौधरी, शाला प्राचार्य आभा चौहान एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस दिखाने वाले जवान हुए पदोन्नत



पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में हुए नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस दिखाने वाले 02 उप निरीक्षक, 02 प्रधान आरक्षकों और 05 आरक्षकों को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के आदेशानुसार आज दिनाँक 23.05.2022 को सदानंद कुमार, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर ने क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की। उक्त पदोन्नति के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार सेरेमनी हुई जिसमे सदानंद कुमार ने सउनि सुक्कु राम नाग और सउनि महादेव सलाम को उप निरीक्षक पद के लिए तथा प्रआर रामलाल नुरेटी और प्रआर गुत्तेश्वर कुपाल को सउनि पद पर पदोन्नति के लिए स्टार लगाकर तथा सर्व आरक्षक उमेश हुपेंडी, रामलाल मरकाम, रामकुमार दर्रो, सुकमन सलाम और लक्ष्मण दुग्गा को फित्ति लगाकर पदोन्नति दी। स्टार सेरेमनी के दौरान आईपीएस पुष्कर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स एवं डीएसपी विनय साहू, डीआरजी सहित पदोन्नति प्राप्त करने वाले जवान मौजूद रहे।

# हसदेव बचाओ का संदेश लेकर छत्तीसगढ़ भ्रमण पर निकले बृजराज रजक पहुंचे केशकाल

पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में कोल ब्लॉक शुरू करने के लिए विगत दिनों राज्य सरकार द्वारा अनुमति दे दी गयी है। इसके कारण क्षेत्र में लगातार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और भूमि अधिग्रहण भी शुरू कर दिया गया है। इस कारणवश ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों के विरोध में समूचे प्रदेश में अलग अलग प्रकार से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में हसदेव बचाव अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बिलासपुर निवासी युवक बृजराज रजक पैदल और लिफ्ट लेते हुए छत्तीसगढ़ भ्रमण पर निकले हैं। मंगलवार को बृजराज लिफ्ट लेकर केशकाल पहुंचे इस दौरान उन्होंने नगर के दुकानदारों एवं राहगीरों से मिल कर हसदेव बचाव अभियान के बारे में जानकारी देकर इसके विरोध में अपनी आवाज बुलंद करने का आग्रह किया, ततपश्चात वह लिफ्ट लेकर जगदलपुर के लिए रवाना हुए। पायनियर प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान बृजराज रजक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य को कोल ब्लॉक आबंटन के लिए अडानी पॉवर को दे दिया गया है, जिसमें साढ़े 4 लाख पेड़ों की कटाई एवं बड़ी संख्या में जंगली जानवरों के आस्तित्व के साथ-साथ आदिवासियों के मानवीय जीवन पर प्रभाव पड़ने वाला है। इसलिए हसदेव बचाव का सन्देश लेकर पैदल और लिफ्ट लेते हुए प्रदेश का भ्रमण कर रहा हूं। इस यात्रा में मुझे लोगों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया और सहयोग मिल रहा है। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर मैं अपनी यात्रा के दौरान रास्ते में मिलने वाले सभी लोगों से बातचीत करते हुए हसदेव अरण्य के बारे में जानकारी देते हसदेव बचाओ आंदोलन में सहयोग करने का आग्रह कर रहा हूं।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने दिया एकदिवसीय धरना

पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल/विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भूपेश सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप लगाते हुए 5 सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की टीम द्वारा सोसायटियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को बडेराजपुर ब्लॉक मुख्यालय विश्रामपुरी स्थित सहकारी समिति मर्यादित परिसर के समक्ष भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंजोरी नेताम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। साथ ही तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम पांच सूत्रीय मांगो से सम्बंधित ज्ञापन सौंपने के पश्चात यह धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**तमाशबीन बनी हुई है भूपेश सरकार- अंजोरी नेताम-** इस दौरान किसान भाजपा मोर्चा कोंडागांव के जिलाध्यक्ष अंजोरी नेताम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। सैकड़ों किसान आत्महत्या कर चुके हैं, और सरकार तमाशबीन बनी हुई है। एक ओर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों को यूरिया खाद 625 रुपए में दे रही है, वहीं प्रदेश सरकार किसानों को अमानक और घटिया खाद मिला गोबर लेने के लिए प्रति एकड़ 3 बोरी के 1000 रुपए क्रिंटल से अधिक में लेने के लिए मजबूर कर किसानों को लूटने का काम कर रही है।

**राज्य सरकार की गलत नीतियों से किसान परेशान- सेवकराम नेताम-** पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने कहा कि भूपेश सरकार किसान को धोखा दे रही हैं। प्रदेश सरकार यदि अपने आपको किसानों के हितेषी समझ रहा है तो जल्द से जल्द वर्मी कंपोस्ट के रूप में अमानक खाद को लेने की बाध्यता समाप्त करें। राजीव गांधी न्याय योजना के अंतिम किस्म में कटौती का पूरा राशि जारी करे, घोषणा पत्र में पिछली सरकार का दो वर्ष की किश्त किसानो के खाते में जल्द जमा करे। गिरदावरी के नाम पर किसानो का रकबा में कटौती को बंद कर प्रति एकड़ 15 क्रिंटल धान खरीदी करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवराम सलाम, किशन पांडे, पुनीत दास मानिकपुरी, दुखाराम मरकाम जिला, सुरेंद्र मरकाम, ईश्वर नारायण बैस, रविंद्र पांडे, जीवनदास मानिकपुरी, संग्राम मरकाम, सुदर्शन सेठिया, लखन नेताम, मंगाऊ चक्रधारी, गौरव शार्दुल समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# दो माओवादी ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुंदरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप के दिशा निर्देशन में क्षेत्र में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् जाटलूर एरिया कमेटी के सीएनएम सदस्य मंगलू मुहंदा उर्फ राजेश पिता मालू मुहंदा उम्र 25 वर्ष निवासी जारवा थाना बेदरे जिला बीजापुर एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत जप्पेमरका मिलिशिया प्लाटून सदस्य बामन पोड़ियामी पिता मड्डा पोड़ियामी उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पटेलपारा जप्पेमरका थाना मिरतुर जिला बीजापुर को पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय , अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0पंकज शुक्ला, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

**मंगलू मुहंदा उर्फ राजेश पिता मालू मुहंदा-** माओवदी संगठन में कार्य वर्ष 2007 में बाल संघम के रूप में संगठन में भर्ती किया गया । 2007 से 2012 तक बाल संघम के रूप में कार्य किया । वर्ष 2013 में माड़ डिविजन अन्तर्गत जाटलूर एरिया कमेटी अन्तर्गत डीएकेएमएस एरिया कमेटी सदस्य के रूप में पदोन्नत किया गया। वर्ष 2013 से 2015 तक कार्य करने के पश्चात वर्ष 2016 में जाटलूर एरिया कमेटी सीएनएम सदस्य का कार्य दिया गया । सीएनएम सदस्य के रूप में फरवरी 2022 तक कार्य किया । वही नक्सली घटनाओं में वर्ष 2021 में गढ़चिरोली क्षेत्र के भामरागढ़ ईलाके मे पुलिस एवं माओवादियों के बीच हुए मुठभेढ़ में शामिल ।बामन पोड़ियामी पिता मड्डा पोड़ियामी माओवदी संगठन में वर्ष 2008 में जप्पेमरका के बाल संघम के रूप में संगठन में भर्ती किया गया, 2008 से 2010 तक बाल संघम के रूप में कार्य किया । वर्ष 2011 में बाल सगंठन का अध्यक्ष के रूप में कार्य दिया गया । वर्ष 2011 से 2012 तक बाल संगठन अध्यक्ष का कार्य किया । वर्ष 2015 में जप्पेमरका मिलिशिया प्लाटून सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई।

# गौधन न्याय योजना का हो रहा है सतत विस्तार,वर्मी कम्पोस्ट के बाद कैदियों ने किया जेल के भीतर मशरूम का उत्पादन





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना गौधन न्याय एवं सुराजी गांव योजना का दायरा अब जेल तक पहुँच गया है। जिला मुख्यालय स्थित उपजेल में कैदियों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के बाद अब मशरूम का भी उत्पादन होने लगा है। एक सप्ताह में मशरूम की पहली खेप निकल जाने की उम्मीद है। वर्तमान में एक छोटे से बैरक में इसका उत्पादन किया जा रहा है आने वाले दिनों में कुछ खाली पड़े बैरकों में भी मशरूम उत्पादन कार्य का विस्तार किया जायेगा। साथ ही इसके अतिरिक्त क्रेडा द्वारा 6 लाख 30 हजार रुपये का बायो गैस लगाने की तैयारी अंतिम चरण में है। जिसका उपयोग यहां पर खाना बनाने में किया जाएगा। साथ ही जेल के भीतर ही अतिरिक्त बैरक में 10 बिस्तर का अस्पताल एवं डॉक्टर के लिए कक्ष को तैयार कर लिया गया है। जहां पर मरीजों को प्रारंभिक स्वास्थ्य की चिकित्सा हर समय उपलब्ध रहेगी। कलेक्टर डोमन सिंह ने जेल का निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लेते हुए सुधार संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होने वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन स्थल मशरूम उत्पादन स्थल,पोषण वाटिका, गोबर गैस प्लांट, हॉस्पिटल के कार्यों का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश पर जेल के भीतर कैदियों को भी स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें वर्मी कंपोस्ट निर्माण, मशरूम उत्पादन एवं अन्य रोजगार मूलक गतिविधियों को प्रारंभ की गयी हैं। इसके तहत प्रथम चरण में 40- 40 चयनित कैदियों को वर्मी कंपोस्ट एवं पोषण बाड़ी निर्माण का प्रशिक्षण सतत रूप से दिया जा रहा है। इन्हीं कैदियों के द्वारा ही परिसर में ही अस्थायी टैंक द्वारा वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया गया है। साथ ही बाड़ी विकास के तहत पोषण वाटिका में साग भाजी का भी रोपण करनें की तैयारी की जा रही है। इस कार्य के पहले चरण में मिट्टी का पटाव कर उसमें प्रारंभिक तैयारी अब पूरी कर ली गयी है। वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं पोषण बाड़ी का प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। साथ ही मानसून के समय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा जेल के चारो तरफ ब्लॉक प्लांनटेंशन का भी कार्य करवाया जायेगा। जिससे सुरक्षा एवं अतिरिक्त भूमि पर फलदार पेड़ लगाएं जाएंगे। परिसर के बाहर खाली पड़ी जमीन पर पशु पालन विभाग द्वारा चारागाह विस्तार हेतु नेपियर घास लगाने की तैयारी की जा रही। इन सभी कार्यो में सुरक्षा व्यवस्था को भी पूरी तरह नजर रखा जा रहा है। सहायक जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश एवं सतत मार्गदर्शन से गौधन न्याय योजना के तहत गतिविधियों को प्रारंभ किया गया है। मुझे बेहद खुशी है की इसके अब सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहें है। मानसिक स्थिती में सुधार- मनोचिकित्सक डॉ राकेश प्रेमी ने बताया कि कैदियों को ऐसे प्रशिक्षण एवं कार्यो में लगाने से सकारात्मक सुधार उनके व्यवहार में होता है। उन्हें डिप्रेशन से बचाव एवं अच्छे इंसान बनने में मदद मिलती है। इस निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर बजरंग दुबे, उपसंचालक कृषि टोप्पो, सहायक संचालक सतराम पैकरा, सीएमएचओ डॉ.महिश्वर, सीईओ अनिल कुमार, उद्यानिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# तीन दुश्मन है काम क्रोध और लोभ : डिग्रीलाल

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



दुगार्पाली में आयोजित रामायण कथा में छत्तीसगढ़ चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नँद पहुंची। ग्राम प्रमुखों से चर्चा उपरांत ग्राम की समस्याओं से रूबरू हुई और उनकी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुचा कर निराकरण करने का आस्वासन दिया नँद ने आगे कहा की मनुष्य के तीन दुश्मन है काम क्रोध और लोभ जो मनुष्य इन तीनों चीजो को अपने वश में कर लेता है वह चारों धाम को जीत लेता है। इसके विपरीत जो मनुष्य इन तीनों के वश में आ जाता है उसका सर्वनाश निश्चित है। आगे उन्होंने कहा की भगवान की भक्ति भी उसे ही मिलती है जो इन तीनों चीजो को अपने वश में कर लेता है। तो साथियों आज से हम संकल्प लेंगे की नशा पान नही करेंगे पर स्त्री पर नजर नही डालेंगे और दूसरे की संपत्ति का लालच नही करेंगे तभी जाकर सदगति मिलेगी कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रूपलाल नंद महिला अध्यक्ष केंवरा उदय चौहान प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान सलाहकार जयकुमार चौहान हेमंत चौहान और चमन चौहान तथा लवकुमार पटेल और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सरकार की महत्वांकाक्षी योजनाओं की दी गई जानकारी



**भंवरपुर।** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण सीता पटेल एवं महिला जिला सचिव दीपांजलि बारिक के आदेशानुसार ग्राम उड़ेला में महिलाओं से मिलने पहुंचे महिला कांग्रेस भंवरपुर ब्लॉक अध्यक्ष फूलो चौरसिया उन्होंने सभी महिलाओं को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में हमेशा सभी को यथोचित सम्मान दिया जाएगा सरकार की महत्वकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देकर सभी महिलाओं को सम्मान किया। नारी शक्ति के बारे में बताया माता के रूप में नारी धरती पर अपने सबसे पवित्रतम रूप में है माता को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया। महिलाओं को हमेशा सम्मान हो सब साथ मिलकर काम करेंगे कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

# ग्राम खौना और देवगाओ में दो दिवसीय राजस्व शिविर



**तिल्दा नेवरा।** 23 और 24 मई को जिला रायपुर तहसील -खरोरा के ग्राम- खौना और ग्राम देवगाओं में कलेक्टर द्वारा निर्देशित राजस्व शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणो के राजस्व सम्बंधित प्रकरणो का निराकरण किया गया एवं दोनो गांव के लगभग 600 ग्रामीणो का आय एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र बनाया गया एवं जाति प्रमाण पत्र हेतु फ़ॉर्म भरवा कर तहसील को प्रेषित किया गया, शिविर से लाभान्वित ग्रामीणो में हर्ष व्याप्त है एवं ग्रामीणो ने शिविर के लिए आभार व्यक्त किया। राजस्व शिविर में तहसीलदार (खरोरा) कृष्णा कुमार साहू, राजस्व निरीक्षक जनार्दन सिंह, पटवारी (खौना) आदित्य शुक्ला उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



विकासखंड तिल्दा के B.N.B.शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में 3 दिवसीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यशाला विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन, B.N.B.प्राचार्य आर. के. चंदानी जी व वि. ख. त्ति केंद्र समन्वयक एस. के. शर्मा के पावन आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। मास्टर ट्रेनर नीलम शर्मा A.B,E.O व मो. रफीक खान थे। इस कार्यशाला में वि. ख. के सभी 39 संकुल समन्वयक व सभी माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो से व्याख्याता उपस्थित थे।

वि. ख. शिक्षा अधिकारी जी ने अपने उद्बोधन मे विभिन्न आपदाओं को अच्छे से समझने व अपने साथ-साथ अपने विद्यालय के बच्चो व अपने आस पास के सभी व्यक्तियों का बेहतर तरीके से सहयोग करने की बाते कही।इस दौरान मास्टर ट्रेनर शर्मा मैडम जी दुवारा शाला सुरक्षा तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई हर वर्ष सांप काटने से होने वाली मृत्यु को कैसे रोक सकते है, मधुमक्खी के काटने पर क्या करें, कुत्ते के काटने पर क्या करें ऐसे विभिन्न आपदाओ से निपटने के उपाओ पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

द्वितीय दिवस NDRF की टीम भिलाई से आई हुई थी उन्होने पानी से संबंधित सावधानियां, जल संरक्षण के प्रत्येक पहलुओं को व आग लगने पर उसे कैसे बुझाया जा सकता हैं, एक्सीडेंट की स्थिति मे मरीज की जान कैसे बचाए, पल्स कैसे जांच करे, हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज की सुरक्षा इन सभी पहलुओं पर विस्तार से बहुत ही अच्छे ढंग से प्रदर्शन कर बताया गया। कार्य शाला के अंतिम दिवस मास्टर ट्रेनर नीलम शर्मा ने सुरक्षित स्पर्श व असुरक्षित स्पर्स के बारे में पूरे सत्र भर विस्तृत चर्चा की साथ ही सभी समन्वयको व व्याख्याताओं से अपने अनुभवों को भी साझा करने की बाते कही। 3दिवसीव कार्यशाला के समापन अवसर पर भी वि, ख, शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन जी,BNB प्राचार्य आर. के. चंदानी जी व वि. ख. त्ति केंद्र समन्वयक एस. के. शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कोहका नेवरा महाविद्यालय में राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका नेवरा में 10 लाख रुपयों की लागत से बनने वाले आहता निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। यहां बताना लाजमी होगा की महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बनते ही लक्ष्मीनारायण वर्मा ने उक्त निर्माण कार्य के लिए राज्यसभा सांसद छाया वर्मा से राशि स्वीकृत करवाई जहां राज्यसभा सांसद मद से उक्त राशि ग्राम पंचायत कोहका आई व आज उसका भूमिपूजन में राज्यसभा सांसद उपस्थित हुई। राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय के विकास कार्यो के लिए कोई कमी नहीं होगी। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर के अध्यच देवा दास टंडन, कोहका के सरपंच सहदेव कुर्रे, सरपंच प्रतिनिधि ललित कुर्रे, सभापति प्रदीप अग्रवाल, जनभागीदारी समिति के सदस्य दिलीप वर्मा, प्रशांत गुप्ता, आशीष गोयल, नवीन अग्रवाल, प्रमोद वर्मा, सीनोधा सरपंच लक्ष्मण गिरी, आदि सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ व भारी संख्या में गणमान्यजन आदि उपस्थित थे। इसके पहले राज्यसभा सांसद छाया वर्मा का प्रभारी प्राचार्य दीवान व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लष्मीनारायन वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने लैब आदि का निरीक्षण भी किया।

# देशी मदिरा व बियर के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता < सिमगा
www.dailypioneer.com

पुलिस ने शराब तोचियो के खिलाफ अभियन चलाकर एक कोचिया को गिरफ्तार कर उसके पास से शराब जब्त किया है। आरोपी से 33 पाव देशी मदिरा मसाला शराब एवं 04 नग बियर जुमला 8.540 बल्क लीटर एवं एक बाइक जुमला कीमत 44470 रूपये जप्त किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक डी के मारकण्डेय थाना सिमगा के मार्ग दर्शन में समस्त अधिकारी/ कर्मचारी को थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब जुआ, सट्टा पर सक्त कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया था जिसके तारतम्य में 22मई को थाना सिमगा के प्रआर.44 जागेश्वरी वर्मा, आर.377, 732, 610 देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे कि मुखबीर से सूचना मिला कि ढेकुना ओव्हर ब्रिज के नीचे ग्राम लिमतरा निवासी मनोज कुर्रे अपने बाइक के डिक्की मे शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के घेराबंदी कर रेड किया कि मनोज कुर्रे पिता संतराम कुर्रे उम्र 34 साल साकिन लिमतरा थाना सिमगा का अपने बाइक के डिक्की के अंदर एक सफेद थैला में 33 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल. भरी हुई कीमती 3630 रूपये एवं 10000 बियर प्रत्येक में 650 प्रूफ शराब भरी हुई जुमला 8.540 बल्क लीटर कीमत 840 रूपये जुमला कीमत 4470 रूपये रखे मिला जिसे अवैध शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में लिखित दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया जो वैध कागजात नहीं होना लिखित में दिया आरोपी के उक्त 33 पाव देशी मदिरा मसाला शराब एवं 04 नग बियर बाटल तथा एक मोटर सायकल जुमला कीमत 44470 रूपये को समक्ष गवाहों के मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी का उक्त कृत्य अपराध घटित करना पाये जाने से समय सदर में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# अपना बूथ सबसे मजबूत कार्य विस्तार योजना के तहत भाजपाइयों का जन चौपाल

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला भाजपा महासमुन्द के निर्देशानुसार 5 मई से 20 मई की अवधि में कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी कार्य विस्तार योजना का क्रियान्वयन तय किया था. इसी इसी योजना विस्तार के तहत सरायपाली विधानसभा के अन्तर्गत भाजपा मंडल भंवरपुर के शक्ति केन्द्र सलखण्ड अन्तर्गत बूथ व ग्राम में कार्य विस्तारक के रूप में पहुंचे प्रमोद कुमार सागर अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा सरायपाली के द्वारा चन्द्रकुमार पटेल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सरायपाली, भवानी शंकर चौधरी पूर्व मंडी अध्यक्ष सरायपाली, विद्याचरण चौधरी मंडल अध्यक्ष भंवरपुर, करुणाकर उपाध्याय जिला संयोजक आईटी सेल महासमुन्द, कृष्णकुमार नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवरपुर, संजय डडसेना मंडल अध्यक्ष केदुवां, अरुण विशाल, पंकज विशाल, अर्जुन प्रधान, अमृत साहू, डमरुधर चौधरी, निराकार पटेल, गुलाब किशोर स्वर्णकार, सत्यानंद बरिहा, कमलेश साहू, गोविन्द राम बरिहा, रामलाल प्रधान, सुरेन्द्र प्रधान, सुन्दर दीवान, कुबेर नायक, दयालाल पटेल, मिथुन पटेल, नरेश तिवारी, जगदीश पटेल, रामसिंह नेगी, बाबूलाल पटेल, सुशील पटेल और जेष्ठ, श्रेष्ठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ शक्ति केन्द्र प्रभारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ पालक, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, व बूथ कार्यकारिणी की बैठक लेकर कार्यक्रमों के विषय में उपस्थित ग्रामीण जनों को अवगत कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई. जनसम्पर्क के दौरान विभिन्न ग्रामों के ग्रामवासियों की समस्या के निराकरण हेतु चर्चा की गई. इसके साथ ही प्रमोद कुमार सागर जी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्ष की नाकामी को उजागर किया गया और केन्द्र सरकार द्वारा जनहित एवं किसानों की उन्नति हेतु किये जा रहे कार्यों की सराहना की और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आठ साल में किये गए जनकल्याणकारी योजना व फैसले को जन-जन तक पहुंचाया गया, जिसमें प्रमुख रूप से जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, पीएम आवास योजना, आयुषमान भारत योजना, मुक्त अन्न योजना, मुक्त वैक्सीनेशन अभियान, सामाजिक सुरक्षा योजना, अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा सहित अन्य विभिन्न केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों को बताया गया. भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित श्री कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी कार्य विस्तार योजना के तहत प्रमोद कुमार सागर जी द्वारा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र व अंतिम छोर पर बसे जंगल के ऊपर स्थित ग्रामों का भी सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात किया, जिसमें प्रमुख रूप से बम्हनीद्वार, सहजपानी, कापूकुण्डा, अर्तुण्डा, बनडबरी बी, बरतियाभांठा, उमरिया, ठुठापाली, जोगनीपाली, सानपंधी, मुड़पहार, मेढ़ापाली, हरिलछापर, भंवरपुर, लखनपुर, बिलाईगढ़, कोयलारीडीह आदि गांवों में सक्रिय रूप से जनसम्पर्क किया. सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में आयोजित बैठक में सायबर विस्तारक पदाधिकारियों के साथ अपना बूथ सबसे मजबूत की परिकल्पना को सकार करने में प्रमोद कुमार सागर ने अनेक गांवों में पहुंचकर सत्यापन सहित मोदी जी के जनकल्याणकारी कार्यों का बखान व कांग्रेस सरकार के विफलता को उजागर करते हुए सविस्तार ग्रामीणों को समझाया और आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने को कहा।

कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

# जिला हॉस्पिटल में पोषण पुनर्वास केंद्र जल्द ही,विकासखंड स्थित छात्रावासों में लगेगा गोबर गैस प्लांट

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करते हुए जिला हॉस्पिटल बलौदाबाजार में कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। जिससे कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को कुपोषण से बचाने में काफी मदद मिलेंगी। साथ ही उन्होंने विकासखंड मुख्यालयों में स्थित आदिवासी छात्रावासों में एक एक गोबर गैस प्लांट लगाने के निर्देश क्रेडा एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उक्त गोबर गैस का उपयोग छात्रावासों में खाने बनाने में वैकल्पिक ईंधन के रूप में किया जाएगा। साथ ही आज उन्होंने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि राजस्व एवं पंचायत विभाग के कार्य अधिक लंबित रहतें है। सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी ऐसे कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए समय सीमा के भीतर आवेदनों को निराकारण करनें के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इस कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री का जिले में भ्रमण तय है। इस दृष्टि से शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले योजनाओं का क्रियान्वयन शत प्रतिशत हो उसकी जिम्मेदारी सम्बंधित जिला अधिकारियों की होती है। इस कार्य मे जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना,पौनी पसारी,श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना,गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान,महतारी दुलार योजना, वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानो को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। हमें इस हिसाब से भविष्य की योजना बनाकर समय सीमा के भीतर क्रियान्वयन करना होगा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म



**तिल्दा-नेवरा।** नाबालिक को शादी का झांसा देकर भगाकर उनके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ले एक युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी अनुसार 3 दिन पहले तिल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सरोरा से एक नाबालिक के लापता हो जाने की रिपोर्ट उनके परिजनों के द्वारा तिल्दा थाने में दर्ज कराई गई थी। उसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच पता चला कि उसे पास के गांव सकरा में रहने वाला एक युवक भगा कर ले गया है। उधर नाबालिग को भगा कर ले जाने वाला युवक शादी का झांसा देकर उसे पत्नी बनाकर साथ में रखकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। लगातार तलाश कर रही, पुलिस को युवक के ठिकाने का पता चला तो ए.एस आई शंकर लाल वर्मा के नेतृत्व में टीम ने छापा मार कर आरोपी पुरुषोत्तम विश्वकर्मा से नाबालिक को बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिक को उनके माता-पिता को सौंप दिया। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और जबरदस्ती उनके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 366.. 376के साथ पास्को एक्ट की धारा 4-6 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शराब कोचिया से 30 लीटर हाथ भट्ठी शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com




पुलिस चौकी भंवरपुर द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश देने पर ग्राम भंवरपुर में शिवनाथ देवांगन पिता भागीरथी देवांगन उम्र 23 वर्ष निवासी भंवरपुर के घर खुला आंगन से एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर सफेद झिल्ली में भरी करीबन 30 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती करीबन 6 हजार रूपये को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर मौके पर सीलबंद कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी शिवनाथ देवांगन का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी नसीम उद्दीन खान, प्रधान आर.जनकराम उरांव आर. गोपाल साहू, देवेंद्र साव, महिला आरक्षक जम्बू पटेल का विशेष योगदान रहा।

## कर्मचारी चयन आयोग भर्ती के लिए आवेदन

**दुर्ग।** भारत सरकार, कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चयन पद परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 जून 2022 तक है। यह परीक्षा अगस्त 2022 तक मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न केन्द्रों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आयोग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक तिथि में संशोधन

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक की तिथि में संशोधन कर, अब बैठक 27 मई को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल विभाग और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# जनदर्शन में हितग्राहियों ने उठाया विद्युत विभाग और नगर निगम की अनदेखी का मामला

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

ग्राम राखी के कृषक खरीफ की फसल को लेकर अभी से चिंतित हैं। कृषकों ने कलेक्टर के समक्ष इसी चिंता को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया है। कृषक मौसम आधारित वर्षा पर निर्भर नहीं रहना चाहते, इसलिए उन्होंने अपने खेतों में पानी मोटर पंप को चलाने के लिए विद्युत विभाग एक वर्ष पूर्व ट्रांसफार्मर के लिए आवेदन लगाया था। विभाग को पोल लगाकर बिजली का कनेक्शन आवेदकों को मुहैया कराना था।

आवेदक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत केंद्र जामगॉव (एम) में उन्होंने 2021 में आवेदन किया था और विभाग द्वारा वांछित दस्तावेज व 24,430/- रूपए की राशि जमा भी की थी। लेकिन अभी तक न तो बिजली के पोल लगे हैं और न ही ट्रांसफार्मर। बिजली



कंपनी द्वारा बताई गई सभी प्रक्रियों करने के बाद भी विभाग की निष्क्रियता से हम आने वाली फसल को लेकर चिंतित हैं। इसलिए आवेदक ने कलेक्टर से निवेदन किया कि शीघ्र से शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली पोलों के माध्यम से उन्हें विद्युत मुहैया कराई जाए ताकि वह सुनिश्चित होकर बेहतर खेती कर सकें और केवल वर्षा के जल पर निर्भर न रहें। कलेक्टर ने प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रेषित किया।

इसी क्रम में ग्राम ढौर की महिला ने भी अपने परिवारिक कलह से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसमें उसने बताया कि उसका पति जो कि गोंडपेण्ड्री का निवासी है, ने उसे तलाक दिए बिना किसी दूसरी स्त्री के साथ विवाह कर लिया है जो कि कानून की दृष्टि से अपराध है इसलिए महिला चाहती है की उसके पति के खिलाफ विधि अनुरूप कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने आवेदन पुलिस विभाग को प्रेषित किया।

# नागरिको को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना हमारा दायित्वः विधायक, महापौर

■ **पेंशन से संबंधित प्रकरण का मौके पर ही निराकरण बुजुर्गों के चेहरे खिले**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

आम नागरिको को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व उनकी समस्याओ के निराकरण के लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसी परिपेक्ष्य में बम्लेश्वरी गार्डन वार्ड क्रमांक - 24 में समाधान शिविर का आयोजन हुआ । इस अवसर पर नए राशन कार्ड धारियों को विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल एवम उपस्थित जन प्रतिनिधियों के द्वारा मौके पर ही अपने हातो से हितग्राहियों को वितरित किया एवं इस अवसर पर उन्होंने शासन के द्वारा निर्धारित 13 अन्य बिन्दुओ के योजनाओं के बारे में बताया । इस शिविर में निराश्रित पेंशन, आबादी पट्टा, आवास योजना, साफ-सफाई व्यवस्था विद्युत व्यवस्था के साथ ही अन्य समस्याओं का समाधान इस शिविर



के माध्यम से किये जाने की जानकारियां दी गई। शिविर स्थल में समस्याओं को लेकर लोगो का संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मार्ग दर्शन किया एवम त्वरित निराकरण की पहल की गई। इसमें नवीन राशन कार्ड बनाने व लंबित निराश्रित पेंशनो का जिसमे हितग्राहियों के खाते में पैसा भेजने की जानकारी देने के साथ ही मौके पर आवेदन पत्र का निपटारा किया गया। शिविर में विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल राज्य राज्य पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, एम.आई.सी. सदस्य सत्यवती वर्मा, संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया पार्षद राजकुमार नारायणी, नरेश तेजवानी, मीना सिंग सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा वार्ड के नागरिको का मार्ग दर्शन किया। शिविर के नोडल अधिकारी के जानकारी के अनुसार समस्याओ के निराकरण के लिए आज कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे मांग हेतु 93 एवं समस्या से संबंधित 5 आवेदन, प्राप्त हुए । जिसमें से आबादी पट्टा के लिए 36 तथा पेयजल व साफ-सफाई तथा पेंशन संबंधित 7 आवेदन पत्रो का मौके पर ही खाते में पैसा जमा होने की जानकारी देकर आवेदनो का निराकरण किया गया प्राप्त आवेदनो में जो आबादी पट्टा से संबंधित आवेदनो को संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। नये राशन कार्ड हेतु 17 आवेदनों को खाद्य विभाग को प्रेषित किया गया । कल दिनांक 24 मई 2022 को वार्ड क्रमांक 27, 28 एवं 29 के नागरिको की समस्या के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा । यह शिविर यादव छात्रावास पचरीपारा वार्ड क्रमांक - 28 में आयोजित है।

## जन सहयोग से धूम्रपान पर लगाया जाएगा लगाम

**दुर्ग।** धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा ताकि जनसामान्य में धूम्रपान के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। इसलिए जिला प्रशासन द्वारा समस्त विभागों नगरी निकाय जनपद पंचायतों अनुदान प्राप्त शैक्षिक संस्थाओं व भारत माता वाहिनी समिति को धूम्रपान की प्रवृत्ति और दुष्परिणामों के विरुद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है।

31 मई अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस को जन सहयोग से कोविड-19 के जारी निर्देशों का पालन करते हुए इस दिन जन सहयोग के माध्यम से तम्बाखू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी समुदाय में प्रचारित करना,सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार,नशामुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, विषयांतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति हेतु रैली प्रदर्शन तथा साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयान्तर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का जनहित में निःशुल्क प्रसारण,योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा इससे होने वाले लाभ पर व्याख्यान जैसे कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया समर कैम्प का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैम्प ''चाहतों की उड़ान'' का शुभारंभ कलेक्टर चन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कलेक्टर चन्दन कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैम्प के माध्यम से अपने छुट्टियों को आनंदमयी बनाने के साथ-साथ अपने अंदर के बाल कलाकार को एक नये आयाम देवें ताकि भविष्य में इसे याद रखा जा सके। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि समर कैम्प का आयोजन समय-समय पर विद्यालयों में आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। समारोह को जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू ने भी संबोधित किया।

समर कैम्प के संयोजक संजीत वास्तव ने अतिथियों के स्वागत, भाषण में समर कैम्प के प्रतिवेदन का वाचन किया। इस दौरान विद्यार्थी आर्ट एंड क्राफ्ट ड्राईंग एवं पेन्टिंग वेस्ट मटेरियल से बेस्ट चीजों का निर्माण, संगीत के अंतर्गत गायन एवं लोक नृत्य एवं वेस्टन डांस तथा कम्प्यूटर के बेसिक ज्ञान के प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। प्रशिक्षक एवं मास्टर




ट्रेनर्स के रूप में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय के शिक्षकों की सेवाएं ली जावेगी।

जिला प्रशासन के द्वारा समर कैम्प में विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोजन के साथ-साथ समर कैम्प में प्रयोग में लाई जाने वाली समस्त सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। विद्यार्थियों से अतिथियों के सम्मान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी समृद्धि गजबल्ला, जानवी रजक, चंचल करायत, विभूति साहू, पल्लवी जैन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संचालन स्वाती मानेक एवं गिरिश मण्डावी ने किया। इस अवसर पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन समन्वयक आनंद गुप्ता, प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, आकांक्षी जिला के शिवम मिश्रा सहित प्रतिभागी के पालकगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कोल ब्लॉक के विस्तार के नाम पर काटे जा रहे जंगलों पर रोक लगाने की मांग



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल ब्लॉक के विस्तार के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई मंजूरी को तत्काल रद्द करने की मांग बहुजन समाज पार्टी के द्वारा किया गया है इस संबंध में अपर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें बताया गया है कि कोरबा सरगुजा और सूरजपुर जिले में लगभग 17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हसदेव अरण्य के जंगलों में से लगभग चार लाख से ज्यादा पेड़ों को कोल ब्लॉक के विस्तार के नाम पर काटा जा रहा है जिससे वहां पर रहने वाले 10000 आदिवासियों के ऊपर विस्थापना का खतरा मंडरा रहा है हम से आगे बसपा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार भी पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में में आदिवासियों के लगातार विरोध करने के बाद भी अदानी ग्रुप को कोल ब्लॉक आवंटित करना कांग्रेस की सामंतवादी एवं पूंजीवादी नीति को जाहिर करती है ज्ञापन के माध्यम बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ की ओर से राज्यपल से निवेदन किया गया कि अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए तत्काल रोक लगाने हेतु निर्देशित करें ज्ञापन में भारतीय बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष यशवंत कुमार डोण्डेय का हस्ताक्षर है इसके अलावा इस मौके पर प्रदेश बसपा प्रभारी ओपी बाजपेय सहित हरी प्रसाद साहू, ओ पी कोशले संतोष जिला अध्यक्ष यशवंत कुमार कुलेश्वर देवांगन अमरकांत डेहरे संतोष दुर्गापुर संतोष कोसले धनवा महिलांगे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति का वर्चुअल बैठक का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन के संबंध में समिति के अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजन किया गया था।बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा जिलों को उनके उत्पाद के आधार पर वर्गीकृत करते हुए क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाए जाने के संबंध में जानकारी दी गई । उनके द्वारा बताया गया कि जिले में निर्यात संवर्धन की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा की गई नई पहल के तहत जिले से निर्यात की संभावना को और गति प्रदान करने हेतु सभी हितधारकों से इस दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया गया एवं विशेष रूप से दुर्ग जिले में स्टील, कास्टिंग, फोर्जिंग से संबंधित उद्योगों को निर्यात संवर्धन हेतु प्रभावी कदम उठाये जाने हेतु जोर दिया गया। संपत कुमार, डीजीएफटी द्वारा केन्द्र सरकार की निर्यात संवर्धन की दिशा में किये गये इस पहल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति चीचा को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पाटन के चीचा (बीएमसी) जैव विविधता प्रबंधन समिति को पक्षियों के संरक्षण की दिशा में उत्कृत कार्य के लिए सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा जैव विविधता दिवस पर प्रदेश में जैव विविधता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्ति और संस्था को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में दुर्ग वन विभाग के कार्यालय में हुए वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा चीचा बीएमसी को प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि का चेक देकर उनका सम्मान किया गया। विदित हो कि चीचा



जलाशय में प्रति वर्ष प्रवासी पक्षी आते हैं और अपनी शर्दियां यहां बिताते हैं इन्ही प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और उन्हें शिकारियों से बचाने के साथ पक्षियों के प्रति जागरूकता फै लाने के लिए चीचा की जैव विविधता प्रबंधन समिति को सम्मानित किया गया। इसी के साथ दुर्ग वन मंडल क्षेत्र में पीपल फॉर एनीमल संस्था को पालतू पशुओं की श्रेणी में तथा नवागढ़ के किशोर राजपूत को व्यक्तिगत श्रेणी में देशी किस्म के बीजों के संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वन विभाग के सीसीएफ बीपी सिंह, डीएफओ शशि कुमार, एसडीओ मोना महेश्वरी, पक्षी विशेषज्ञ राजू वर्मा, चीचा बीएमसी अध्यक्ष पंकज चंद्राकर, संतोष हुलेश्वर पटेल, किशोर चंद्रकार, इंद्राणी साहू, त्रिवेणी मनहर गोविंद कश्यप, पीपल फॉर एनीमल के आंचल दानी, बिदिशा बिस्वास, धारिनी जोशी, कीर्ति राव, अंकित विष्णु वर्धन, जयती गुप्ता, स्नेहा साहू सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर महोबे के मार्गदर्शन में चिरायु योजना अंतर्गत 1 दिवसीय मेगा कैंप का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के 0 से 18 वर्ष तक के विभिन्न कैटेगरी (जैसे- जन्मजात हृदय रोग, जन्मजात बधिरता, जन्मजात मोतियाबिंद व अन्य बिमारी) अंतर्गत चिन्हांकित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार हेतु आयुष्मान भारत से अनुबंधित संस्था स्पर्श हॉस्पिटल दुर्ग के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सोमवार को जिला चिकित्सालय बालोद में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उक्त कैम्प में हृदय रोग से संबंधित 48 बच्चों, आंख, कान व गला रोग से संबंधित 26 बच्चों, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित 05 बच्चों, हड्डी रोग से संबंधित 14 बच्चों, दन्त रोग से संबंधित 12 बच्चों, कुपोषण से संबंधित 8 बच्चों, नेत्र से संबंधित 4 बच्चों, फिजियोथेरेपी से संबंधित 17 बच्चों तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित 12 बच्चों का स्क्रीनिंग व उपचार किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मण्डल, सिविल सर्जन डॉ. एसएस देवदास, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. संजीव ग्लेड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, जिला सलाहकार डॉ. अरविंद मिश्रा, जिला चिकित्सालय बालोद से शिशु रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, नाक-कान- गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद थे।

# मई में संपत्तिकर जमा करके पाए 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ आयुक्त ने की निर्धारित समय से पूर्व संपत्तिकर जमा करने की अपील

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 की टैक्स वसूली शुरू हो गई है। महापौर नीरज पाल ने इस बार बजट में किसी भी प्रकार से टैक्स में बढ़ोत्तरी नहीं की है, बल्कि मई के माह में टैक्स में भारी छूट लोगों को मिल रहा है। छूट का लाभ लेते हुए कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने भी करदाताओं को निर्धारित समय से पूर्व टैक्स जमा कराकर करदाताओं को छूट का लाभ दिलाने कहा है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार करदाता चालू वित्तीय वर्ष का 31 मई के भीतर देय संपत्तिकर जमा कर 6.25 प्रतिशत



छूट का लाभ पा सकते हैं। वहीं 1 जून से 31 जुलाई के भीतर देय संपत्तिकर जमा कर 5 प्रतिशत, 1 अगस्त से 30 सितंबर के भीतर देय संपत्तिकर जमा कर 4 प्रतिशत की रियायत पा सकते हैं। इसी प्रकार 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के भीतर देय संपत्ति कर जमा कर 2 प्रतिशत की छूट का लाभ ले सकते हैं। इस छूट का लाभ उठाकर क्षेत्र के करदाता संपत्तिकर जमा कर सकते हैं। कइयों ने ऑनलाइन संपत्तिकर जमा किया है। 6.25 छूट का लाभ 31 मई तक लिया जा सकता है। आयुक्त ने जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि टैक्स कलेक्शन के लिए अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए और वसूली बढ़ाने के लिए स्पैरो से समन्वय बनाकर काम करें।

# महिलाएं और बच्चों ने रंगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा स्वच्छता को लेकर शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में तथा नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशन पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओ का आयोजन विगत दिनों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जोन क्रमांक 4 में 23 मई 2022 को विवेकानंद भवन में स्वच्छता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। ड्राइंग प्रतियोगिता में 15 बच्चों तथा






रंगोली प्रतियोगिता में 25 महिलाओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर विश्वनाथ पाणिग्रही एवं नवीता शर्मा उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में वार्ड निवासियों ने प्रतिभागियों द्वारा बनाये गए चित्रों ओर रंगोली को देखा। एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में ( एनयूएलएल ) राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम से प्रबंधक मनीष त्रिपाठी ओर मुक्तेश कान्हे के साथ सभी सामुदायिक संगठक का विशेष योगदान रहा।

संपादकीय

# सेना में भर्ती टूर आन ड्यूटी

**सेना जवानों** की चार वर्ष के लिए 'टूर आन ड्यूटी' पर भर्ती के लिए विचार कर रही है। भारतीय सशस्त्र बल अब जवानों की स्थाई भर्ती नहीं करेंगे। अल्पकालीन 'टूर आफ ड्यूटी'-टीओडी योजना पर विचार हो रहा है। भर्ती नौजवानों को 6 महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा और वे साढ़े तीन साल सिपाही की ड्यूटी करेंगे। उनको चार साल का कार्यकाल समाप्त होने पर अच्छे पैकेज के साथ छुट्टी दे दी जाएगी तथा टीओडी स्थिति का एक प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। सरकार को लगता है कि यह कमियों से निपटने तथा सैनिक बलों में थोड़े अंतराल पर नए लोगों को लाने का माध्यम बन सकता है। अल्पकालीन सेवा से सरकार को पेंशन व चिकित्सा लाभों पर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा, जबकि इन पर सबसे ज्यादा खर्च होता है।



टीओडी से सेवानिवृत्त होने वाले कुछ सैनिकों को लंबी या स्थाई सेवा में लिया जा सकता है। इस योजना से पैसा बचाने तथा कर्मियों की कमी से निपटने में सहायता मिलेगी। सशस्त्र बलों में वर्तमान समय में सैनिकों की कमी है क्योंकि वैश्विक महामारी के कारण पिछले दो साल में भर्ती रैलियां नहीं हुईं। औसतन हर साल 50,000-60,000 सैनिक रिटायर होते हैं। भर्ती प्रक्रिया स्थगित होने के कारण एक लाख से अधिक सैनिकों की कमी हो गई है। वर्तमान प्रक्रिया शुरू होने, नौजवानों के चयन तथा उनके प्रशिक्षण में एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। उस समय तक सैनिक बलों में कमी और गंभीर हो जाएगी। इस प्रकार यदि टीओडी प्रक्रिया फौरन लागू कर दी जाए तो भी इससे समस्या रातोंरात हल नहीं होगी। यदि चयन प्रक्रिया वर्तमान समय की तरह चले तो इसमें 6 महीने तथा सैन्य प्रशिक्षण में और 6 महीने लगेंगे। इस प्रकार नए सैनिक एक साल में तैयार होंगे। इसके बाद प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी। यह देखना अभी बाकी है कि नौजवान टीओडी के प्रति क्या प्रतिक्रिया करते हैं। सरसरी तौर से देखने पर उनके पास इस आकर्षक चुनौती के अस्वीकार का कोई कारण नहीं है। इसमें उन लोगों को लक्षित किया गया है जो कम से कम हाईस्कूल पास हैं। जब उनको प्रशिक्षण देकर सेवा में लिया जाएगा तथा केवल चार साल बाद रिटायर किया जाएगा तो वे अपनी आयु के बीसवें दशक मध्य में होंगे। उनके पास अच्छी बचत तथा आगे काम के लिए अच्छा प्रमाणपत्र होगा। इस अवसर से उनको भूख की समस्या से मुक्ति मिलेगी, उनको नौकरी मिलेगी तथा अंत में वे बेहतर रोजगारों के लिए प्रशिक्षित हो जाएंगे। महत्वपूर्ण बात है कि इससे उनको सड़कों पर उन परिस्थितियों से मुक्ति मिलेगी जो उनमें से अनेक को संदिग्ध गतिविधियों की ओर ले जा सकती है। इस खास योजना के बारे में कुछ विचार तत्काल दिमाग में आते हैं। यदि युद्ध शुरू हो जाए और सैन्य बलों को सीमाओं पर भेजना पड़े तो क्या होगा? क्या 6 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त टीओडी जवान सीमा पर समस्या से निपटने में सक्षम होगा? कहा जाता है कि युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार होने तथा युद्ध में सहायता व युद्धक सेवा सहायता योग्य कौशल प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन साल का प्रशिक्षण जरूरी है। जब भर्ती नौजवान युद्ध के लिए तैयार होंगे तो उनके रिटायर होने का समय आ जाएगा। क्या सभी टीओडी भर्ती नौजवानों को केवल युद्ध सैनिक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा? अथवा उनको सेना के भीतर अन्य कॅरियर के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा? टीओडी भर्ती नौजवानों में से अधिकांश शायद सेना में स्थाई भूमिका के लिए वापस न आएं। चार साल का कार्यकाल उनको ऐसे कौशल प्राप्त करने में सहायक होगा जिससे सैनिक के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद वे दूसरे कामों में जा सकेंगे।

# बिहार में औद्योगीकरण की संभावनायें

## उद्योग राज्य मंत्री शाहनवाज़ हुसेन के अनुसार अब इस दृष्टिकोण का कोई औचित्य नहीं कि बिहार में औद्योगीकरण नहीं हो सकता है।



**धनंजय कुमार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)




दिल्ली में 12 मई को हुए बिहार निवेश सम्मेलन में अनेक प्रख्यात लोग शामिल हुए जिनमें अडानी, आईटीसी, एचयूएल, कोका कोला, अमेजन, फ्लिपकार्ट, सैमसंग, अमूल, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़, उषा मार्टिन, हौंडा, एलएंडटी, अरविंद मिल्स, टाटा ब्लूस्कोप, श्री सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, आदि शामिल थे। इनमें सर्वाधिक उल्लेखनीय लूलू ग्रुप इंटरनेशनल के चेयरमैन एम.ए. यूसुफ अली की उपस्थिति थी जो दुबई से पधारे थे। आईटीसी चेयरमैन संजीव पुरी तथा अनेक अन्य उल्लेखनीय बड़े उद्योगपति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वाधिक उल्लेखनीय व्यक्ति बिहार के उद्योग मंत्री शाहनवाज़ हुसेन ने कई ऐसी बातें कहीं जिनको हजम करना किसी कट्टर बिहारी के लिए भी कठिन होता। उन्होंने घोषणा की कि बिहार अब देश में औद्योगिक निवेश के लिए सर्वाधिक पसंदीदा स्थान है। मंत्री ने जोर देकर बताया, अब यह धारणा बदल गई है कि बिहार औद्योगीकरण के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने खासकर इस बात पर जोर दिया कि उनके दायित्व संभालने के बाद इस स्थिति में खासकर परिवर्तन आया है। जो लोग कहा करते थे कि बिहार में तो सुई बनाने का उद्योग नहीं लग सकता है, वे आज आश्चर्य से अपनी आंखें भींच रहे हैं कि इस निवेशक बैठक में इतने महत्वपूर्ण लोग एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा, "मैं पटना समेत देश के अन्य शहरों, जैसे मुंबई व सूरत में रोडशो करने के साथ दुबई भी जाऊंगा। निवेशक सम्मेलन की भारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि यह दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया है कि राज्य का औद्योगीकरण उसकी किस्मत पर है। इसकी शुरुआत सबसे पहले एथनाल प्लांट व पेप्सी के बाटलिंग प्लांट से हो चुकी है।' शाहनवाज हुसेन ने वादा किया कि मेगा फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर पार्क व आईटी पार्क स्थापना के बाद सारे भारत के नौजवान रोजगार के लिए बिहार आएंगे। हालांकि, उनकी योजनायें बहुत काल्पनिक लगती हैं, पर उनको सपने देखने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है और कोई भी ऐसा नहीं करेगा। भले ही लोग उनके सपनों में पूरी तरह विश्वास न करें, पर वे उनके प्रयासों से प्रसन्न हैं और उम्मीद करते हैं कि इसके शानदार नतीजे सामने आएंगे। कहा जाता है कि यदि आप सपने देखेंगे तो उनको पूरा करने के प्रयास भी करेंगे। इस कहावत के अनुसार सभी लोग उनसे सर्वोत्तम की आशा कर रहे हैं। राजनीतिक स्थायित्व को औद्योगीकरण की पूर्व शर्त माना जाता है। इसे देखते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार में 2025 तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में राजग सरकार के स्थायित्व पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा, 'मेरे पूर्वानुमान पर गौर करें। वह दिन आने वाला है जब दूसरे राज्यों के नौजवान रोजगारों के लिए बिहार आएंगे।' हालांकि, इस कठिन रास्ते पर शाहनवाज़ हुसेन की प्रतिबद्धता व साहस की प्रशंसा करनी चाहिए, लेकिन संदेही लोग इसे 'जुमलों' के सिवा कुछ और नहीं कह रहे हैं। बिहार में निवेश के बारे में दृष्टिकोण बदलने का उनका दावा चाहे जो हो, बहुत से लोग इसका दोषी मीडिया को बताते हैं। मंत्री ने इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब भी नहीं दिए। तथ्य यह है कि बिहार में पिछले 30 साल में उद्योगों का कोई खास अस्तित्व नहीं रहा है और उनका निर्यात एक प्रतिशत से भी कम है। दूसरों की बात अलग है, बिहार में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के राज्य अध्यक्ष नीरज कुमार तथा एशियन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एमडी भी हुसेन के आशावाद पर विश्वास नहीं करते हैं। इस लेखक से बात करते हुए कुमार ने कहा कि राज्य में एक सड़क बनाने में कम से कम 10 साल लगते हैं, ऐसे में औद्योगीकरण ज्यादा से ज्यादा कल्पना की उड़ान ही हो सकता है। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटी जमीन का अधिग्रहण भी सबसे बड़ी बाधा है। पुराने युग के उल्लेखनीय किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती और सर गणेश दत्ता ने जमीनों को समेकित करने का प्रयास किया, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने जमीन के बड़े टुकड़ों को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ कर उनको जातीय आधार पर लोगों में बांटा। आज एक उद्योग के लिए हजारों किसानों को एकत्र करना पड़ता है। ऐसे में कानून-व्यवस्था का सवाल हमेशा के लिए परेशान करने वाला बन जाता है। लेकिन हुसेन को एक समर्थक मिल गए हैं। वे पटना के प्रख्यात यूरोलोजिस्ट तथा भारतीय चिकित्सा असोसियेशन-आईएमए के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार हैं। उनका कहना है कि हुसेन अपने इरादों के प्रति गंभीर हैं और उन्होंने बिहार में औद्योगीकरण के प्रति उम्मीद जगाई है। उन्होंने अपनी ऊर्जा दवा उद्योगपतियों को एकजुट करने तथा उनके द्वारा बिहार में निवेश करने में की है। यदि केवल राज्य से बाहर दवा उत्पादन करने वाले बिहार के उद्योगपति राज्य में निवेश करने लगें तो राज्य को दवा उत्पादन का केन्द्र बनने में देर नहीं लगेगी। 120 से अधिक बिहारी दवा उत्पादक राज्य से बाहर दवाओं का उत्पादन करते हैं जिनमें से कुछ बड़े उत्पादक हैं। विडंबना है कि बिहारी दवाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं, पर आश्चर्यजनक रूप से निवेशक सम्मेलन में एक भी दवा कंपनी का प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। हालांकि, शाहनवाज़ हुसेन ने दवा उद्योग प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में भी उनसे निवेश का अनुरोध किया। अनजाने ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह शाहनवाज़ ने राज्य के औद्योगीकरण को असंभव बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी उनको हमेशा असंभव काम देती है और वे उसमें कभी विफल नहीं हुए हैं। कुछ साल पहले तक नीतीश कुमार कहते थे कि चारों ओर भूमि से घिरा होने के कारण बिहार औद्योगीकरण के अनुपयुक्त है। हुसेन ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बिहार में उद्योगों को सभी रियायतें देने तथा उनका पूर्ण सहयोग लेने का आदेश दिया था। एथेनाल प्लांट मोदी का सपना था और बिहार उसे स्थापित करने वाला पहला राज्य बना है। कपड़ा व चमड़ा उद्योग संबंधी नीतियां बनाई जा रही हैं और उनके बन जाने के बाद इन क्षेत्रों में भी निवेश के प्रस्ताव आने लगेंगे। इस दृष्टिकोण से फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, लाजिस्टिक पार्क, चमड़ा पार्क, आदि पर काम चल रहा है। किसी निवेश बैठक में एमओयू को उसकी सफलता का पर्याय बताया जाता है, पर इसमें उनका लगभग अभाव रहा। हुसेन ने इसे तार्किक रूप प्रदान करते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल उद्योगपतियों की दिलचस्पी जानने के लिए आयोजित किया गया था। उनके द्वारा दिखाई गई दिलचस्पी बहुत महत्वपूर्ण है। हुसेन ने कहा कि मीडिया द्वारा दिखाई गई सद्भावना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है जिसने अनेक मामलों में उनकी आलोचना से परहेज किया। हालांकि, निवेश सम्मेलन में आई अनेक कमियों को सावधानी से हाशिये पर डाल दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछे जाने वाले सवाल तीखे हो सकते थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थिति अपने आप में एक विवादास्पद मुद्दा है। लेकिन इसके बावजूद शाहनवाज़ हुसेन को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि इस मुद्दे पर उन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया जिसे हमेशा बिहार में अनदेखा किया जाता रहा है। सम्मेलन में 30 बड़ी कंपनियों समेत 170 कंपनियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना मामूली उपलब्धि नहीं है। इससे निश्चित रूप से आयोजन करने में हुसेन की क्षमता प्रदर्शित होती है और इससे भाजपा नेताओं में उनका कद बढ़ा होगा। लेकिन इससे उनको उन नेताओं को भी नियंत्रण में रखना होगा जो पार्टी में उनके खिलाफ सक्रिय हो सकते हैं। उनको इस बात का श्रेय भी दिया जाना चाहिए कि उनसे शराबबंदी पर सवाल नहीं पूछे गए। हुसेन ने कहा था कि प्रकाश झा की विख्यात 'गंगाजल' का युग अब समाप्त हो गया है। यह अब इनविट्रो गर्भाधान-आईवीएफ तकनीक पर हालिया हिट फिल्म 'गुड न्यूज़' का समय आ गया है। संदेश यह है कि निवेशक सम्मेलन औद्योगिक रूप से वंध्य बिहार को विनिर्माण का केन्द्र बना देगा, लेकिन सवाल है कि आखिरकार सम्मेलन को बिहार के बाहर दिल्ली में क्यों आयोजित किया गया।

# धार्मिक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनायें



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में तीर्थयात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों से यात्रा करने के मुकाबले तीर्थ यात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं। मंदिर की अर्थव्यवस्था भारतीय बजट जितनी बड़ी है और देश का पालन-पोषण कर रही है। धार्मिक संप्रदायों - हिंदू, मुस्लिम और ईसाई - में इसकी रूपरेखा अपेक्षा से कहीं अधिक व्यापक है। यह समाज और उसके वित्तीय मानकों को बदल रहा है। एनएसएसओ सर्व का अनुमान है कि मंदिर अर्थव्यवस्था 3.02 लाख करोड़ या लगभग 40 अरब डालर तथा जीडीपी का 2.32 फीसदी है। वास्तविकता में यह उससे भी अधिक हो सकती है। इसमें फूल, तेल दीए, सुगंधें, चूड़ियां, सिंदूर, छवियां एवं पूजा के वस्त्र शामिल हैं। यह अनौपचारिक असुरक्षित श्रम की विशाल आबादी द्वारा संचालित है। साल 2022-23 का केन्द्रीय सरकारी राजस्व 19,34,706 करोड़ है और नगदी में 24हजार करोड़ सिर्फ छह मंदिरों से एकत्रित होता है। इस देश में 5 लाख मंदिर, 7 लाख मस्जिदें और 35हजार चर्च हैं। भक्तों के रूप में उच्च पदाधिकारियों का इसमें बड़ा योगदान होता है। साल 2021 में अयोध्या में राम मंदिर से एकत्रित किया गया चंदा 5450 करोड़ रुपए है, जो 5000 करोड़ के रक्षा बजट के लगभग बराबर है। पहले चरण में चंदा इससे अधिक हुआ था। अन्य मंदिर हैं, त्रिमुला तिरुपति, 3023 करोड़ रुपए, वैष्णो देवी- 2000 करोड़ रुपए, अंबाजी -4134 करोड़ रुपए(साल 2019-2020 में यह राशि 5163 करोड़ थी), द्वारिकाधीश- 1172 करोड़, सोमनाथ- 1205 करोड़, स्वर्ण मंदिर-690 करोड़। गौहाटी में कामाख्या मंदिर, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर, पद्मनाभा मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर एवं काशी विश्वनाथ मंदिर की भी इसी तरह भारी आमदनी है। विभिन्न मंदिरों में किया जाने वाला सोने का दान विविध रूप में तिरुपति में 130 किलो से शिरडी में 380 किलो के बीच है। प्यू ग्लोबल एटीट्यूड सर्वेक्षण से पता चलता है कि पिछले चार-पांच वर्षों में 25 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने अधिक धार्मिक होने की सूचना दी है। 2007 और 2015 के बीच, भारत में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण मानने वाले उत्तरदाताओं का हिस्सा अब 11 प्रतिशत बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है। राम मंदिर आंदोलन और अदालत का फैसला गेम चेंजर बना है। इसने एक ऐसे क्षेत्र में भारी धन डाला है जो सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक था। इसने मस्जिदों और इस्लामिक धर्मस्थलों के लिए भी फंडिंग को बढ़ावा दिया। महामारी के दौरान अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, मिर्जापुर और मथुरा में मूक अचल संपत्ति में उछाल आया। सबसे पिछड़े इलाकों में जमीन की कीमतें बढ़ीं। भूमि पर प्रीमियम अभूतपूर्व है। ऐसे स्थलों पर धार्मिक गतिविधियां बनी रह सकती हैं कि नहीं, इसे देखना दिलचस्प होगा। उत्साह जबरदस्त है लेकिन क्या यह अगले औद्योगिक उत्थान को पीछे छोड़ेगा? घरेलू धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों की संख्या को पीछे छोड़ रहा है। नए गंतव्यों के लिए 100 करोड़ से अधिक घरेलू यात्राएं बताती हैं कि दिल्ली-आगरा-जयपुर गोल्डेन ट्रेंगल से परे मंथन हो रहा है। एनएसएसओ के आंकड़े बताते हैं कि 55 प्रतिशत हिंदू मध्यम व छोटे आकार के होटलों को संरक्षण देते हुए धार्मिक तीर्थयात्राएं करते हैं। धार्मिक यात्रा पर खर्च 2,717 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, सामाजिक यात्रा पर खर्च 1,068 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, शैक्षिक यात्रा पर खर्च, 2,286 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति है। यानी धार्मिक यात्रा पर प्रतिदिन 1316 करोड़ रुपये एवं सालाना 4.74 लाख करोड़ रुपये का खर्चा आता है। एनएसएसओ का डाटा कहता है कि भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में धार्मिक यात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों की यात्रा के मुकाबले तीर्थयात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं। सरकार ने धार्मिक परिक्रमा पर्यटन की रूपरेखा तैयार की है। रामायण परिक्रमा भगवान राम के जीवन दर्शन पर आधारित है। इसके साथ ही चार धाम सड़क परियोजना भी तैयार की गई है। सरकार ने बुद्ध परिक्रमा को भी मजबूत किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी कॉरिडोर, केदारधाम और बद्रीधाम को फिर से लॉन्च किया। सरकार जम्मू-कश्मीर में करीब 50 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रही है। किसी अन्य प्रधान मंत्री ने धार्मिक स्थलों की यात्रा को एक कार्यक्रम नहीं बनाया है। चिश्ती, औलिया, चरार-ए-शरीफ भोपाल, दिल्ली की जामा मस्जिद और अन्य तीर्थस्थलों की दरगाहें से नकदी और अन्य प्रकार की बड़ी आय होती है। इसी तरह विभिन्न चर्चों की भी अच्छी आय होती है। अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन ने अधिकांश हिंदू और मुस्लिम मंदिरों की आय में वृद्धि कर दी है। हिंदू मंदिरों की कमाई कुछ हद तक पता चलती है लेकिन अजमेर दरगाह हो या अन्य मुस्लिम तीर्थस्थल, वे अनुमानित आंकड़े बताने से कतराते हैं। पवित्र कोष राजनीति, अस्पताल प्रशासन, यहां तक कि विश्वविद्यालय के पोर्टल आदि को बदल रहा है। डिग्री हासिल करना मुश्किल नहीं है और यह पैसा घुमाने वाला कारक बन जाता है। नोटबंदी के दौरान, कुछ मठाधीश अपने व्यापक संबंधों और प्रभावी वितरण के लिए चर्चा में थे। उनकी सेवाएं भारत तक सीमित नहीं थीं। वे दुबई, कनाडा, इंग्लैंड या अन्य गंतव्यों में प्रीमियम मूल्य पर डॉलर में भी आसानी से नयी करेंसी के नोट वितरित कर सकते थे। हवाला लिंकेज मदद करते हैं। वे बैलेंस शीट में हेरफेर करने में अच्छे हैं यहां तक कि रद्द किए गए नोटों को नयों के साथ बदल दिया गया था। हां, ये नकली धन को समायोजित करने के लिए किये जाते हैं।



## फरमाया



**देश** की हर क्षेत्रीय भाषा पूजनीय है।
**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** से अनुच्छेद 370 हटाने जैसी कार्रवाई से भारत से बात करना हमारे लिए कठिन हो गया है।
**- बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाक विदेश मंत्री



**भाजपा** कांग्रेस नेताओं व उसके कार्यकर्ताओं के बारे में बात करती है क्योंकि वह जानती है कि क्षेत्रीय पार्टियां उसे हरा नहीं सकती हैं।
**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सार्वजनिक परिवहन की दशा

**यह** खुशी की बात है कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने सड़कों से कब्जे हटाने तथा अवैध टेंपो, आटो आदि के खिलाफ अभियान चला रखा है। इससे अनेक स्थानों पर ट्रैफिक का आवागमन सहज जरूर हुआ है, पर आम लोगों को सार्वजनिक वाहन की दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। हालांकि, अनेक आटो, टेंपो, आदि कुछ गुंडा तत्वों और भ्रष्ट अधिकारियों की वसूली का साधन जरूर बनते हैं, लेकिन सरकारी सिटी बसें अथवा अन्य छोटे सार्वजनिक वाहनों की अनुपस्थिति में आम जनता को मजबूरी में इनका ही सहारा लेना पड़ता है। लखनऊ में मेट्रो रूट पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित करने की बात भी हो रही है। ऐसी स्थिति में आम जनता की तकलीफें और बढ़ सकती हैं। विडंबना है कि बड़े सरकारी अधिकारी और मंत्री की बात छोड़ें, छोटे-छोटे कर्मचारी तक आजकल बढ़ते वेतन-भत्तों के चलते चौपहिया वाहनों से चलने लगे हैं। इसलिए वे वाहनहीन गरीब लोगों तथा शहर में बाहर से काम के लिए आए लोगों व छात्रों की समस्यायें समझ ही नहीं सकते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार वर्तमान तकनीकी युग में ट्रैफिक का घनत्व देखते हुए उपयुक्त सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था करेगी।

**- अकबर अली, लखनऊ**

## दबंग नेताओं की सांसत

**उत्तर प्रदेश** में भाजपा की सरकार दूसरी बार बन जाने के बाद दबंग नेताओं, खासकर विपक्षी नेताओं की जिंदगी सांसत में फंस गई है। कहा जाता है कि एक विपक्षी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को दबंगई करना ही सिखाया है और उसके आधार पर पार्टी में उनकी पदोन्नति होती रही है। लेकिन आजकल ऐसे दबंग नेता बहुत परेशान हैं क्योंकि पुलिस अब उनके खिलाफ छोटी-मोटी शिकायत पर कार्रवाई कर देती है और सत्ता चले जाने के बाद उनके बड़े नेता भी उनकी मदद नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अनेक दबंग स्थानीय स्तर पर थाने, चौकी के भ्रष्ट पुलिसजनों से सांठगांठ करने का प्रयास करते हैं, लेकिन मोबाइल फोन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की अनेक घटनाओं के बाद चुपचाप गठजोड़ करना अब कठिन हो गया है। वैसे कुछ अपवादों को छोड़ दें तो प्रदेश सरकार, प्रशासन व पुलिस मोटेतौर से निष्पक्ष ढंग से काम करती है। धर्मस्थलों से तेज आवाज करने वाले लाउडस्पीकर उतारने में सफलता सरकार की निष्पक्ष कार्रवाई का एक उदाहरण है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि भ्रष्ट पुलिसजनों के खिलाफ कार्रवाई की समुचित व्यवस्था बनाई जाए।

**- राम कुमार मिश्र, कानपुर**

## मुफ्त राशन का दुरुपयोग

**केन्द्र** व प्रदेश सरकार ने कोरानावायरस वैश्विक महामारी के समय रोजगार समाप्त होने के कारण आर्थिक परेशानी से निपटने के लिए गरीब लोगों को मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की थी। गरीब परिवारों को पहले से ही खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सस्ता खाद्यान्न मिल रहा था। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मुफ्त राशन की योजना का विस्तार किया है। जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली इस सुविधा के लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इस कटु तथ्य पर भी ध्यान देना चाहिए कि अनेक परिवार मुफ्त व सस्ते दामों में मिला सरकारी राशन छोटे दुकानदारों को बेच देते हैं। भले ही ऐसे लोगों की संख्या अधिक न हो, पर इससे करदाताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ता है तथा सरकार का राजकोषीय घाटा भी बढ़ता है। यदि गरीबों को सीधे उनके खाते में प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण-डीबीटी से पैसा दिया जाए तो इससे सरकार पर बोझ भी कम होगा तथा गरीब परिवार इस धन का उपयोग आजादी से व निर्भय होकर दूसरे जरूरी कामों में कर सकेंगे। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

**- विमला देवी, प्रयागराज**

# विधानसभा के सोसायटियों में भाजपा ने दिया धरना, वर्मी कम्पोस्ट की बाध्यता वाला काला कानून वापस लेने की मांग

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सोमवार को भाजपा ने किसान मोर्चा के तत्वावधान में नवागढ़ विधानसभा की सोसाइटियों में अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद सोसाइटी व गोठान से खरीदने की बाध्यता समाप्त करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब हैं की प्रदेश भाजपा के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के निदेर्शानुसार एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत के नेतृत्व में विधानसभा के तीनों मण्डल नवागढ़, मारो व खण्डसरा के प्रत्येक सहकारी समिति के सामने भाजपाईयो विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा है कि किसानों से झूठे वादे करके सत्ता में आई कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार कदम कदम पर किसानों के साथ ठगी कर रही है। अब तो वर्मी कम्पोस्ट के नाम से गोबर मिट्टी का मिश्रण बेचकर किसानों को लूटा जा रहा है। किसानों का मसीहा बनने का ढोंग करने वाली भूपेश बघेल सरकार किसानों को खाद के नाम पर मिट्टी बेचकर मुनाफाखोरी और भारी भ्रष्टाचार कर रही है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत ने कहा कि किसानों को जो वर्मी कम्पोस्ट दिया जा रहा है, उसका वजन 30 किलो बताया जा रहा है, जो तौलने में 23 किलो निकला है। ऊपर से हद यह कि वह गीला भी है। उन्होंने कहा कि हम भूपेश बघेल सरकार से मांग करते हैं कि वर्मी कम्पोस्ट की बाध्यता वाला काला कानून वापस ले। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुभाष सोनी ने कहा कि किसानों के प्रति भूपेश बघेल सरकार की नीयत ठीक नहीं है। इस सरकार की नीति और नीयत दोनों में खोट है। किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त देने की बजाय अटका अटकाकर किश्तों में दे रहे हैं और इसे न्याय योजना बताते हैं। यह राजीव गांधी के नाम पर भूपेश बघेल की अन्याय योजना है। जिसमें वे अन्नदाता किसान के हक का पैसा देने में किश्तों का अड़ंगा लगा रहे हैं।

किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रेमु वर्मा, विनोद साहू व राजाराम चन्द्राकर ने कहा कि उपज एक बार में खरीदी है तो एकमुश्त भुगतान होना चाहिए। किसानों की रकम रुला रुलाकर देना भूपेश बघेल और राहुल गांधी की नजर में न्याय हो सकता है लेकिन किसानों के साथ यह छल कपट ही है। किसान मोर्चा जिला प्रवक्ता जितेंद्र भुवाल ने कहा कि किसानों का धान देर से खरीदा तो बेमौसम बरसात में उनका धान बर्बाद हो गया। राज्य सरकार ने जरा सा भी भीगा धान नहीं खरीदा। फसल चौपट होने से किसान मुआवजे की गुहार लगाते रहे और भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के किसानों का हक प्रियंका गांधी के इशारे पर उत्तर प्रदेश में लुटाते रहे।

किसान मोर्चा मण्डल महामंत्री अनिल मिश्रा, रितेश मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का किसान देख रहा है कि भूपेश बघेल सरकार किस तरह किसानों को प्रताड़ित कर उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही है। अब तो खाद के नाम पर किसानों को गोबर माटी पकड़ाकर लूटमार की हद ही पार कर दी है।

मारो मण्डल के सम्बलपुर में दुर्गा सोनी, हरिकिशन कुर्रे, देवदास चतुर्वेदी, अभिषेक राजपूत, चन्द्रप्रकाश ठाकुर, बालशंकर वर्मा, नांदघाट में नरेंद्र शर्मा, प्रदीप शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, कृष्णा ठाकुर, अमिता बघेल, सन्दीप वैष्णव, वीरेन्द्र घृतलहरे, मारो में आलोक तिवारी, बबलू बांधे, सन्तोष चौबे, रामकुमार देशलहरे ने धरना दिया।

वहीं नवागढ़ मण्डल में चन्द्रपाल साहू, मधु रॉय, गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश साहू, मिंटू बिसेन, डॉ. जगजीवन खरे, नेमिराज सोनवानी, अनुज दिवाकर, सुरेश निषाद, टीकम गोस्वामी, रामसागर साहू, मनीराम साहू, उमेश ध्रुव, रोहित साहू, युवराज ठाकुर, दुर्जन साहू, मीना साहू, तोपसिंह साहू, महेश टण्डन, फुलचंद साहू, उमा मिश्रा आदि ने धरना दीया, खण्डसरा मण्डल में फिरतुराम साहू, दयावन्त धर बांधे, दीपक तिवारी, होरीलाल सिन्हा, छन्नू गुप्ता, कुंजबिहारी ठाकुर, गजेंद्र साहू, कपिल बंजारे, अश्वनी साहू, गुड्डा खान ने प्रदर्शन किया।

# सरकार की योजनाओं को लेकर कला जत्था की टीम पहुंचेगी जिले के ग्रामों में

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को जिले के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले निवासियों तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था की टीम द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित जानकारी को आम नागरिकों के बीच पहुंचाने के लिए स्थानीय कलाओं का मंचन किया जा रहा है। जिससे जमीनी स्तर पर रहने वाली जनसामान्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सके। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हाकिंत बड़े साप्ताहिक बाजार तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कला जत्था की टीम राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित कार्य म प्रस्तुत कर रही है। जिले के सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री गुलाब डड़सेना ने बताया कि 23 मई 2022 को विकासखंड बोड़ला के ग्राम बहनाखोदरा, शीतलपानी और लूप में कला जत्था के द्वारा रोचक प्रस्तुतिकरण किया गया। इसी तरह विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम बिडोरा, सिल्हाटी और भिंभौरी में ग्रामीणों के बीच कला का प्रदर्शन कर योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य के बीच योजनाओं की जानकारी सरल और सुलभ रूप से पहुंचाना है। इसके साथ ही जनसंर्पक विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रकाशित पत्रिका का भी वितरण जनसामान्य को निःशुल्क वितरण किया गया। जिले के विकासखंडों के ग्रामों में आस्था कला मंच कबीरधाम और लोक धारा छत्तीसगढी लोक कला समिति दुर्ग द्वारा प्रस्तुतिकरण दी जाएगी। आस्था कला मंच द्वारा 24 मई को विकासखंड बोड़ला के ग्राम घोंघा, राजानवांगांव और छपरी में प्रस्तुतिकरण दी जाएगी।

इसी प्रकार 25 मई को खैरबना कला, जेवड़न कला और बेंदरची, 26 मई को बैरख चिल्फी, राजाढ़ार, 27 मई को बोदा, तरेगांव जंगल, छुही, 28 मई को शंभूपीपर, बोक्का रखार, ढोलबज्जा, 29 मई को तितरी, झलमला, मुढवाही, 30 मई को चमारी, सरईपतेरा, रेंगाखार कला, 31 मई को कबराटोला, मड़मड़ा, छांटा और 1 जून को ग्राम कुकरापानी दलदली, बैजलपुर में आस्था कला मंच के नर्तकों व कलाकारों के द्वारा शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार रोचक ढंग से किया जाएगा। इसी प्रकार लोक धारा छत्तीसगढ़ लोक कला समिति दुर्ग द्वारा 24 मई को विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम रणवीरपुर, गौरमाटी, बिरेन्द्र नगर, 25 मई को विकासखंड कवर्धा के ग्राम दशरंगपुर, पनेका, इंदौरी, 26 मई को विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम गैंदपुर, ग. खमरिया, गोछिया, 27 मई को विकासखंड कवर्धा के ग्राम उडिया कला, बाजार चारभाठा, सेमरिया, 28 मई को बम्हनी, सोनबरसा, डेहरी, 29 मई को चचेड़ी, कोसमंदा, गुढ़ा, 30 मई को नेवारी, बरबसपुर, रबेली, 31 मई को विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम टाटीकसा, राजपुर, गांगीबहरा, 1 जून को ग्राम दनिया, मड़मड़ा और नवागांव (गुलालपुर) में कला जत्था द्वारा प्रस्तुतिकरण दी जाएगी।

# आम जनों को राहत पहुंचाने केंद्र सरकार का बड़ा फैसला : छतवाल



**दल्लीराजहरा।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल में सेंट्रल एक्साइज टैक्स कटौती किए जाने के साथ पेट्रोल, डीजल कीमतों में कमी होने तथा रसोई गैस में 200 रुपए सब्सिडी दिए की घोषणा पर भाजपा पाषज़्द एवम् नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष बॉबी छतवाल ने स्वागत करते हुए कहा कि देशवासियों को इससे काफी राहत मिलेगी। वहीं इन्होंने कहा कि देश के राज्यों में लिए जाने वाले वैट टैक्स कटौती घटाया जाना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिले। श्री छतवाल ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा की गई घोषणा के बाद इसका सीधा असर बढ़ती महंगाई पर पड़ेगा और लोगों को पेट्रोल के दाम में 9.50 रुपए और डीजल के दाम में 7 रुपए कम देने होंगे, साथ ही देशभर के उज्ज्वला योजना के एल पी जी ग्राहकों और खासकर महिलाओं को 200 रुपए की सब्सिडी प्राप्त होगी जो उनके खातों में पहुंचेगी। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के 9 करोड़ लाभाथिज़्यों को 200 रुपए की सब्सिडी देने का भी फैसला किया है इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। श्री छत वाल का कहना है कि प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा महंगाई के लिए केवल केंद्र को कोसने का कायज़् किया जा रहा है लेकिन जब वेट टेक्स घटाने की बारी आती है तो आम जनता को राहत देने की बजाय केंद्र को केवल कोसने का कायज़् किया जाता है।

# बोरसी में शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने का विरोध, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लाक के ग्राम बोरसी में शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने लिखित आपत्ति दर्ज कराई है। किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में ग्राम बोरसी के ग्रामीणों ने बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर को 11 बिंदुओं में ज्ञापन सौंपकर गांव की शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है । इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि ग्राम बोरसी स्थित भूमि खसरा नंबर 614 रकबा 18.01 हेक्टेयर के हस्तांतरण उद्योयोग विभाग को करने रेवेन्यू विभाग की आम सूचना प्रकाशित कराई गई। उद्योग स्थापना के लिए इस भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसलिए ग्राम बोरसी के ग्रामीणों आपत्ति दर्ज कराई है। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पूरा नहीं होने की स्थिति में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे । इस दौरान ओमप्रकाश पान्डे राजु वर्मा डरतिराम साहू, नेम सिंह, संदीप वर्मा, शत्रुहन पारधी, विजय राम, रामपलट पाल, हीरा साहू, सतीश चंद्राकर, कलानाथ, रमेश साहू, मनोज निषाद, कमल संगीता पाटिल, संजू वर्मा, जानकी निर्मलकर लखण चक्रधारी मनोज पटेल आदि उपस्थित थे।

**चारागाह के लिए आरक्षित शासकीय भूमि, निस्तारी के लिए और कोई विकल्प नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बोरसी में लगभग 2 हजार 500 पशुधन है। जिनके चारागाह के लिए खसरा नंबर 614 रकबा 18.01 हेक्टेयर आरक्षित है। गांव में इसके अलावा निस्तारी के लिए और कोई शासकीय जमीन नहीं है। इस जमीन को उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने पर, उद्योग विभाग के द्वारा विभिन्न प्रकार के उद्योगों को स्थापित किया जाएगा। जिससे वायु और जल प्रदूषण बढ़ेगा। वैसे भी हम लोग पास स्थित उरला सिलतरा के उद्योगों के द्वारा प्रदूषित वायु एवं जल से बहुत परेशान हैं। वायु एवं जल प्रदूषण से खेती पर विपरीत असर पड़ेगा। सभी खेती किसानी करके अपने जीवन यापन करते हैं। उद्योगों के प्रदूषण से हमारी खेती चौपट हो जाएगा।

**बड़े पैमाने पर भूजल दोहन से बढ़ेगा जल संकट**

किसान नेता योगेश तिवारी के अनुसार उद्योग स्थापित होने से भूजल का दोहन बढेगा और वाटर लेवल नीचे जाने से कृषि कार्य प्रभावित होगा। जल संकट गहराने से पेयजल समस्या बढ़ेगी। भविष्य में ग्राम बोरसी में किसी भी प्रकार की विकास कार्य के लिए खसरा नंबर 614 रकबा 18.01 हे. भूमि के अलावा और जमीन नही है। इसलिए सभी ग्रामवासी बोरसी स्थित शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को देने का विरोध करते हैं।

# अंतर्राज्यीय महिला चोर गिरोह के 02 आरोपी बेमेतरा पुलिस की गिरफ्त में

## सोने की हार कीमती करीबन 1,40,000 रूपये जप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



थाना बेमेतरा स्टाफको पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि दो महिला चोरी के सोने के आभुषण बेचने के लिए ग्राहक की तलाश राम मंदिर सदर बाजार बेमेतरा के पास में कर रहे है कि सूचना पर बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुचकर दोनो महिला से नाम पुछने पर ममताज बेगम एवं मरीयम बीवी बतायी। उक्त दोनो महिलाओ से पुछताछ करने पर दिनांक 16.05.2022 को शाम में कोरबा के सोनार दुकान से एक सोने का हार चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी मरीयम के पेश करने पर चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर धारा 41(1-4) जाफौ., 379 भादवि. के तहत जप्त कर कार्यवाही की गई है। उक्त जप्त सोने की हार वजनी 25 ग्राम 280 मिली ग्राम किमती करीबन 1,40,000/- रूपये आंकी गई है। आरोपिया ममताज बेगम पति आयुब खान उम्र 36 साल साकिन बोरामरी बेलपुर थाना देगंगा जिला उत्तर 24 परगना राज्य पश्चिम बंगाल 2. मरीयम बीवी पति गफर अली उम्र 58 साल साकिन देउली थाना देगंगा जिला उत्तर 24 परगना राज्य पश्चिम बंगाल को आज दिनांक 23.05.2022 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, सउनि जितेद्र कश्यप, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, हेमंत साहू, रामेश्वर मांडले, महिला आरक्षक प्रधान आरक्षक बालमती नायक, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, शिव कुमार सेन, राहूल यादव, महिला आरक्षक नंदनी यादव, एवं अन्य थाना स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

**श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हितग्राहीयों को मिल रहा लाभ**

# मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत जिले के 21 हितग्राहियों को 4 लाख रुपए की राशि प्रदाय कर किया लाभान्वित

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जिले के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिला श्रम पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत जिले के 21 हितग्राहियों को 4 लाख रुपए की राशि प्रदाय कर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल द्वारा संचालित असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत जिले के 145 हितग्राहियों को 29 लाख रुपए एवं असंगठित कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत जिले के 10 हितग्राहियों को राशि 07 हजार रुपए प्रदाय कर लाभांवित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अन्तर्गत श्रमिक के मृत्यु उपरांत उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ जाने के कारण जीवीकोपार्जन हेतु सहायता राशि 01 लाख रुपए प्रदाय की जाती है। मिनीमाता महतारी जतन योजनान्तर्गत प्रसूता महिला श्रमिक को गर्भधारण के दौरान काम पर न जाने के कारण होने वाली आर्थिक नुकसान के प्रतिपूर्ति हेतु सहायता 20 हजार रुपए प्रदाय किया जाता है ताकि जच्चा व बच्चा को आवश्यक पोषण समय पर मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने बताया की पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति के रूप में आवश्यक वित्तीय सहायता राशि प्रदाय किया जाता है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अन्तर्गत बालिकाओं के प्रति समाज में सकरात्मक सोच बढ़ाने के लिए पात्र हितग्राही के दो अविवाहित पुत्रियों को 20 हजार रूपए की प्रोत्साहन प्रदाय की जाती है।

# शीबू नायर को लोगों ने दी बधाई



**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संगीता नायर के वैवाहिक वर्षगांठ पर नगर पालिका कार्यालय में केक काटकर सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलमय कामना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के वैवाहिक वर्षगांठ कार्यक्रम के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेस्वर, उत्तर मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विवेक मसीह, दक्षिण मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पांडेय, युवराज साहू, नवीन कथुरिया, रोशन पटेल, प्रमोद तिवारी, सूरज विभार, बृजमोहन सिंह नेताम,चंदू सिन्हा, विलियम भौरा, रामू शर्मा, प्रदीप बबलू, पप्पू पंजवानी, राजकुमार साहू, काकू रंधावा, जसविंदर सिंह गिल, विजय शर्मा, डोमेन्द्र सावलकर सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री से सामुदायिक भवन मंच व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर से आज राजधानी रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में सुरेठी कुर्मी (वर्मा) समाज सेवा समिति, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम के प्रतिनिधिमण्डल ने भेट कर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पोड़ी, तहसील बोड़ला में समाज के सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य मांगे रखी तथा क्षेत्र के विकास के संबंध में विचार विमर्श किया। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने समाज के प्रतिनिधिमण्डल के साथ जमीन पर बैठकर चर्चा की। उन्होंने समाज के उपस्थित सभी सदस्यों से अलग-अलग राय मांगी। इस दौरान ग्राम पोड़ी में सामुदायिक भवन, मंच एवं बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी गई। बोड़ला ब्लॉक में गण्डई खुर्द से बोईरकछरा मार्ग के मुरमीकरण की भी मांग रखी गई। कैबिनेट मंत्री अकबर ने इस संबंध में उचित कार्यवाही का आश्वसन दिया। उल्लेखनीय है कि मिलने आए लोगों से कैबिनेट मंत्री बड़ी ही सादगी के साथ मिलते है वे एक-एक लोगों की बात सुनते है साथ ही जमीन पर बैठकर लोगों से मिलने में कोई संकोच नहीं करते है। जमीन पर बैठक करने से सभी लोग एक साथ मंत्री जी से रूबरू होते है। समाज के प्रतिनिधिमण्डल में निम्न लोग शामिल थेः- शिवप्रसाद वर्मा अध्यक्ष देसहा कुर्मी समाज, बद्री प्रसाद वर्मा उपाध्यक्ष देसहा कुर्मी समाज, अशोक वर्मा कोषाध्यक्ष देसहा कुर्मी समाज, पीताम्बर वर्मा अध्यक्ष बोड़ला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अमर सिंह वर्मा अध्यक्ष सरपंच संघ बोड़ला ब्लॉक, धन्नूराम वर्मा सचिव देसहा कुर्मी समाज, कार्यकारिणी सदस्य गण परस वर्मा, लुचुक वर्मा, गऊवा राम वर्मा, कन्हैया वर्मा कार्यकरणी, द्वारिका वर्मा, अरूण वर्मा, शोभित वर्मा, छबी वर्मा, श्याम वर्मा, गिरधर वर्मा, मोहित वर्मा, कृष्णा वर्मा, विनोद वर्मा, रामफल वर्मा, अनुज वर्मा, सूरज वर्मा जनपद सदस्य।

# कलेक्टर महोबे ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को संयुक्त जिला कायाज़्लय के कलेक्टर कक्ष में विभिन्न ग्रामों से पहुंचे लोगों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूवज़्क सुनी उन्होंने ग्रामीणों की आवेदन पर संवेदनशीलतापूवज़्क विचार कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने का उन्हें भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आरएस ठाकुर सहित खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा**

# श्रम विभाग की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाये : सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्न्माण कर्मकार मंडल श्रम विभाग के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल कवर्धा प्रवास के दौरान नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व नगर पालिका जनप्रतिनिधियों के साथ रूबरू होकर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्न्माण कर्मकार मंडल श्रम विभाग के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए श्रम विभाग की जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार संवेदनशील सरकार है कवर्धा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर के मंशानुरूप सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्य भी निरंतर जारी है। उन्होनें श्रम विभाग के उपस्थित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर भाई के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का संचालन ठीक ढंग व सुचारू रूप से कराये। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाना हम सब का दायित्व है सभी पात्रताधारियों का मजदूर कार्ड बनाये। मजदूर कार्ड बनाये जाने हेतु वार्डो में शिविर लगाया जाना सुनिश्चित करें तथा सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर योजनाओं का चर्चा कर प्रचार-प्रसार करें। उन्होनें सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी प्राप्त किये।

**सभी को लाभ दिलाना हम सबका कर्तव्य-ममता चंद्राकर**

बैठक को पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना का लाभ सभी को मिल-जुलकर दिलाना है मजदूर लोगों तक सेवक बनकर उनके पात्रता को ध्यान में रखकर श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं लाभ दिलाया जाना है हमारी सरकार द्वारा मजदूर भाईयों के लिए अनेकोनेक योजनाओं चलाई जा रही है जिसका लाभ हम सबको दिलाना है यही हमारा प्रथम कर्तव्य है।

**श्रम विभाग की संचालित योजना अकल्पनीय-ऋषि कुमार शर्मा**

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रम विभाग की योजना अकल्पनीय है कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर के मार्गदर्शन व उनके मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन हम सबको मिलकर करना है नीचले तबके के सभी लोगों को लाभ दिलाना है उन्होनें जनप्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने वार्डो में पात्रताधारी व्यक्ति यों का मजदूर कार्ड बनवाये। ऑनलाईन भी मजदूरों का पंजीयन किया जा रहा है आने वाले समय में वार्डो में शिविर लगाकर मजदूर कार्ड बनाया जायेगा। उन्होनें बताया कि इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मजदूर कार्ड बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है उन्होनें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्न्माण कर्मकार मंडल श्रम विभाग संबंधी संपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होनें कहा कि आपके विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जमीनी स्तर से जोडने व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए नगर पालिका टीम पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

# मुख्यमंत्री निवास घेराव में कवर्धा जिले के सैकडों कार्यकर्ता हुए शामिल : पवन चंद्रवंशी



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आम आदमी पार्टी छ.ग.के आव्हान पर एवं प्रदेश प्रभारी संजीव झा तथा प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी, प्रदेश सचिव आकांक्षा देवी के नेतृत्व में कवर्धा जिले के सैकडों कार्यकताओं ने बीते कल को हसदेव अरण्य को बचाने के लिए मुख्यमंत्री निवास घेराव के कार्य म में शामिल हुए जिलाध्यक्ष पवन चंद्रवंशी ने छ.ग.के कांग्रेस की सरकार को दोगली सरकार बताया, 2018 के पूर्व जब कांग्रेश विपक्ष मे थी तो इसी कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने कहा था,कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आएगी तो वे आदीवासियों के साथ खडे रहेंगे और कोयला खदान नही खुलने देंगे हसदेव के जंगल को बचायेंगे, सरकार बनने के बाद इसी कांग्रेस सरकार ने खदानों को मंजुरी देना शुरू कर दिया है,जिस अडानी का कांग्रेस पर्दे के सामने विरोध दर्ज कराते रही है,आज उसी अडानी के सामने नतमस्तक है,यह कांग्रेस की दोगली निती है,आज हसदेव में अडानी ग्ररुप द्वारा सैकडों पेडों को काट दिया गया है,वहा रहने वाले आदिवासियों को बेघर किया जा रहा है,केजरीवाल जी सही कहते है भाजपा कांग्रेस भाई भाई,देश बाटके खाए मलाई,यह नारा छ.ग.में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है।

## सरकार की लापरवाही से रेडी टू इट योजना बन्द


**रायगढ़.** जिले में पिछले दो माह से महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए चल रही योजना रेडी टू इट कांगेस्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बन्द हो गई है जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषण आहार नही मिल रहा है। इस समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता सन्तोष राठिया ने मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा को मांगपत्र सौपा हैं। सन्तोष राठिया ने मांग पत्र सौप कर कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दिखावा करने के लिए प्रदेश का दौरा कर रहे है जबकि छत्तीसगढ़ की सबसे जरूरी योजना नवजतन योजना,सुपोषण योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण आहार का वितरण विगत दो माह से पूरी तरह बंद कर दिए है। सरकार की गलत नीतियों और अफसरों की लालफीताशाही से जनता त्रस्त हो गई है। पौष्टिक आहार की वितरण बन्द होने से गर्भवती महिलाओं के बच्चों पर गम्भीर प्रभाव पड़ेगा वही आंगनबाड़ी के बच्चों को आहार नही मिलने से कुपोषण का शिकार हो रहे है।

# जिला अस्पताल 15 दिन में शिफ्ट नहीं तो बदलेंगे डीन व सुप्रीटेंडेंट

■ **प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री की रायगढ़ में प्रेसवार्ता**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस बाबा ने रायगढ़ के मेडिकल कालेज को लेकर बडा अल्टीमेटम जारी किया है। लंबे समय से मेडिकल कालेज के भवन बन जाने के बाद भी जिला अस्पताल परिसर खाली नही करने के पत्रकारों के प्रश्न पर कहा कि अगर 15 दिनों के भीतर मेडिकल कालेज अपने नए भवन में शिफ्ट नही होता है तो मेडिकल कालेज के डीन व सुप्रीटेंडेंट को बदल दिया जाएगा। सोमवार को स्थानीय उच्च विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने डाक्टरों द्वारा निजी पैक्ट्रिस के मामले में सरकारी की मजबूरी बताई जिसमें डाक्टरों की कमी के चलते निजी प्रैक्ट्रिस करने वाले डाक्टरों पर कडाई नही होना बताया और जल्द



ही इस मामले में नियम बनाए जाएंगे। इससे पहले उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि राज्य सरकार जीएसटी व शेष जैसे टैक्स के मामले में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है लेकिन केन्द्र आज भी अपने बनाए गए नियमों को राज्य सरकारों पर थोप रहा है। उन्होंने नरेगा पंचायती राज संबंधी मामले में भी अपनी बातें रखी। उसके बाद रायगढ़ मेडिकल कालेज भवन पर भी अपनी कडी प्रतिक्रिया देते हुए अपने अल्टीमेंटम में 15 दिनों का समय कालेज सुप्रीटेंडेंट व मेडिकल कालेज डीन को बदल देने की बात कही।

एक अन्य प्रश्न के जवाब में टीएस बाबा ने कहा कि हसदेव जंगलों की कटाई को लेकर वे खुद संतुष्ट नही है लेकिन कोयले की कमी को दूर करने के लिए इस पर रोक लगाने के लिए भी कोई सरकार आगे नही आएगी। उनका कहना था कि हसदेव के जंगल कोयला खदानों की जद में आए हैं और यह अडानी की कोयला खदान नही है बल्कि किसी अन्य कंपनी द्वारा यह काम किया जा रहा है और उनका व्यक्तिगत यह मानना है कि कोयला खदानें अकेले छत्तीसगढ़ में नही है बल्कि भारत के अन्य राज्यों के पास भी है तो उन्हें अपने ढंग से कार्य शुरू करने चाहिए और पूरा बोझ एक ही स्टेट पर नही डालना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आयुष डिपाटमेंट में दूसरे राज्यों से डिग्री लेने वाले डाक्टरों के पंजीयन पर लगी रोक को हटा ली है और अब दूसरे राज्य से पढ कर आने वाले छत्तीसगढ़ आयुष डिग्री प्राप्त डाक्टरों को पंजीयन का लाभ मिल सकेगा।

राजनीति संबंधी पूछे गए सवालों पर टीएस बाबा का कहना था कि वे शुरू से ही कांग्रेस से जुडे हैं और जब तक वे रहेंगे कांग्रेस में ही रहेंगे क्योंकि कांग्रेस उनके डीएनए में है। अफवाहों को दरकिनार करते हुए उनका कहना था कि हाई कमान के दिशा निर्देश पर वे काम कर रहे हैं साथ ही साथ छत्तीसगढ़ में आगामी चुनाव को देखते हुए कराए जाने वाले विधायको की जीत की संभावनाओं के सर्वे पर भी एक स्वाभाविक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। लेकिन वे अंत तक उनके दो दिन के दौरे में जिले के पांचो विधायकों द्वारा बनाई गई दूरी के मामले में भी खुलकर कुछ नही कहा। सिर्फ यही जवाब दिया कि विधायकों का नही आना अपने क्षेत्र की व्यवस्तता हो सकता है और वे ऐसी बातों पर ध्यान नही देते।

## नगर पंचायत अड़भार में दैनिक वेतन भोगी एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के कार्यो की मॉनिटरिंग का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन को

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत ने 23 मई 2022 को एक आदेश जारी कर नगर पंचायत के उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन को नगर पंचायत अधीनस्थ समस्त दैनिक वेतन भोगियों एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के कार्य की मानिटरिंग एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य करते नहीं पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के संपूर्ण अधिकार सौंप दिए हैं,तथा इस संबंध में नगर पंचायत द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे जीएफसी कार्य के बेहतर क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी के रूप में उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन को बनाया गया है, तथा जीएफसी कार्य का क्रियान्वन बेहतर ढंग से हो सके तथा इस कार्य में नगर पंचायत के समस्त दैनिक वेतन भोगी एवं प्लेसमेंट कर्मचारी संपूर्ण सहयोग प्रदान कर सकें, इस दृष्टि से यह आदेश किया गया है, तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने नोडल अधिकारी मुजफ्फर हुसैन को जीएफसी कार्य के पूर्ण होने तक प्लेसमेंट एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से कार्य करवाने की संपूर्ण जिम्मेदारी तथा अधिकार उन्हें सौंपे हैं। उल्लेखित हो की विगत दिनों स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में जीएफसी के तहत सर्वे का कार्य युद्ध स्तर पर होना है, तथा इस कार्य के बेहतर संचालन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा टीम का गठन कर उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन को नोडल अधिकारी तथा नगर पंचायत के सफाई दरोगा विकास देवांगन को भी प्रमुख जिम्मेदारी देते हुए नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों को भी इस टीम में शामिल किया गया था, तथा इस टीम द्वारा सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, एवं शासन की मंशाअनुरूप उपरोक्त कार्य के बेहतर संचालन हेतु यह व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की जा रही है।

## अब प्रशासनिक सेवा में भी चला तबादला एक्सप्रेस, दर्जनों अधिकारी ईधर-उधर

■ **रायगढ़ के दो एसडीएम सहित पांच अधिकारियों का ट्रांसफर**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा में भी तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए प्रदेश के कई अधिकारियों को इधर उधर किया है। जिसका प्रभाव रायगढ़ जिले में भी पड़ा है। जिले के दो एसडीएम सहित पांच अधिकारियों को बाहरी जिलों में स्थानांतरित किया गया है तो वहीं प्रशासनिक सेवा में जिले के कुछ अधिकारियों को रायगढ़ भेजा जा रहा है।

राज्य सरकार ने आसन्न चुनाव को देखते हुए विभिन्न विभागों में सर्जरी शुरू कर दी है। इसी सर्जरी के तहत जिले में लंबे समय से पदस्थ रहे प्रशासनिक अधिकारियों को बाहरी जिलों का रास्ता दिखाया गया है। तो उनके स्थान पर बाहरी जिलों में पदस्थ कुछ प्रशासनिक अधिकारियों को रायगढ़ भेजा गया है। राज्य सरकार के ओर से जारी सूची के अनुसार बिलासपुर में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका वर्मा को रायगढ़ में इसी पद पर पदस्थ किया गया है। जबकि निगम आयुक्त धमतरी मनीष मिश्रा को संयुक्त कलेक्टर बनाकर रायगढ़ भेजा गया है। रायगढ़ जनपद के सीईओ सागर सिंह राज को संयुक्त कलेक्टर बनाकर सूरजपुर भेजा जा रहा है, तो उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर सुकमा रूपेन्द्र पटेल अब रायगढ़ जनपद के नए सीईओ होंगे। इसी तरह अपर कलेक्टर रायगढ राम अधारी कुरूवंशी को बिलासपुर का अपर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं संयुक्त कलेक्टर रहते हुए सारंगढ़ एसडीएम का प्रभार सम्हाल रहे नंदकुमार चैबे बस्तर में संयुक्त कलेक्टर बनाया गया है तो वहीं रायगढ़ एसडीएम के रूप में बहुचर्चित अधिकारी युगल किशोर उर्वसा को संयुक्त कलेक्टर के रूप में बेमेतरा में पोस्टिंग दी गई है। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ रहीं सीमा पात्रे को जनपद पंचायत कोरबा में सीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्य सरकार के इस आदेश के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हडकंप मच गया है।

## डोंगरीपाली प्राचार्य बर्मन आर्थिक अनियमितता के आरोपी करार

**रायगढ़.** जिले के बरमकेला ब्लाक अंतर्गत शा.उ.मा. विद्यालय डोंगरीपाली में प्राचार्य पद पर रहने के दौरान आर्थिक अनियमितता सहित अन्य आरोपों से घिरे पीएल बर्मन को राज्य शिक्षा विभाग ने विभागीय जांच के बाद आर्थिक अनियमितता का दोषी करार दिया है। उनके जीपीएफ से करीब 20 लाख की वसूली करने के साथ-साथ अनिवार्य सेवा निवृत्ति का आदेश जारी किया है। महानंदी भवन मंत्रालय शिक्षा विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि डोंगरीपाली में प्राचार्य के पद पर बने रहने के दौरान श्री बर्मन ने भारी अनियमितता की थी, जिसकी जांच होनें पर करीब 19 लाख 94 हजार 617 रूपये की रिकव्हरी निकली है। जांच के दौरान जांच दल ने यह भी पाया कि पीएल बर्मन ने जांच दल को जांच में सहयोग नही किया, कैशबुक अपूर्ण होना पाया गया तथा मांगे जाने पर भी जांच दल को विवाहित विषय से संबंधित व्हाउचर तक नही सौंपे गए।

## शक्ति शहर में 26 मई को होगी झूलकदम रोड में विकास ट्रेडर्स की ग्रैंड ओपनिंग

■ **नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ अवसर पर होगा श्री श्याम संकीर्तन का भव्य कार्यक्रम**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर में दशकों से सेनेटरी के क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी मालखरौदा बस स्टैंड गायत्री मंदिर रोड स्थित विकास ट्रेडर्स की नवीन प्रतिष्ठान की ग्रैंड ओपनिंग 26 मई दिन- गुरुवार को शहर के झूलकदम रोड में होने जा रही है, तथा शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म छेदीलाल विकास कुमार द्वारा स्थापित विकास ट्रेडर्स की ग्रैंड ओपनिंग के अवसर पर रात्रि 7:30 से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है,विकास ट्रेडर्स के संचालक विकास गर्ग बंटी ने बताया कि उनकी प्रतिष्ठान मालखरौदा बस स्टैंड में स्थित है, तथा समय के अनुसार ग्राहकों की सुविधाएं एवं सेनेटरी के क्षेत्र में ग्राहकों को बेहतर सामान उपलब्ध करवाने की दिशा में उनके द्वारा अपनी नवीन प्रतिष्ठान स्थापित की गई है, जहां 26 मई से ग्राहकों को सेनेटरी संबंधित सामान बड़े महानगरों की तरह मिल सकेंगे, वही विकास ट्रेडर्स के संचालक विकास गर्ग बंटी ने सभी शहर वासियों एवं क्षेत्र के नागरिक बंधुओं से इस ग्रैंड ओपनिंग एवं शाम 7:30 बजे से होने वाले श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में



सपरिवार शामिल होने की भी अपील की है, उल्लेखित हो कि विकास ट्रेडर्स पूरे अंचल की एक जानी-पहचानी दशकों पुरानी प्रतिष्ठान है, जिसमें ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लोग आवश्यकतानुसार सैनिटरी संबंधित समान प्राप्त करते हैं, एवं इस संस्थान द्वारा बेहतर क्वालिटी एवं बड़े शहरों की तरह वाजिब दाम पर ग्राहकों को सामान उपलब्ध करवाया जाता है,एवं इसके संचालक विकास गर्ग बंटी हैं।

## 17 विशेषज्ञ डॉक्टरों की हो रही है भर्ती, डेढ़ से दो लाख रुपये मिलेगी सैलरी

**रायगढ़.** चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ीकरण के लिए जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सिविल अस्पताल में 17 विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर जिला प्रशासन द्वारा संविदा नियुक्ति की जा रही है। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ के 5 पद, शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 पद, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ के 4 व मेडीसीन स्पेशलस्टि का 1 पद शामिल है। नियुक्ति हेतु ईमेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कर वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किए जायेंगे। इन पदों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों को मासिक वेतन 1.50 लाख से 2 लाख के बीच दिया जाएगा। विज्ञापन से संबंधित समस्त दिशा-निर्देश जिले के वेबसाइट में उपलब्ध है।

## मालदीव में भारत के उच्चायुक्त के रूप में पदस्थ मनु महावर ने किया राजधानी रायपुर की नालंदा लाइब्रेरी का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

भारतीय विदेश सेवा आईएफएस के 1996 बैच के अधिकारी एवं वर्तमान में मालदीव में भारत सरकार के उच्चायुक्त के रूप में पदस्थ मनु महावर ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित नालंदा लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा इस दौरान मनु महावर ने नालंदा लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं को मोटिवेशन करते हुए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया,तथा इस दौरान जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मयंक चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद थे,इस दौरान मनु महावर ने यूपीएससी के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से अपने अनुभव शेयर करते हुए उन्हें भारतीय विदेश सेवा में सर्विस की संभावनाएं एवं चुनौतियां



तथा जिम्मेदारियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं इस दौरान नालंदा लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं में भी भारत सरकार विदेश विभाग के मालदीव में पदस्थ उच्चायुक्त को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्नता देखी गई एवं छात्र छात्राओं ने भी उनसे खुलकर चर्चा की एवं इस दौरान नालंदा लाइब्रेरी के अधिकारीगण भी मौजूद रहे, तथा सभी ने आईएफएस मनु महावर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनकी मौजूदगी से जहां बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है, तो वहीं उनके मोटिवेशन से आने वाले समय में उन्हें इसका लाभ मिल सकेगा, उल्लेखित हो कि भारतीय विदेश विभाग मालदीव में उच्चायुक्त के रूप में पदस्थ मनु महावर छत्तीसगढ़ प्रदेश के धमतरी जिले से हैं, तथा वे अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान यहां के लोगों से मुलाकात कर अपना अनुभव शेयर करते हैं, एवं उसका लाभ भी दिलाते हैं, वही नालंदा लाइब्रेरी में पहुंचने पर प्रबंधन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत भी किया गया.

## देश के विपक्ष शासित राज्य घटाएं डीजल पेट्रोल की दरों में वैट : अंकित अग्रवाल

■ **मोदी सरकार द्वारा की गई ईधन की दरों में कटौती पर भाजयुमो शक्ति नगर मंडल ने जताया आभार**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ती नगर मंडल के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी कम करने के कारण पेट्रोल ?9.50 एवं डीजल की दर में ?7 की कटौती होगी। जिसका लाभ समाज के हर



वर्ग को प्राप्त होगा। केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार के लिए देश की जनता सबसे पहले है । ये आम जनता के कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री जी का समर्पण ही है जिसके कारण वैश्विक अस्थिरता के कारण बढ़ते तेल के दाम से राहत देने का साहसी निर्णय उन्होंने लिया,इस साहसिक एवं जनहितैषी निर्णय हेतु हम सभी प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते है,वहीं सरकार ने एक और बड़ा ऐलान करेत हुए घरों में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी देने की भी घोषणा की, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक साल में 12 गैस सिलेंडरों पर यह सब्सिडी दी जाएगी. सब्सिडी देने के उसके फै सले से 9 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचेगा, अंकित अग्रवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) की माँग है कि विपक्ष अपने शासित राज्यों में भी पेट्रोल-डीजल के दाम कम करे ताकि आम लोगों को महँगाई के बीच कुछ और राहत मिल सके।

## ए मां सेवा समिति की नई रोटी मशीन का लोकार्पण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने किया



■ **संस्था के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर विधायक श्री शर्मा ने दी 51000/-रुपये की सहयोग राशि**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

रायपुर शहर में एम्स हॉस्पिटल के मरीजो के परिजनों लिये रायपुर के 3 बड़े अस्पताल मेकाहारा डीकेएस एवं एम्स निःशूल्क भोजन दूत रूपी शहर की ए मां भोजन सेवा समिति जो विगत 3 वर्षो से प्रतिदिन बिना रुके भोजन व्यवस्था करते आ रही है, किसी अनजान शहर में अपने परिजनों के लिये रुके लोंगो को दो समय के भोजन के लिये सहारा बनी यह संस्था दानदाताओ के सहयोग से 3 वर्ष से भोजन की निरन्तर सेवा निःशुल्क कर रही है, और मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से आगे भी करेगी, अब इसी कड़ी में समिति द्वारा अत्यंत गरीब, निर्धन वर्गों के मरीजों के लिये सेवा चालू रखेगी इसी कड़ी मे फुल्ली ऑटोमैटिक रोटी मशीन का विधिवत पूजन के साथ लोकार्पण सत्यनारायण शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया,विधायक सत्यनारायण शर्मा ने इस अवसर पर संस्था की सेवा से प्रभावित होकर 51000/-हजार रुपये की राशि दान दी,एवम संस्था के संरक्षक राममणि यादव निर्मला गोयनका वरिष्ठ सहयोगी राधे राधे दी, रश्मि दीदी नीतू दीदी ब्रह्मा दीदी संजय मिश्रा नरेश नामदेव और पंडित पीके तिवारी उपस्थित रहे।

# सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

■ **आरोपियों से नकदी करीब 32,000 रूपये व सोने-चाँदी के जेवरात बरामद**
■ **चक्रधरनगर पुलिस ने भेजा रिमांड**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एसडीओपी धरमजयगढ दीपक मिश्रा के नगर पुलिस अधीक्षक का प्रभार लेते ही शहर के थाना चक्रधरनगर एवं चौकी जूटमिल क्षेत्र में हुई चोरियों में पुलिस टीम द्वारा शीघ्र आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी कर शत प्रतिशत मशरूका की बरामदगी किया गया है। इसी कड़ी में आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा बीते रात छोटे अतरमुड़ा, टीवी टावर के पास सुने मकान में चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई मशरूका की जप्त की 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।





इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छोटे अतरमुड़ा, टी.वी. टावर राणा आटा चक्की के सामने हेमराम नायक (46 साल) स्वयं के मकान में परिवार सहित निवासरत हैं। 21 मई की शाम हेमराम नायक अपने परिवार के साथ अपने पैतृक ग्राम तडोला पुसौर सत्यनारायण पूजा के लिये गये थे। आज सुबह करीब 7 बजे रायगढ़ वापस आये तो देखे घर का मुख्य दरवाजा का ताला टुटा हुआ था। घर के अंदर दोनो अलमारी का दरवाजा टुटा हुआ और दिवान पलंग का सामान बाहर बिखरे पड़े थे। कोई अज्ञात चोर अलमीरा में रखे सोने दूचांदी के जेवरात, आर्टिफिसियल जेवरात, नकदी रकम, घड़ी, पीतल का लोटा , कछुआ थाली इत्यादि को चोरी कर ले गया था। घटना के संबंध में चक्रधरनगर पुलिस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

सुबह घटनास्थल के निरीक्षण दौरान पुलिस टीम को अज्ञात आरोपियों द्वारा मौके पर चोरी में इस्तेमाल किया हुआ औजार लोहे का गैंती, रॉड और एक धारदार कैंची मिला। थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा स्टाफ को मुखबिरों को सक्रिय कर थानाक्षेत्र के सम्पत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुये आरोपियों से पूछताछ कर माल मुल्जिम का पतासाजी का निर्देश दिये। अलग-अलग दिशाओं में पुलिस टीमें मुखबिरों से जानकारी लेकर संदिग्धों से पूछताछ किया जा रहा था कि चक्रधरनगर पुलिस की पेट्रोलिंग द्वारा पूर्व में चोरी में चालान हुए आरोपी मनीष दास महंत और शिव सारथी को जमुनाइन चैंक के पास देखें।

पेट्रोलिंग गाड़ी को देखकर दोनों छिपकर भागने का प्रयास किये जिन्हें आरक्षक विक्कू सिंह व चंद्र कुमार बंजारे द्वारा दौड़ाकर पकड़े और थाना लेकर आए जिनसे पूछताछ में आरोपियों द्वारा चोरी कार्य कर चोरी के माल घर में छिपाकर रखना बताएं। आरोपी मनीष दास से नगदी रकम 23,610 रूपये, एक सोनाटा कंपनी का घड़ी, एक पीतल का कछुआ तथा आरोपी शिव सारथी से नगदी रकम 8,380 रुपए, बेनटेक्स का नकली जेवरात, लॉकेट, अंगूठी, कान का टॉप, झुमका, चैन, अंगूठी एवं एक चांदी का अंगूठी जप्त कर आरोपियों को 24 घंटे के भीतर नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सांसद गुहाराम अजगळे ने किया श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण

■ **महिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष गीता देवांगन के निवास पर चल रही पितृ मोक्षार्थ गया भागवत में शामिल हुए सांसद**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगळे 23 मई की देर शाम शक्ति शहर के महामाया मंदिर रोड स्थित महिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा जिले की अध्यक्ष श्रीमती गीता सेतराम देवांगन के निवास पर पितृ मोक्षार्थ गया श्रद्धा अंतर्गत चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल होकर कथा श्रवण किए।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, शक्ति ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, एवं जनपद पंचायत के सांसद प्रतिनिधि प्रेमलाल पटेल, युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कश्यप, भाजपा शक्ति नगर मंडल उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन, भाजपा शक्ति नगर मंडल महामंत्री रामनरेश यादव, सीनियर एडवोकेट सत्येंद्र नाथ सोनी, कृष्ण कुमार देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे, तथा इस दौरान सांसद गुहाराम ने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक विनोद त्रिपाठी से भी आशीर्वाद प्राप्त किया



तथा आयोजक परिवार के गीता देवांगन एवं सेतराम देवांगन से भी मुलाकात की इस दौरान व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक पंडित विनोद त्रिपाठी द्वारा सांसद सहित अन्य आगंतुक गणमान्य नागरिकों का भी गमछा पहनाकर सम्मान किया गया,साथ ही इस अवसर पर सांसद गुहाराम अजगळे ने आयोजक परिवार के आग्रह पर कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण हमें अपने जीवन के व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर अवश्य करना चाहिए तथा मेरा यह सौभाग्य है कि आज मुझे इस कथा श्रवण का लाभ मिला एवं मैं आयोजक परिवार को इस नेक पुण्य के कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए सोसायटियो में हो खाद बीज की उपलब्धता : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने तहसील अनुविभाग के अन्तर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्र कर लेवें। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती के प्रकरण, नवीन राशनकार्ड का निर्माण आदि के प्रकरण शामिल है। इसके अलावा जिलाधीश ने राजीव गांधी युवा मितान क्लब के संबंध मे जानकारी ली। जिलाधीश ने कृषि विभाग के अधिकारी से सोसायटी में खाद बीज की उपलब्धता, गौठानों मे बाड़ी विकास के तहत फेंसिंग एवं पानी की व्यवस्था, वर्मी खाद के उत्पादन के संबंध में, गोबर खरीदी के संबंध में तथा वर्मी खाद की बिक्री, टाका व केंचुआ उत्पादन यूनिट की पर्याप्त मात्रा की जानकारी ली एवं गौठानों में तेल एवं दाल प्रसंस्करण ईकाई स्थापना के प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमारे बनाये गये योजना के अनुरुप गोबर की खरीदी विकासखण्डवार जनपद पंचायतों के साथ समन्वय कर करें और इसकी जानकारी प्रत्येक सप्ताह उपलब्ध करावें। स्वास्थ्य विभाग से मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता आदि से संबंधित एवं म.बा.वि. अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर, रेडी-टू-ईट, गर्म भोजन की व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निवारण प्रणाली (सीपी ग्राम्स), जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए प्रकरणों का समय पर निवारण करें। उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी से मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता व स्कूल भवन की जर्जरता से संबंधित एवं आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण की प्रगति, शिक्षकों की भर्ती, छात्रों की भर्ती के संबंध में जानकारी ली साथ ही खाद्य विभाग से पीडीएस दुकान का संचालन, राईस मिलर्स के द्वारा धान उठाव की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभाग के अधिकारियों से अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी, आर बीसी 6-4 के प्रकरणों के भुगतान के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, साजा धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, सभी तहसीलदार, नगरीय निकाय के सीएमओ एवं जनपद पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## तहसीलदार ने किया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण



**पत्थलगांव।** तहसीलदार रामराज सिंह ने मंगलवार को पत्थलगांव स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्कूल में चल रहे निर्माण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा। उन्होंने नवनिर्मित भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान लैब के स्मार्ट और सुसज्जित स्वरूप का अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।तहसीलदार ने निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी, किचन सहित कई क्लास रूम का अवलोकन किया और प्राचार्य से विद्यार्थियों और शिक्षकों की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल परिसर में जल्द से जल्द पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने इस अवसर पर संबंधित निर्माण एजेंसी के इंजीनियर को मौके पर बुलाकर अन्य आवश्यक कार्य कराने संबंधी निर्देश भी दिए।

## कलेक्टर डॉ सिंह ने किया जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण



### कार्यालयों की नियमित साफ सफाई और पंजियों को व्यस्थित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने जिला जनसंपर्क कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, श्रम विभाग कार्यालय, निर्वाचन शाखा, मछली पालन विभाग कार्यालय, आगर संगोष्ठी कक्ष, डिजिटल अभिलेखागार, खाद्य शाखा, छ.ग. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क कार्यालय, छ.ग. अंत्यावसायी वित्त विकास निगम कार्यालय, जिला योजना एवं सांस्कृतिक कार्यालय, जिला खनिज कार्यालय, जिला उद्योग एवं व्यापार कार्यालय, कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थान, जिला नागरिक आपूर्ति निगम के कार्यालय, छ.ग. राज्य सहकारी विपणन के कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय, आदिवासी विकास विभाग कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कार्यालयीन उपयोगी सामग्रियों के व्यवस्थित रख-रखाव न होने पर अपनी नाराजगी जताई और सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई सहित संधारित पंजियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालय को आदर्श कार्यालय की तरह स्थापित हो। इस अवसर पर उन्होंने जिला कलेक्टोरेट के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर द्रव नम्रता आनंद डोंगरे और नवीन भगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## टाटा मोटर्स ने पेश की नई नेक्सॉन ईवी मैक्स, कीमत 17.74 लाख रूपये

**रायपुर।** भारत में यातायात के साधनों के तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए प्रतिबद्ध, टाटा मोटर्स ने छत्तीसगढ़ में पसर्नल मोबिलिटी सेग्मेंट में भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहन का नया मॉडल लॉन्च किया है। रायपुर (भसीन वेंचर्स और नेशनल गेराज) और भिलाई (साईराम ऑटोमोबाइल्स) में डीलरशिप पर उपलब्ध नेक्सॉन ईवी मैक्स 17.74 लाख रुपये (एक्सशोरूम-ऑल इंडिया) के शुरुआती आकर्षक दाम पर यहां के उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च किया है। इस पेशकश के साथ, टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों के आकर्षण को बढ़ाने के लिए अपनी नेतृत्व की स्थिति को बनाए रखा है। कंपनी ने उन उपभोक्ताओं को नया ऑफर देने के साथ बाजार का विस्तार किया है, जो अलग-अलग शहरों के बीच लंबी यात्रा के लिए किसी वाहन की तलाश कर रहे थे। नई नेक्सॉन ईवी मैक्स हाई वोल्टेज की आधुनिक जिप्ट्रॉन टेक्नोलॉजी से लैस है। यह उपभोक्ताओं के लिए दो ट्रिम ऑफर्स में उपलब्ध होगी, जिसमें नेक्सॉन ईवी मैक्स एक्सजेड+ और नेक्सॉन ईवी मैक्स एक्सजेड+एलयूएक्स शामिल हैं। यह तीन आकर्षक रंगों, इंटेन्सी-टील( इस मॉडल के लिए यह रंग विशेष तौर पर ऑफर किया जा रहा है)। डेटोना ग्रे और प्रिस्टीन व्हाइट रंगों में मिलेगी। डुअल टोन बॉडी कलर को मानक के रूप में पेश किया जाएगा। 40.5 किलोवॉट ऑवर के लिथियम आयन बैटरी पैक से लैस नेक्सॉन ईवी मैक्स 33 फीसदी की उच्च बैटरी क्षमता ऑफर करती है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को इस गाड़ी से लंबी यात्राओं के दौरान चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती। नेक्सॉन ईवी-मैक्स को मानक परीक्षण के अनुसार एआरएआई की 437 किमी की प्रमाणित रेंज ऑफर करती है, जिससे एक शहर से दूसरे शहर के बीच बिना किसी रुकावट के यात्रा सुनिश्चित होती है।

# क्षेत्रवासियों के बुलावे पर जन्मदिन मनाने नगर देवकर पहुंचेगे मंत्री रविन्द्र चौबे

### विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर नगरवासियों को देंगे अनेकों सौगात?

पायनियर संवाददाता ∢ देवकर
www.dailypioneer.com



आगामी 28 मई को क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कैबिनेट के कृषि, पशुपालन, मत्स्य, जलसंसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे अपना 65 वां जन्मदिन को अपने विधानसभा क्षेत्र के गढ़ नगर पंचायत देवकर में मनाने जा रहे है। जिसके लिए अभी से ही नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर है। अपने चहेते नेता एवं क्षेत्रीय विधायक को जन्मदिन को खास बनाने एवं भव्य स्वागत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि व कांग्रेस कार्यकताओं के साथ आमजनता बेसब्री से प्रतीक्षारत है। जिसमे कार्यक्रम का आगाज युवा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा बाइक रैली के माध्यम से आयोजक स्थल गांधी चौक में विशाल फूलहार के स्वागत के साथ होगा। ततपश्चात कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रविन्द्र चौबे नगर के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। वही इस अवसर पर मंत्री जी के साथ नगर सहित समूचे क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बताया जा रहा है कि मंत्री जी के जन्मदिन को खास एवं भव्य रूप देने के लिए नगर के प्रतिनिधियों द्वारा नगर देवकर स्थित विधायक कार्यालय में लगातार क्षेत्र के समस्त कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ लगातार बैठक ली जा रही है। लिहाजा नगरवासी व क्षेत्रवासी अपने सूबे के विधायक एवं चहेते जननायक रविन्द्र चौबे के स्वागत एवं जन्मदिन के लिए अभी से तैयारियों में जुट गए है।यह कार्यक्रम नगर के हृदयस्थल गांधी चौक में आगामी 28 मई दिन शनिवार को शाम 5 बजे आयोजित होगी। वही इस कार्यक्रम के पूर्व में दोपहर 1 बजे से सुप्रसिद्ध छतीसगढ़ी लोक कलाकार गोरेलाल बर्मन का लोक सिंगार कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विभिन्न विकास कार्यो का होगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन? दरअसल नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार नगर देवकर में करीब 26 लाख 35 हज़ार रुपये की लागत से पौनी पसारी योजना अंतर्गत हॉट बाजार का निर्माण, करीब 38 लाख रूपये की लागत से 14 वें वित्त अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सीसी रोड व नाली निर्माण, दुर्ग बेमेतरा स्टेट हाइवे से नगर पंचायत तक करीब 2 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण, करीब 52लाख 53 हज़ार रुपये की लागत से, नवीन धान खरीदी केंद्र निर्माण कार्य व करीब 2 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से नगर मुख्य मार्ग से नगर पंचायत तक, भरत साहू के घर से जोगी तालाब के घर तक, स्वास्थ्य केंद्र से जामगांव तक डब्ल्यू बीएम रोड का निर्माण कार्य के भूमिपूजन के साथ करीब 15 लाख 26 हज़ार की लागत से निर्मित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण करेंगे। साथ ही इसके अलावा मंत्रीजी नगर सहित क्षेत्रवासियों को अनेको विकास कार्यो की सौगात देने की सम्भावना है।

**मंत्री जी के भव्य जन्मदिन कार्यक्रम में इनकी रहेगी उपस्थिति**

साजा विधानसभा क्षेत्र के रविन्द्र चौबे जी का कैबिनेट में मंत्री बनने के बाद यह पहला अवसर है जब उनके विधानसभा क्षेत्र के हॉटस्पॉट नगर पंचायत देवकर में उनका भव्य जन्मदिन मनाया जा रहा है। जिसमे उनके मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता-जान्त्री बिहारी साहू(अध्यक्षा-नगर पंचायत देवकर), अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा के युवा नेता अविनाश चौबे के साथ विशिष्ट अतिथि सन्तोष वर्मा(अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा) एवं विनोद कुंजाम(विधायक प्रतिनिधि व ब्लॉक कोषाध्यक्ष) मौजूद रहेंगे।

## नई जीप मेरिडियन को लैण्डमार्क जीप साउथ दिल्ली शोरूम में किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय जीप वाहनों में से जीप मेरिडियन एसयूवी को रु लाख की इंडरोडक्टरी कीमत पर लॉन्च किया गया है। भारत में निर्मित (मेड-इन-इंडिया) और भारत के लिए निर्मित (मेड-फॉर-इंडिया) इस थ्री-रो जीप एसयूवी को ग्रुप लैण्डमार्क द्वारा साउथ दिल्ली के लैण्डमार्क जीप शोरूम मे प्रदर्शित किया गया, जो देश में कार डीलरशिप्स के सबसे बड़े नेटवर्क का संचालन करता है, 8 राज्य में इसकी 115 ए - ग्रेड टच-पॉइंट्स हैं। इस अवसर पर मेरिडियन ने न सिर्फजीप के डीएनए का जश्न मनाया, बल्कि दशकों के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग कौशल का बेजोड़ अनुभव भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान राजीव वोहरा, निदेशक, और रेणुका डूडेजा, मुख्य विपणन अधिकारी, ग्रुप लैंडमार्क के साथ-साथ कई मशहूर हस्तियों उपस्थित थी। जीप मेरिडियन की कीमत के अनावरण पर बात करते हुए संजय ठक्कर, चेयरमैन एवं संस्थापक, ग्रुप लैण्डमार्क, ने कहा, जीप मेरिडियन रोमांच और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है। ग्रुप लैण्डमार्क का अनुभव इसे और भी खास बनाता है, ऐसे में यह नई जीप एसयूवी देश के उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। हमेशा की तरह ग्रुप लैण्डमार्क आने वाले समय में भी उपभोक्ताओं को खरीद एवं सर्विस में बेहतरीन अनुभव प्रदान करता रहेगा। देश में स्थित कंपनी के अन्य शोरूमों की तरह लैण्डमार्क जीप साउथ दिल्ली शोरूम, अपने उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करता रहेगा और अपने दो दशकों के अनुभव के साथ उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरता रहेगा। जीप मेरिडियन, आधुनिक आर्कीटेक्चर, शानदार डिज़ाइन, पावरफुल टेकनिकल स्पेसिफिकेशन्स के साथ रोमांच और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है। सेगमेन्ट में पहली बार इसमें कई उत्कृष्ट फीचर्स शामिल किए गए हैं।


**कार्यालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202202210100001/03 अ/20 (3) वर्ष 2020-21
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल प्रसाद केडिया पिता थानूराम केडिया निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 डी प्लाट नं. 122/4 कुल क्षेत्रफल 1325 वर्गफीट 30 वर्षीय गैर रियायती दर पर स्थायी पट्टे से प्राप्त है तथा नजूल अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को छ.ग. शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर का पत्र क्रमांक एफ-04-07/ सात 01/ 2019 दिनांक 26/10/2019 के अनुसार गैर रियायती दर पर प्राप्त स्थायी पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने का आवेदन श्रीमान नजूल अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 01/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बलौदाबाजार (छ.ग.)


## जनचौपाल मे मिले 29 आवेदन

## जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात के कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय मे आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 29 आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों में निराश्रित पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने, पारिश्रमिक भुगतान राशि प्रदाय करने, आंगनबड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति कराने, विधवा पेंशन प्रदान कराने, ग्राम पंचायत जंगलपुर के पंचायत सचिव को हटाने, अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन बिछाने के संबंध में, ग्राम पंचायत सिंघौरी के आश्रित ग्राम सिरसा में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शौचालय दिलाने, ओलावृष्टि से हुई क्षतिपूर्ति की बीमा राशि दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय सीमा पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें, जिन समस्याओं का निराकरण प्रशासन स्तर से संभव है उन्हें प्रशासनिक स्तर पर तथा जिन समस्याओं के निराकरण में राज्य शासन द्वारा मार्गदर्शन की जरूरत है वहां पर राज्य शासन से मार्गदर्शन लेकर समस्याएं हल कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को सूचना दी जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, साजा धनराज मरकाम, नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विभागीय परीक्षा का आयोजन 01 अगस्त से 08 अगस्त तक

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के निर्देशानुसार 01 अगस्त 2022 से 08 अगस्त 2022 तक संभाग स्तर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर(जगदलपुर) तथा अम्बिकापुर(सरगुजा) में विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। छ.ग. शासन के उन अधिकारियों जिन्हें विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक हो, वे उक्त परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक हो तो अपना नाम उचित माध्यम से अपने विभागाध्यक्ष को 20 जून 2022 के पूर्व भेज सकते हैं। विभागाध्यक्ष के द्वारा 30 जून 2022 तक इच्छुक अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची गृह विभाग को भेजी जाएगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र आयुक्त को भी नाम व परीक्षा में शामिल होने वाले विषय की सूची उपलब्ध कराना होगा, ताकि परीक्षा केन्द्र आयुक्त के द्वारा समेकित सूची में नाम शामिल किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी 1978 के अनुसार विभागीय परीक्षा में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति वर्ग के परीक्षार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु 10 प्रतिशत अंकों तक छूट दी गई है। अतः उक्त छूट का लाभ लेने वाले परीक्षार्थी अपना जाति प्रमाण पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्र के आयुक्त को प्रस्तुत कर सकते हैं। परीक्षार्थी अपने आवेदन पत्र में स्पष्ट उल्लेख करेंगे कि वे राजपत्रित/अराजपत्रित श्रेणी के हैं।

## व्यापम ने आयोजित पीपीटी की परीक्षा 29 मई को

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर (व्यापम) द्वारा रविवार 29 मई 2022 को पूर्वान्ह 9 बजे से 12:15 बजे तक पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा (पीपीटी)-2022 का आयोजन किया जाना है। जिला बेमेतरा अंतर्गत उक्त परीक्षा में कुल 367 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिसके लिए शास.पं.जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा तथा लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शास. कन्या महाविद्यालय बेमेतरा कुल 02 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान ने पीपीटी की परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु हीरा गवर्ना डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी एवं आशुतोष गुप्ता तहसीलदार बेमेतरा को सहायक नोडल नियुक्त किया है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पृथक-पृथक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से राजकुमार मरावी नायब तहसीलदार बेमेतरा के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को मास्क लगाना अनिवार्य है एवं अपने साथ हैण्ड सैनिटाइजर की छोटी पारदर्शी बॉटल रख सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों को भारत सरकार/छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के संबंध में जारी अद्यतन निर्देशों का पालन अनिवार्य है।


**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्डों/भवनों **टाटीबंध, वीरसावरकर नगर हीरापुर, पं. दीनदयाल उपाध्या नगर डंगनिया, कबीर नगर, एवं जनता कॉलोनी गुढ़ियारी, रायपुर** में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्डों/भवनों को फ्री होल्ड अधिकार में सपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | भवन / भूखण्ड क्र. |
|---|---|---|---|
| **टाटीबंध रायपुर** | | | |
| 1. | श्रीमती एस.वी.लक्ष्मी नायडु | स्व. श्री एम.एन.आर. नायडु | LIG-63 |
| **वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर** | | | |
| 2. | श्रीमती अनुराधा गुप्ता | श्री राजेन्दर गुप्ता | JR. MIG-1879 “C” |
| 3. | श्री संतोष चोपकर | स्व. श्री काशीरामजी चोपकर | JR. MIG-1879 “A” |
| 4. | श्रीमती योगिता वैष्णव | श्री चुरामणी वैष्णव | LIG-I/1079 SL- III |
| 5. | श्री विवेकानंद देशमुख | श्री कारू देशमुख | CH-II 114 SL - III |
| **पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर** | | | |
| 6. | श्री रविकान्त जैन | श्री निर्मल कुमार जैन | SR. MIG-689 Sec -II |
| **कबीर नगर रायपुर** | | | |
| 7. | श्रीमती मौसमी कर | श्री हिमांशु शेखर कर | MIG(KBT)-133 PH-III |
| **जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर** | | | |
| 8. | श्री तोटा सन्यास नायडु | स्व. श्री तोटा हनुमंत राव | LIG- 85 |
| 9. | श्री सी. के. सोमनाथा पनिकर | श्री पी. कुंजु पनिकर | LIG- 201 |
| 10. | श्री रविन्द्र प्रसाद | स्व. श्री मौजी सिंह | LIG- 848 |
| 11. | श्री हीरा प्रसाद गुप्ता | स्व. श्री किशुन राम | LIG- 844 |
| 12. | श्री ज्ञानीराम वाल्दे | स्व. श्री केशवराम वाल्दे | JANTA-592 |
| 13. | सुश्री मिली बिश्वास | स्व. श्री जे.पी. बिश्वास | JANTA-58 |
| 14. | श्री के जयलक्ष्मी | श्री के. उपेन्द्र राय | JANTA-376 |
| 15. | मुस्ताक अहमद आजमी | स्व. नीजामुद्दीन अन्सारी | JANTA-739 |

मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सड्डू रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-293 **श्री तेजराम साहू पिता श्री कार्तिक राम साहू** निवासीः- सरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 03.02.2010 को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत, वर्तमान में **श्रीमती सरिता जांगड़े पति श्री रोशन जांगड़े** निवासीः- सेक-01, सड़क नं.-06, क्वाटर नं.-01 बी, भिलाई दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक सेडार-I/141, **श्री राजेश तिवारी पिता स्व. श्री सर्वदा नंद तिवारी,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 21.10.2014 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 31.08.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री राजेश तिवारी पिता स्व. श्री सर्वदा नंद तिवारी**, निवासी-फ्लैट नम्बर-2202, ब्लॉक बी, शांति रेसीडेन्सी टिकरापारा लालपुर रायपुर, (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री निलेश प्रजापति पिता श्री अशोक कुमार प्रजापति, निवासी-ई-16, प्रथम तल, राजीव नगर** रायपुर, (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर



**कार्यालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202202210100002/04 अ/20 (3) वर्ष 2021-2022
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार केडिया पिता थानूराम केडिया निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 डी प्लाट न 122/6 कुल क्षेत्रफल 1959.2 वर्गफीट 30 वर्षीय गैर रियायती दर पर स्थायी पट्टे से प्राप्त तथा नजूल अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को छ.ग. शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर का पत्र क्रमांक एफ -04-07/ सात 01/ 2019 दिनांक 26/10/2019 के अनुसार गैर रियायती दर पर प्राप्त स्थायी पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने का आवेदन श्रीमान नजूल अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 01/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बलौदाबाजार (छ.ग.)



**कार्यालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202202210100003/05 अ /20 (3) वर्ष 2021 2022
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार केडिया पिता थानूराम केडिया निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 डी प्लाट न 122/ 3 कुल क्षेत्रफल 1655.4 वर्गफीट 30 वर्षीय गैर रियायती दर पर स्थायी पट्टे से प्राप्त है तथा नजूल अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को छ.ग. शासन एवं आपदा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर का पत्र एफ-04-07 / सात 01/ 2019 दिनांक 26/10/2019 के अनुसार गैर रियायती दर पर प्राप्त स्थायी पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने का आवेदन श्रीमान नजूल अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 01/06/2022 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बलौदाबाजार (छ.ग.)



**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील बागबहार, जिला जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2020-21
ग्राम कोतबा तहसील पत्थलगांव

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम पंचायत नगर पंचायत कोतवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतनराम चौहान आ. रिवीराम जाति चिकवा निवासी कोतबा तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक को अपने पिता रिवीराम का दिनांक 07/08/2017 को मृत्यु हो गया जिसका प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसके लिये आवेदक अपने पिता रिवीराम की मृत्यु तारीख ग्राम पंचातय नगर पंचायत कोतबा में मृत्यु पंजीयन हेतु करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र शपथ पत्र एवं अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दिनांक 02/06/2022 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बागबहार, जिला जशपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **सिवनीखुर्द** के समस्त आश्रित ग्राम **पोंडी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- सिवनी खुर्द,**
**आवेदक का नाम- योधन सिंह,**
**हितग्राही का नाम- 1. डागेश्वरी मेरावी 2. खिलेश्वरी 3. लक्ष्मण मेरावी 4. निरंजन मेरावी, आनलाईन आवेदन क्रमांक - 0704012214000702, 0704012214000704, 0704012214000705, 0704012214000706,**
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- गोंड,**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 01/06/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 17/05/2022
पेशी दिनांक - 021/06/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

# आत्मानंद स्कूल में एलकेजी कक्षाएं शुरु होगी या नहीं! प्राचार्या और विभाग के अलग-अलग दावों से पालक असमंजस में

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एलकेजी कक्षाओं का संचालन इसी शैक्षणिक सत्र से शुरु होगा या नहीं इसे लेकर असमंजस की स्थिति है। इस कक्षा में दाखिले के लिए बाकायदा स्कूल प्रबंधन की ओर से ऑफलाईन आवेदन बांटे भी गए और जमा भी हुए। अब इस मसले को लेकर पालकों की शिकायत सामने आई है।

शहर में सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंगेजी माध्यम स्कूल विगत दो वर्षो से संचालित हो रहा है। यहां एलकेजी कक्षा में 30 सीटें निर्धारित की गई थीं। प्रवेश के लिए पालकों से आवेदन भी लिए गए। जानकारी के मुताबिक इसके लिए अब तक लगभग तीन सौ पालकों को आवेदन फार्म बांटे गए हैं और लगभग 250 फार्म अब तक जमा भी हो चुके हैं।

वहीं अब तक आत्मानंद स्कूलों में एलकेजी कक्षाओं के संचालन को लेकर किसी तरह की तैयारियां भी नहीं की गई है। छोटे बच्चों के बैठने के लिए भवन और दूसरी आवश्यकताओं को लेकर अभी कुछ तय नहीं है। इस संबंध में समिति की बैठक भी नहीं हुई है। इसके चलते भी इस मसले में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

इधर, अचानक स्कूल प्रबंधन की ओर से एलकेजी कक्षा इस वर्ष से शुरु न होने की बात कही जा रही है। पीड़ित पालक लखोली निवासी शिव निर्मलकर ने इस संबंध में शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वे बच्चे के एडमिशन के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने जब स्कूल की प्राचार्या से प्रवेश के लिए लॉटरी की तारीख जाननी चाही तो उन्हें हैरान करने वाला जवाब मिला।




## आदेश पर बांट दिए फार्म

बताया जा रहा है कि प्राचार्य आशा मेनन द्वारा पालको को मौखिक रूप से यह जानकारी दी जा रही है कि स्कूल में इस वर्ष नर्सरी या एलकेजी की कक्षा आरंभ नही की जा रही है।शिव ने बताया कि बीते सोमवार को प्राचार्या ने उन्हें ये जानकारी दी।प्राचार्या ने बताया कि ऐसी कोई कक्षा उनके स्कूल में इस वर्ष आरंभ नही हो रहा है, उच्च अधिकारियों के कहने पर फार्म बांट दिया गया था लेकिन इसकी कोई तैयारी नही हो रही है।इसके बाद पीड़ित पालक ने स्कूल शिक्षा सचिव व विभागीय संचालक को लिखित शिकायत प्रेषित की है।

## अभी तैयारियां शुरु नहीं हुई

विभागीय अधिकारी कहते हैं कि एलकेजी की कक्षाएं इसी सत्र से शुरु किए जाने की तैयारी है। शासन से आदेश आया है। कलेक्टर-डीईओ तय करेंगे कि किस तरह और कहां कक्षाओं का संचालन होगा। समिति की बैठक में इस कक्षा के संचालन को लेकर सबकुछ तय किया जाएगा। छोटे बच्चों के लिए बैठक की व्यवस्था और फर्नीचर के अलावा अभी कई तैयारियां किया जाना शेष है।

## सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

छत्तीसगढ़ पैरेंटस एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रेल 2022 को एक आदेश जारी कलेक्टर्स को प्रारंभिक तैयारी कर आगामी शिक्षा सत्र में नर्सरी कक्षाये प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। अब इसे लेकर किसी और ही तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं। पॉल का कहना है कि राज्य सरकार को जिम्मेदारी तय करना होगा और पालको के साथ ऐसा बार-बार धोखाधड़ी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाना चाहिए।

# हाथ में लगी चोट ने पहुंचाया सलाखों के पीछे, लॉकर से लाखों उड़ाने वाले गिरफ्तार

## एटीपी मशीन से लाखों की रकम पार हुई थी, 24 घंटे के भीतर धरे गए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com



विद्युत विभाग के बिल भुगतान केंद्र (एटीपी) के लॉकर से लाखों की चोरी का खुलासा पुलिस ने किया है। इस मामले में दो ठेका कर्मियों की गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों के पास से चोरी गई रकम 8 लाख 65 हजार रुपए बरामद हुई है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले को सुलझा लिया है। वारदात बीते 22 मई की है जिसकी रिपोर्ट सोमवार को दर्ज कराई गई थी। पुलिस को शुरु से ही इस मामले में किसी विभागीय जानकार व्यक्ति पर संदेह था। आरोपी आरोपी राकेश कुमार साहू (28) डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रातापायली और दिपांशु महोबिया (24) शहर के तुलसीपुर का निवासी है। पुलिस के मुताबिक कैलाश नगर स्थित एटीपी मशीन के लॉकर से चोरी की रिपोर्ट विद्युत विभाग (सीएसपीडीसीएल) के सहायक अभियंता गजानंद देवांगन ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। बताया गया था कि एटीपी मशीन के लॉकर को काटकर उससे तकरीबन 10 लाख रुपए की चोरी की गई है। यह वारदात बीते रविवार को हुई। बैंक की छुट्टियों के चलते यह रकम बैंक में जमा नहीं की गई थी। आरोपियों ने मशीन के लॉकर को गैस कटर से काटा था। थाना प्रभारी और उनकी टीम ने घटना स्थल निरीक्षण कर पहले स्थानीय स्टाफ या व्यक्ति के घटना में शामिल होने की आशंका जमाई थी। इसके बाद विभाग के स्थायी व अस्थायी कर्मियों की सूची बनाकर उनके संबंध में जानकारी इकठ्ठा की गई।

## हाथ की चोट से पकड़ाए

विभाग के कर्मियों से पुलिस ने पूछताछ शुरु की। इसी दौरान पूर्व कर्मचारी राकेश कुमार साहू को तलब किया गया। उसके हाथ में चोट थी। पुलिस ने इसे लेकर सवाल-जवाब शुरु किए। कुछ देर बाद ही राकेश ने दीपांशु के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल ली। उसने बताया कि 22-23 मई की दरम्यानी रात उन्होंने चोरी की। एटीपी रूम में लगे ताले व लॉकर को कटर मशीन से काटा और जहां तक हाथ पहुंचा वहां तक की रकम साफ कर दी। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

# आम लोगों को राहत देने की बजाए दूसरों का मुंह ताक रहे हैं मुख्यमंत्री : सज्जन, प्रखर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के निर्देश व जिला भाजयुमो के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के उत्तर व दक्षिण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में पेट्रोल-डीजल में वैट टैक्स कम किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। भाजयुमो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजलऔर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम कर जनता को महंगाई से बड़ी राहत दी गई है। अब बारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। वे ईंधनों की कीमत में वैट कम करें ताकि आम जनमानस को थोड़ी और राहत मिल सके। भाजयुमो उत्तर व दक्षिण मंडल अध्यक्षद्वय सज्जन ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल - डीजल की एक्साईज ड्यूटी में बड़ी कीमत घटाई गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि, वे महज ढोंग कर रहे हैं। अगर उन्हें महंगाई को लेकर जनता की चिंता होती तो वे दूसरों का मुंह नहीं ताकते। अब तक उन्होंने पेट्रोल- डीजल में किसी तरह की राहत नहीं दी है। उनकी तीन वर्षीय कार्यकाल में प्रदेश कर्ज में डूबता जा रहा है यही कारण है कि वे ईंधन से राज्य की कमाई बढ़ाने पर ही ध्यान दे रहे हैं। अध्यक्षों ने कहा कि भूपेश सरकार की असफल आर्थिक नीतियों के का प्रभाव आम जनमानस पर पड़ रहा है।

**जमकर हुई नारेबाजी-** भाजयुमो ने मंगलवार को अपना विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार को ईंधन के दामों पर वैट कम न करने को लेकर कोसा। उन्होंने यहां मौजूद अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मुख्यमंत्री से ईंधन में वैट टैक्स घटाकर आम वर्ग को राहत देने की मांग की गई है।

**ये रहे शामिल-** इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, उपाध्यक्ष अशोकादित्य श्रीवास्तव, प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य आलोक श्रोती,प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, जिला भाजयुमो महामंत्री आकाश चोपड़ा, उपाध्यक्ष आशीष डोंगरे, जिला मंत्री पिंटू वर्मा, उत्तर मंडल अध्यक्ष सज्जन ठाकुर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, महामंत्रीकमलेश लहरे, आशीष जैन, प्रहलाद सिन्हासहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक छन्नी साहू ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, समय पर निर्माण के लिए भी किया निर्देशित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने छुरिया क्षेत्र के ग्राम पैरिटोला-भेजराटोला-खोभा मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सोमवार की शाम आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद थे। ग्राम पैरिटोला-भेजराटोला-खोभा केबीच 5.30 किमी लंबे सड़क निर्माण कार्य की छत्तीसगढ़ शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस सड़क निर्माण की मांग रख रहे थे। ग्रामीणों की मांगऔर आवाजाही में समस्या को देखते हुए विधायक छन्नी साहू ने सड़क निर्माण को लेकर प्रयास किए और अब जाकर इसके निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक छन्नी साहू ने यहां पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि, ग्रामीणों की मांग पूरी हो चुकी है। जल्द ही यहां एक बेहतर आवाजाही के लिए गुणवत्तायुक्त सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा। उन्होंने इस निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि यह निर्माण समय पर पूरा हो और गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन,जिला कांग्रेस कमेटीप्रवक्ता राहुल तिवारी, जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरू साहू, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, महामंत्री विजय साहू, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमलेश यादव, महामंत्री अमित अग्रवाल, मदन नेताम, जोशी लाल साहू समाज सेवी, ईश्वर साहू, कलीराम चंद्रवंशी, सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, गोपालपुर सरपंच भक्तु राम, जोधि लाल साहू, केजऊ कोर्रा, सुरेश सोरी, वासु ठाकुर, जितेंद्र मंडावी, राजकुमार साहू, रामदास मनिकपुरी, प्रेमलाल साहू, प्रीतम साहू, चतुर सिंग, लखनलाल ठाकुर, ईश्वरदास जनक, लाल उमराव चंद्रवंशी, शंकर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# केंद्र में बैठी मोदी सरकार जनता के प्रति संवेदनशील है- खूबचंद पारख

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com



हाल में ही केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर 9.50 पैसे और डीजल पर 7 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम करने के निर्णय का प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने स्वागत करते हुए इसे जनहित में मोदी सरकार का उठाया गया बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार जनता के हितों के प्रति पूर्णत समर्पित है। इसलिए करोना काल में जब महंगाई ने गरीबों की कमर तोड़ दी थीऔर मौके का लाभ उठाने वाले स्वार्थी तत्वों का बोलबाला था, ऐसे नाजुक क्षणों में पूरे 2 वर्षों तक गरीबों के लिए प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज का निशुल्क वितरण मोदी सरकार कर रही है।विपरीत परिस्थितियों में गरीब लोगों के लिए यह सहायता संजीवनी साबित हुई है। पारख ने कहा कि आज देश मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर बहुत बड़ी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पारख ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार जनता के हितों के अनुरूप त्वरित निर्णय लेती है, जैसे ही गेहूं निर्यात के माध्यम से विदेशों में जाने लगा, केंद्र सरकार ने तत्काल ही इस पर रोक लगा दी। अन्यथा हमारे देश में अनाज की महंगाई बढ़ जाती। पारख ने कहा कि कुशल शासन करने वाला व्यक्ति मौके की नजाकत के अनुसार जनता के हित में त्वरित निर्णय लेता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले भी पेट्रोल में 5 रुपए कम किया था और लोगों को राहत प्रदान की थी। इस बार 9.50 रुपए केंद्रीय शुरू के रूप में घटाकर जनता को बड़ी राहत प्रदान की है। पारख ने कहा कि पिछली बार भी सभी राज्यों ने वेट घटाया था और इस बार भी महाराष्ट्र और राजस्थान में वैट घटाकर जनता को कुछ राहत प्रदान की है परंतु भूपेश सरकार संवेदनहीनता की सारी हदों को पार कर चुकी है, इसलिए जनता की चिंता उसे बिल्कुल नहीं है। आने वाले समय में भाजपा इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी और जनता के बीच जाएगी।

# सभी स्कूलों के छात्रों के लिए निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




नगर के रायल किड्स इंग्लिश मीडियम में सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग क्लास शुरु की गई है। जिसका लाभ आसपास के गांव के छात्र छात्राओं को भी मिलेगा। छुरिया में लगभग 15 वर्षो से संचालित रॉयल किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की अपनी अलग ही पहचान है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। यहां के कई पूर्व छात्र आज डॉक्टर, कॉरपोरेट सेक्टर में बड़े पद पर काम कर रहे हैं। कई इंजीनियर हैं तो कुछ वैज्ञानिक की पढ़ाई कर रहे हैं! स्कूल के समन्वयक हरीश साहू ने बताया कि नए सत्र के लिए शाला में प्रवेश प्रारंभ है और 16 जून से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएगी! शाला के लिए 30 जून तक एकमुश्त शुल्क जमा करने पर 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी। नियमित छात्राओं को भी एकमुश्त शुल्क जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

स्कूल में कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी की सुविधा है। छोटे बच्चों के लिए वाहन की भी सुविधा उपलब्ध है। कला शिक्षा अंतर्गत रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी आदि भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

# सांसद ने सुनी क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं


पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



सांसद संतोष पांडे ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र खुज्जी दौरा कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम बागद्वार में जिला भाजपा महिला उपाध्यक्ष भेसबाई के निवास स्थान पर लोगों की जन समस्याएं सुनी। इससे पहले पुष्पगुच्छ, माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सांसद पांडे ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उनका समर्थन किया है। हमारा प्रयास उनके विश्वास को बनाये रखना होगा। हर समस्या का समाधान अपना कार्य समझ कर किया जाएगा। भेषबाई की अगुवाई में ग्रामीण व सरपंचो ने सांसद को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।जिस पर सांसद ने जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा फसल बीमा, विद्युत से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया तथा निर्माण कार्य की मांग की। जिस पर सांसद ने जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए तथा निर्माण कार्य स्वीकृत करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल में लगातार को शहर से जोड़ने के लिए काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली, सड़क, रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।केंद्र की सरकार देश मे जो बड़े-बड़े कार्य कर रही है। इन सबको जनता तक पहुंचाने की बात उन्होंने कार्यकर्ताओं से कही। सदस्यता अभियान को अधिक से अधिक करने व अन्य गतिविधियों पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपाके वरिष्ठ नेतागण चंद्रिका प्रसाद डड़सेना सांसद प्रतिनिधि, भेषबाई साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा राजनांदगांव,किरण रविन्द्र वैष्णव जनपद अध्यक्ष छुरिया,रविन्द्र वैष्णव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष,घांसी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि,लक्ष्मीनारायण गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव,बल्लू महाराज,मनीष त्रिपाठी, भुनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज छुरिया,एकांत चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष छुरिया, देवेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष साहू समाज कुमरदा,अजीत देवांगन पूर्व सरपंच आमगांव,गौरव अग्रवाल,विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी,महिला समूह,सरपंच, पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

## केबल व्यवसायी आदित्य मिश्रा का निधन

**राजनांदगांव।** शहर के केबल व्यवसायी आदित्य मिश्रा का मंगलवार तडक़े निधन हो गया। सुबह लगभग 3 बजे उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय जिला अस्पताल में दाखिल किया गया, लेकिन उनकी सेहत में सुधार नहीं आया और उनका स्वर्गवास हो गया। श्री मिश्रा अपने पीछे पत्नी और पुत्र-पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए। 48 वर्षीय मिश्रा लंबे समय से शारीरिक समस्या से जूझ रहे थे। स्थानीय लेबर कॉलोनी में मिश्रा के निधन की खबर से शोक का माहौल है। मिश्रा काफी मिलनसार थे। स्थानीय दिग्विजय कॉलेज के वह अर्थशास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट थे। शुरू से ही वह मेधावी छात्र रहे। उनका शहरभर के राजनीतिक और गैरराजनीतिक वर्गो से संपर्क रहा है। वह शुरू से ही केबल कारोबार के जरिये आम लोगों से संपर्क में थे। उनके छोटे भाई आशीष मिश्रा राज्य पुलिस सेवा में डीएसपी हैं। वहीं परिवार के अन्य सदस्य भी अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हैं।



# छालीवुड फिल्म डायरेक्टरों को भाने लगा डोंगरगढ़ का लोकेशन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी राजनांदगांव की धर्मनगरी डोंगरगढ़ वर्तमान समय में छॉलीवुड के निर्माता-निर्देशकों को काफी भा रहा है।माँ बम्लेश्वरी देवी के आकर्षक मंदिर में जस गीतों तथा माता के भजन क्वांर-चैत्र नवरात्रि के पूर्व यहां अक्सर शूट किए जाते हैं। अब छत्तीसगढ़ी फिल्मों की भी लगातार शूटिंगहोने लगी है। इसी बीच ग्वाला फिल्म्स डोंगरगढ़ के बैनर तले बन रही फ़िल्म मया - 3 छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में फिल्माई जा रही है। डोंगरगढ़ में अच्छी लोकेशन होने के कारण, फिल्म के खास सीन चिन्हित स्थानों पर फिल्माए जा रहे हैं।

डोंगरगढ़ के सुप्रसिद्ध फिल्मों के निर्माता-निर्देशक मनीष ग्वाला ने बताया कि माँ बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ के घने जंगल, चारों ओर पहाड़ों के साथ ही जलाशय-सरोवर, नदियां ये सभी हमारे फ़िल्म की आवश्यकतानुसार बढ़िया लोकेशन है।

छत्तीसगढ़ी फिल्म मया और मया 2 की सफलता के बाद, मया 3 में मुख्य भूमिका निभा रहे फिल्म सुपरस्टार अभिनेता प्रकाश अवस्थी ने बताया कि फिल्म पारिवारिक ड्रामा पर आधारित है। यह दो भाईयों की कहानी पर आधारित है।छोटा भाई समय के बाद पुलिस विभाग में नौकरी लगने के बाद भी संयुक्त परिवार में है। जो पारिवारिक मेलजोल का अच्छा संकेत है साथ ही बड़ा भाई होने के नाते परिवार की बड़ी जिम्मेदारी क्या होती है यह दर्शाया गया है।फिल्म में रोमांस, पारिवारिक शिक्षा के साथ-साथ जमाने के आधार पर जोरदार एक्शन को भी शामिल किया गया है।



**ये है** – फिल्म डायरेक्टर प्रोड्यूसर डोंगरगढ़ के निवासी मनीष ग्वाला ने बताया कि फिल्म कास्ट प्रकाश अवस्थी, नितिन ग्वाला, लिप्सा मिश्रा (उड़ीसा), जागृति सिन्हा, पुष्पेंद्र सिंह, संजय महानंद, अंजली सिंह, क्रांति दीक्षित, फिल्म के डायरेक्टर रेनू सिंह (मुंबई), जयनंदन सिंह (डीओपी) एवं फिल्म में गीत, संगीत, गायक सुनील सोनी एवं नारायण ग्वाला हैं।उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की रिलीज छत्तीसगढ़ के विभिन्न सिनेमाघरों में दीपावली के आसपास किया जाएगा।

# जनचौपाल में सुपोषण किट व सूखा राशन वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के ग्राम पंचायत खुज्जी में राजस्व सह जनचौपाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत खुज्जी के सरपंच की मौजूदगी में परियोजना अधिकारी व खंड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगांव तथा सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं को सूखा राशन वितरण किया गया। जिला प्रशासन के बैनरतले आयोजित जनचौपाल दरम्यान विभागीय अमले द्वारा कुपोषित बच्चों की माताओं को कुपोषण दूर करने हेतु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित परामर्श दिया गया। एनीमिक गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा आयरन युक्त भोज्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी गई। प्रत्येक 15 दिवसों में गंभीर कुपोषित बच्चों तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं का नियमत स्वास्थ्य जांच तथा उनके स्वास्थ्य एवम पोषण स्तर की सतत निगरानी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी स्तर के कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कुपोषण व एनीमिया दूर करने का प्रयास करने की कार्ययोजना पर अमल करने पर बल दिया गया। ग्राम पंचायत खुज्जी द्वारा कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन दुग्ध उपलब्ध कराया जा रहा है। विदित है कि कलेक्टर राजनांदगांव तारन प्रकाश सिन्हा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजनांदगांव श्रीमती रेणु प्रकाश के मार्गदर्शन में 16 मई 2022 से राजनांदगांव जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को शाम का अतिरिक्त गरम भोजन तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं को सूखा राशन प्रदान किया जा रहा है, ताकि उनमें व्याप्त कुपोषण और एनीमिया को दूर किया जा सके।

# 10 वीं की छात्रा को कार में अगवा कर दो युवकों ने किया गैंगरेप, दोनों गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

10वीं कक्षा की एक छात्रा को उसकी सहेली ने महाराणा प्रताप चौक बुलाया और खुद नही आई ।फोन करने पर सहेली ने अपने दो दोस्तो का हवाला दे उसके साथ घर लौट जाने कहा। सहेली के दोस्त कार लेकर पहुंचे और छात्रा को कार में बिठा एक हास्टल में ले जाकर जबरिया शराब पिला उसके साथ अनाचार किए और उसे बदहवास हालत में चौक पर छोड़कर भाग निकले ।घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।एक आरोपी भाजपा नेता ,पूर्व पार्षद का बेटा है ।



शहर के अंदर दो युवकों ने 10 वो की एक छात्रा को बंधक बनाकर गैंगरेप किया। दोनों आरोपी छात्रा के परिचित और उसकी सहेली के दोस्त हैं। सहेली से मिलने पहुंची छात्रा को घर छोड़ने के बहाने कार से हॉस्टल ले गए जबरदस्ती शराब पिलाकर दुष्कर्म किया। उसके पश्चात बदहवास हालत में चौक पर छोड़कर भाग निकले। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय एक लड़की जो 10 वो को छात्रा है , को रविवार की देर शाम उसकी सहेली ने कॉल किया और राजीव गांधी चौक पर मिलने के लिए बुलाया। रात करीब 8 बजे वह राजीव गांधी चौक पहुंची और अपने सहेली को फोन किया। उसने बताया कि वह राजीव गांधी चौक पहुंच गई है और वह कहां है। तब सहेली ने उससे कहा कि वह अपने घर में है। उसके घरवाले डांट रहे हैं, इसलिए वह नहीं आ सकती।

छात्रा की सहेली ने कहा कि वह नहीं आ सकती। उसके दोस्त कश्यप कॉलोनी गली नंबर-4 निवासी संतोष कुमार पमनानी उर्फ सन्नी (26) और कुम्हारपारा करबला चौक निवासी समीर खान उर्फ भुरूवा उर्फ सैम (19) कार लेकर आ रहे हैं तुम उनके साथ चली जाओ। कुछ देर बाद दोनों युवक कार लेकर राजीव गांधी चौक पहुंचे और उसे बैठाकर ले गए। इसके बाद दोनों युवक उसे पुराना बस स्टैंड करबला स्थित एक बॉयज हॉस्टल के एक कमरे में ले गए। वहां आरोपियों ने लड़की को बंधक बना लिया और जबरदस्ती शराब पिलाई। छात्रा के मना करने पर युवक गाली देने लगे। इसके बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा भागने की कोशिश करने लगी, तब दरवाजा बंद कर दिया गया था। करीब दो घंटे तक युवकों ने उसे अपने साथ रखा।

इस घटना के बाद दोनों युवक उसे लेकर महाराणा प्रताप चौक स्थित प्लेटिनम बार गए। वहां करीब पांच मिनट तक रहे। वहां से कार में बैठाकर जरहाभाठा मंदिर चौक लेकर आए और बीच सड़क में उसे उतारकर दोनों युवक भाग निकले। लड़की बदहवास हालत में मंदिर चौक के पास पड़ी रही। तभी देर रात उसके पापा ने कॉल किया, तब उसने जानकारी दी। इसके बाद लड़की के पिता उसे अपने साथ ले गए। घर पहुंच कर छात्रा ने अपनी मां को आप बीती बताई। सोमवार को उसके पापा उसे लेकर सिटी कोतवाली थाना पहुंचे। टीआई शीतल सिदार का इस बारे में कहना था कि छात्रा की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। उसके बयान के आधार पर दोनों आरोपी के खिलाफ बंधक बनाने व सामूहिक दुष्कर्म करने की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# कांग्रेस नेताओं का विरोध काम नहीं आया रेलवे ने एक माह के लिए 36 यात्री ट्रेनें निरस्त की

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेताओ ,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की घोर आपत्तिऔर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव का पत्र पर कोयला आपूर्ति भारी पड़ गया ।रेलवे बोर्ड ने पिछले माह जिन यात्री ट्रेनों को एक माह के लिए रद्द किया था उन ट्रेनों को एक झटके में फिर से अगले एक माह के लिए रद्द कर दिया है ।देश में कोयले की कमी को दूर करने रेलवे ने यात्री के आवाजाही को बलि दे दी ।कांग्रेस नेता यात्री ट्रेनों को बंद करने के खिलाफ महाआंदोलन करने की गीदड़ भभकी देते रहे लेकिन रेलवे की मनमानी के खिलाफ कोई सामने नहीं आया हां स्टापेज को लेकर धरना जरूर दिया । रेलवे भी अब अच्छी तरह समझ गया है कि कोयला से भरी मालगाड़ी चलाने के लिए यदि सारे यात्री ट्रेन निरस्त कर दिया जाए तब भी कोई खास विरोध नहीं होने वाला है ।

रेलवे बोर्ड ने छत्तीसगढ़ की 36 यात्री ट्रेनों को फिर से एक माह के लिए निरस्त कर दिया है इनमें मेमू-डेमू के साथ एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल हैं ।.कोयला संकट की समस्या को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने माल लदान को प्राथमिकता दे दिया है ।यात्री परेशान होते रहें यह उनकी अपनी समस्या है ।

बिलासपुर, रेलवे बोर्ड ने अब जून में भी 36 ट्रेनों को एक माह के लिए कैंसल कर दिया है। ट्रेनें कैंसल होने के बाद यात्रियों को समर वेकेशन के सीजन में एक बार फिर से अपनी यात्रा कैंसल करनी होगी।

देश भर में कोयला संकट की समस्या को देखते हुए रेलवे ने माल लदान को प्राथमिकता देते हुए अप्रैल और मई महीने में 36 ट्रेनों को कैंसल कर दिया था। इसके चलते छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में यात्रा करने वाले यात्रियों को खासी परेशानी हुई। इस बीच रेलवे ने 23 अप्रैल से 22 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को फिर से रद्द करने का फरमान जारी कर दिया।

रेलवे के इस फैसले का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विरोध जताया। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने ट्रेनों को कैंसल करने का विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी, लेकिन रेलवे पर इसका कोई असर नहीं हुआ। यही वजह है कि बिना किसी कारण के रेलवे ने अप्रैल में रद्द की गई ट्रेनों का परिचालन अब जून तक कैंसल करने का आदेश जारी कर दिया है।

यात्रियों के महत्वपूर्ण है रद्द की गई ट्रेनें

रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर जोन और यहां से गुजरने वाली जिन ट्रेनों को रद्द किया है वे आम जनता के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इनमें से बिलासपुर जोन की एक्सप्रेस और मेमू-डेमू तो यहां की जनता के लिए लाइफ लाइन के समान हैं। खासकर वे ट्रेनें जो बिलासपुर-कटनी रूट पर चलती हैं। ज्यादातर ट्रेनें इसी रूट की है। बिलासपुर-भोपाल, बिलासपुर-रीवा जैसी ट्रेन को काफी महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा मेमू लोकल भी बहुत मायने रखती है। ये सभी ट्रेनें उसलापुर, घुटकू, कलमीटर, करगीरोड कोटा, सल्का, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा,खोडरी, सारबहरा, पेंड्रारोड, अनूपपुर होते हुए शहडोल तक काफी महत्वपूर्ण हैं। अधिकांश ट्रेनों को रद्द कर कोयले की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

## रद्द होने वाली मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां

25 मई से 24 जून तक बिलासपुर एवं भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल -बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
24 मई से 23 जून तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर ङ्करीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
25 मई से 24 जून तक रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18248 रीवा - बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
24 मई से 23 जून तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर- अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
25 मई से 24 जून तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
30 मई व 6,13, 20 जून को नांदेड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
1, 8,15, 22 जून को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी- नांदेड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
25 मई व 1, 8, 15, 22 जून को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
26 मई से 2, 9, 16, 23 जून को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
26, 30 मई एवं 2, 6, 9, 13, 16, 20, 23 जून को गाड़ी संख्या 12880 भुनेश्वर एलटीटी द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस भुवनेश्वर रद्द रहेगी।
25, 28 मई एवं 1, 4, 8, 11, 15, 18, 22 जून को (11) गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस एलटीटी रद्द रहेगी।
24, 31 मई एवं 7, 14, 21 जून को गाड़ी संख्या 22866 पुरी-एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस पुरी से रद्द रहेगी।

# शासकीय उमा शाला तनौद के प्रभारी प्राचार्य को पद से हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

विकासखंड पामगढ़ ,शैक्षणिक जिला जांजगीर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तनौद में लगभग 13-14 वर्षो से प्रभारी प्राचार्य ही काम करते आ रहे हैं. वर्तमान में कार्यरत प्रभारी प्राचार्य मनोज साहू की कार्यप्रणाली से पूरे स्टाफ तथा नागरिक, पालकगण ,छात्र-छात्राएं काफी असंतुष्ट हो चुके हैं .इसे देखते हुए उनका तबादला शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलखन भी किया जा चुका है. किंतु मनोज साहू अपने स्थानांतरण के विरुद्ध स्थगन आदेश लेकर पुनः प्रभारी प्राचार्य के पद पर काबिज हो गए हैं. जबकि उन्हें व्याख्याता पद के विरुद्ध ही स्थगन आदेश प्राप्त हुआ है ना कि प्रभारी प्राचार्य के पद के विरुद्ध .उनकी इस कार्यप्रणाली से ब्लॉक तथा जिला शिक्षा अधिकारी काफी नाराज हो चले हैं. कुछ दिनों पहले प्रभारी प्राचार्य को हटाए जाने की शिकायत जांजगीर-चांपा जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के जिलाध्यक्ष और कांग्रेसी नेता गजानंद जांगड़े से की गई. लोगों की नाराजगी को देखते हुए गजानन जांगड़े ने जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर को पत्र सौंपकर मनोज साहू को प्राचार्य पद के प्रभार से तुरंत ही हटाने की मांग की है, इस आशय का पत्र जांगड़े ने स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय प्रेमसाय सिंह टेकाम को भी प्रेषित किया है जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है. कि स्थानांतरण के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर से स्थगन आदेश प्राप्त मनोज साहू को उक्त शाला में पदस्थ करके तो रखा जाए किंतु उससे प्रभारी प्राचार्य के दायित्व से तुरंत ही हटा दिया जाए अन्यथा ग्राम तनौद और आसपास के लोगों का असंतोष बढ़ता ही चला जाएगा इस स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से अपेक्षा की गई है कि मनोज साहू को प्रभारी प्राचार्य के दायित्व से मुक्त करते हुए आसपास के किसी स्कूल के पूर्णकालिक प्राचार्य या अन्य किसी को तनौद का प्रभार सौंप दिया जावे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को खाता आधारित पेमेंट को बदल कर आधार आधारित किया गया है। जिन किसानों का आधार नम्बर में मोबाईल नं. लिंक नहीं होगा उनका आगामी भुगतान लंबित होगा। कृषि विभाग द्वारा सभी पंजीकृत पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे अपने आधार नं. को अपने मोबाईल नं. से 31 मई 2022 तक लिंक कराकर ई-केवाईसी करा ले। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से या नजदीकी ग्रामीण च्वाईस सेंटर में संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते है। किसान चाहे तो स्वयं ही पी.एम. किसान पोर्टल में जाकर स्वयं ई-केवाईसी कर सकते है। ई-केवाईसी कराने के लिए सबसे पहले अपने मोबाईल नंबर आधार से लिंक कराना होगा। जिनका आधार नंबर आधार से लिंक नहीं है, वे आधार में मोबाईल नं. लिंक कराने हेतु आधार लोक सेवा में अपडेट कराना होगा। मोबाईल नं. लिंक कराने के बाद अपने मोबाईल से या च्वाईस सेंटर में जाकर पी.एम. किसान पोर्टल से ई-केवाईसी करायें। ई-केवाईसी कराने के बाद अपने आधार को बैंक से लिंक करा ले। स्वयं से ई-केवाईसी करने के लिए अपने मोबाईल के गूगल में जाकर टाईप करें उसके बाद अपना आधार नंबर डाले। आधार नंबर डालने के बाद सर्च में क्लिक करें फिर अपना आधार में रजिस्टर्ड मोबाईल नं. डाले। मोबाईल नं. डालने के बाद गेट मोबाईल ओटीपी पर क्लिक करें फिर मोबाईल पर 4 का ओटीपी आने पर उसे अंकित कर सबमिट ओटीपी पर क्लिक करें। उसके बाद पुनः 6 अंक का ओटीपी आने पर उसे अंकित कर सबमिट फोर ऑथ में क्लिक करने पर ई-केवाईसी पूर्ण हो जाएगा। च्वाईस सेंटर से ई-केवाईसी कराने पर शासन द्वारा 15 रू. की राशि निर्धारित है। निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांग किये जाने पर च्वाईस सेंटर के नाम पर प्रमाण पत्र सहित जिला कलेक्टर को शिकायत की जा सकती है। च्वाईस सेंटर व्यवस्थापक से अपील की गई है वे शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि किसानों से न लें। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी पूर्ण करा लें ताकि पी.एम. किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सके। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के मैदानी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या जिला कार्यालय कृषि विभाग से संपर्क कर सकते है।

# इंदिरा चौक हट तो जाएगा पर लगेगा कहां रोज-रोज हो रहा स्थल को लेकर विवाद



पायनियर संवाददाता < पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव शहर एकमात्र मुख्य चौराहा इंदिरा चौक को सड़क से किनारा स्थापित करने प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है दरअसल इंदिरा चौक को जिस जगह सड़क किनारे लगे खंबे को हटाकर स्थापित किया जाना है वहां ट्रांसफार्मर समेत बिजली के पोल स्थापित है इन पोल के माध्यम से शहर के तीनों मार्ग में बिजली सप्लाई एवं 11 केव्ही सुव्यवस्थित तरीके से गुजरा है, विदित हो कि कुछ वर्षों पूर्व इंदिरा चौक से सटकर एक खम्बा लगा था, सड़क के बीचो बीच स्थापित इस खंबे से लगातार हो रहे दुर्घटना के अंदेशे को देखते हुए विद्युत विभाग ने कड़ी मशक्कत करते हुवे खम्बे को सड़क किनारे स्थापित कर विद्युत व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया था अब एक बार फिर चौक को हटाने के लिए व्यवस्थित हो चुके खम्बे को हटाने विभाग को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। वही खंबे को हटाने के दौरान ठीक बगल में स्थापित पेट्रोल पंप भी आड़े आ रहा है पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि नवीन खंबा गाड़ने के बाद खंबे के ऊपर से गुजरने वाले वायर ठीक पेट्रोल पंप से सटकर गुजरेगा जिससे अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाने वाला पेट्रोल पंप में सदैव दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा जिसके बाद यहां खंबे को हटाने एवं लगाने एवं इंदिरा चौक को स्थापित किए जाने वाले नवीन जगह को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। विवाद की स्थिति उत्पन्न देख समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच घंटों तक आपस में चर्चा सलाह मशवरा करते दिखे , अंत में नवीन जगह जहां चौक स्थापित किया जाना है वहां से गुजर रहे नाली को ढककर पूरा स्थल को समतलीकरण किए जाने के उपरांत ही कुछ निर्णय लिए जा सकने की बात पर सहमति बनी। जिसके बाद नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित नवीन स्थल से गुजर रहे नाली में ड्यूम पाइप लगाकर ऊपर से मिट्टी पाटकर पूरे जगह को समतलीकरण किए जाने के निर्देश दिया गया, एक दो दिन में प्रस्तावित स्थल समतलीकरण होने के पश्चात यहां खंबा लगाने एवं इंदिरा चौक को स्थापित करने के जगह का निराकरण हो सकेगा इस अवसर पर पत्थलगांव एसडीएम रामशिला लाल, एसडीओपी मयंक तिवारी, तहसीलदार रामराज सिंह, विद्युत कार्यपालन अभियंता आरपी चौहान, नगर पंचायत सीएमओ जितेंद्र पटेल, पीडब्ल्यूडी ईई जीआर जांगड़े, आरआई पैंकरा, पटवारी हेमराज यादव ,नप कर्मचारी, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी समेत अन्य नागरिक मौके पर उपस्थित थे।

# जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान का अवतार होता है : देवी पूजा किशोरी

पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह विकासखण्ड के कपिस्दा गांव में पटेल परिवार द्वारा वार्षिक श्राद्ध निमित्त आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचिका पूजा किशोरी ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि त्राहि मची और अत्याचार बढ़ता जा रहा था तो तब तब भगवान का अवतार होता है।ऐसे ही द्वापर युग में कंस के बढ़ते अत्याचार से भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के



रूप में जन्म लेकर इस धरती से कंस जैसे अत्याचारी का वध कर इस धरती को मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार सर्वहितकारी होता है। भागवत कथा में जैसे ही श्री कृष्ण जन्म हुआ पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु झुमने लगे। पंडाल को गुब्बारे से सजाया गया था। आज कथा श्रवण करने मुख्य यजमान धनसाय- कुंती पटेल,प्रबल-गायत्री पटेल, अनिल-अनुराधा पटेल, भागवत -अंजू पटेल सहित जितेन्द्र तिवारी,शुभम थवाईत,विजय देवांगन व आसपास के ग्रामीण इलाके से पहुंचे हुए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दिया धरना

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देश पर 24 मई को जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने धरना का आयोजन करते हुए बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा में 127 वा संशोधन कर राज्यों को पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित करने का अधिकार दिया है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य में आज पर्यंत तक पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित नहीं किया गया,तथा आज धरना प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपकर पिछड़ा वर्ग को छत्तीसगढ़ प्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है।

# ईंट भट्ठे में बंधक बने श्रमिकों को कलेक्टर ने छुड़वाया

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

हम छत्तीसगढ़ जांजगीर-चाम्पा जिले के श्रमिक है। हम मजदूरी करने आये थे। हमें बंधक बना लिया गया है। हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। हमें हमारी मजदूरी नहीं दी जा रही हैं। कलेक्टर साहब हमें यहाँ से छुड़वाइये। कुछ ऐसा ही संदेश जब कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला को झारखंड के लातेहार में फंसे मजदूरों ने दी तो कलेक्टर ने अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल ही श्रमिकों को वहाँ से मुक्त कराने का प्रबंध किया। आखिरकार लातेहार जिले के ईंट भट्ठे में बंधक 31 मजदूरों की सकुशल वापसी कलेक्टर की पहल से हो रही है। सभी वहां से अपने गृह ग्राम के लिए निकल चुके हैं।



दरअसल यह पूरा मामला श्रमिकों से जुड़ा है। जांजगीर-चाम्पा जिले के सक्ती विकासखंड के ग्राम जाजंग से ईंट भट्ठे में कार्य करने झारखण्ड के लातेहार जिला के ग्राम साती तहसील बालूनाथ गये लगभग 31 श्रमिकों ने ईंट भट्ठे के संचालक द्वारा मारपीट, अभद्र व्यवहार और प्रताड़ित करने की शिकायत की। श्रमिकों ने इस संबंध में सूचित किया कि उन्हें उनकी मजदूरी भी नहीं दी गई और बंधक बनाकर रखा गया है। श्रमिकों की यह पीड़ा और शिकायत जब कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला तक पहुँची तो उन्होंने फौरन ही बंधक मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए तत्परता दिखाई। उन्होंने श्रम विभाग सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी मजदूर झारखंड में बंधक है, उन्हें सुरक्षित घर लाने का प्रबंध करें। श्रमिकों के साथ महिलाएं एवं बच्चें भी शामिल हैं।

कलेक्टर जिला-जांजगीर-चांपा द्वारा उपायुक्त व जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं श्रम अधीक्षक लातेहार (झारखण्ड) को पत्र प्रेषित कर आवश्यक जानकारी भी दी गई। पत्र के माध्यम से बताया गया कि श्री नवीन गुप्ता व गनेश डॉक्टर गुप्ता भट्ठा, ग्राम-साती, तहसील व थाना-बालुनाथ, जिला-लातेहार (झारखण्ड) में जांजगीर जिले के 31 श्रमिकों को बंधक बनाकर कार्य लिया जा रहा है। कलेक्टर के इस पहल से झारखंड में बंधक श्रमिकों को मुक्त करा लिया गया है। वहां से श्रमिक अपने-अपने गृह ग्राम के लिए रवाना हो चुके हैं।

# बांकी नदी को बचाने के आंदोलन में कूदे नन्हें बच्चे

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बांकी नदी पुनर्रोद्धार कार्य में जन सहयोग के लिए व्यापारी संघ एवं विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर अग्रवाल ने बांकी नदी पुनर्रोद्धार हेतु समाज के सभी वर्ग को अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बांकी नदी को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही नदी का बहाव क्षेत्र सुधार हो सकेगा एवं इसके स्वरूप में निखार आएगी। कलेक्टर ने इस हेतु समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं, ठेकेदारों को आगे बढ़कर इस कार्य मे अपना योगदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर के व्यापारी संघ, ठेकेदार संघ,



बार संघ, कल्याण आश्रम, श्री बालाजी समिति, संवेदना समिति, सजल महिला समिति, जयमंगल विश्वमंगल, नवीन जागरण सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि बांकी नदी में जलीय पौधे की सफाई, गाद निकासी, गहरीकरण कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु सफाई कार्य निरंतर होते रहना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में भी नदी की सफाई कार्य किए जाए। जिससे नदी के उद्गम स्थल से अंत तक जलस्तर में वृद्धि हो एवं नदी अपनी पुरानी स्वरूप में आ सके। उन्होंने जल संरक्षण के लिए नदी की सफाई एवं उसे स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान बांकी नदी की सफाई के लिए छोटे बच्चों ने भी आगे आकर अपना योगदान दिया। बच्चों ने अपने गुल्लक कलेक्टर अग्रवाल को सौंपकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। जिसमें 10 वर्षीय आमोद आनंद गुप्ता, 13 वर्षीय देवांश जैन, 10 साल के श्रेयांश जैन, 11 साल के सम्यक जैन एवं 12 वर्ष के सम्यक जैन शामिल है। सभी बच्चों ने कलेक्टर से कहा कि उनके द्वारा बहुत समय से गुल्लक में पैसे जमा किए जा रहे थे, जिनसे वे अपनी पसंदीदा खिलौने खरीदने वाले थे, परंतु लोगों द्वारा बांकी नदी की सफाई के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रोत्साहित होकर उन्होंने अपना गुल्लक इस कार्य के लिए सौंपा है। कलेक्टर ने बच्चों की प्रशंसनीय कार्य के लिए सराहना की। साथ ही शहरवासियों ने भी अपनी भूमिका अदा करते हुए सहयोग राशि प्रदान की। कलेक्टर ने जशपुर के नगरवासियों को आगे बढ़कर इसी प्रकार स्वेच्छा से सहयोग प्रदान करने की अपील।

# जिला अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

## श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर्स ने किया बच्चों का उपचार



पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में 24 मई को चिरायु राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित 0 से 18 वर्ष के बच्चों का परीक्षण एवं निःशुल्क उपचार हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर मैं कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ) न्यूरोलॉजिस्ट (एन एच एम एम आई रायपुर) शिशु रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए बालाजी हॉस्पिटल रायपुर के कॉरपोरेट मेनिजर अनुज पंडा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत इस कार्यक्रम मैं लगभग 200 बच्चों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ इन बच्चों की कॉन्सलिंग किये, वेसिक जानकारी व मशीनों से परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ रुद्र कश्यप ने बताया कि जांच शिविर मैं रायपुर के डॉट व कोण्डागांव के डॉक्टर का संयुक्त शिविर का आयोजन किया जिसमे हार्ड 12 बच्चे, नेत्र 10 बच्चे, टीकाकरण 08 बच्चों का, अर्थो 18 बच्चे, बोलने में दिक्कत 13 बच्चे, हाथ मे दिक्कत 03बच्चे, अदर 36 बच्चे कुल 100 बच्चों का परीक्षण किया गया। एवं 41 बच्चों आगे उपचार के लिए रायपुर भी भेजा जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ रुद्र कश्यप, श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर से डॉ हितेंद्र उइके न्यूरो सर्जन, डॉ विशाल आनंद गुप्ता, अनुज पंडा, उज्वल जायसवाल सत्य साईं संजीविनी हॉस्पिटल रायपुर डॉ अतुल प्रभु कोण्डागांव जिला अस्पताल से डॉ मयूर चंद्रेकर डॉ राजेश बघेल शिशुरोग स्पेसलिस्ट, डॉ कल्पना मीणा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ आशीष मसीह प्रकाश बागड़े युवोदय कोंडानार चैम्प और कोण्डागांव जिला अस्पताल के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# झीरम घाटी कांड के षड्यंत्रकारियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण : धनंजय

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



झीरम घाटी कांड में शहीद कांग्रेस के प्रथम पंक्ति के नेताओं एवं सुरक्षाकर्मीयों को श्रद्धांजलि अपर्ति करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहां कि भाजपा नहीं चाहती कि झीरम घाटी कांड के षड्यंत्रकारियों को सजा मिले और पीड़ित पक्ष को न्याय मिले। भाजपा जब सरकार में थी तब झीरम घाटी कांड के सच को उजागर होने से रोकते रही है और आज जब विपक्ष में है तब भी झीरम घाटी कांड के षड्यंत्रकारियों को बचाने न्यायालय का सहारा ले रही है। झीरम घाटी कांड के बाद केंद्र में मोदी की सरकार बनी और एनआईए की जांच को प्रभावित किया गया राज्य में रमन सिंह की सरकार ने सीबीआई जांच नही होने दी। जांच आयोग के जांच को भी प्रभावित किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद झीरम घाटी कांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया तब एनआईए ने फाइल नही दिया और जब राज्य सरकार ने झीरम घाटी कांड की जांच कर रहे आयोग के जांच में 8 नए बिंदु जोड़े और कार्यकाल को बढ़ाया तब भी जांच को रोकने नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक न्यायालय का सहारा लिये और न्यायालय ने वर्तमान स्थिति में जांच को रोक दिया है। इससे भाजपा की मंशा स्पष्ट समझ में आती है। कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। भाजपा के नेता लाख षड्यंत्र कर ले लेकिन झीरम घाटी कांड के सच को आने से रोक नहीं पाएंगे झीरम घाटी कांड के षड्यंत्रकारी सलाखों के पीछे होंगे पीड़ितों को न्याय मिलेगा और भाजपा के मंसूबे भी जनता के बीच उजागर होंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी कांड के षड्यंत्रकारियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण है इसीलिए इस घटना के 9 साल बीत जाने के बाद भी पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिल पाया है। झीरम घाटी कांड का सच सामने आने से पूर्व की रमन सरकार की कालगुजारी पर्दाफाश हो जाएगी और षड्यंत्रकारियों से भाजपा के किस नेता के साथ सम्बंध है? यह भी छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता को पता चल जायेगा। 2013 में डॉ रमन सिंह विकास यात्रा निकाल रहे थे दूसरी ओर कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा रमन भाजपा सरकार के कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता, कुशासन के खिलाफ परिवर्तन की मांग को लेकर निकाली थी कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा को मिल रहे भारी जन समर्थन से भाजपा घबराई हुई थी।उसी दौरान झीरम घाटी राजनीतिक षड्यंत्र हत्याकांड हुआ जिसमें कांग्रेस के प्रथम पंक्ति के नेताओ एवं सुरक्षाकर्मियों की शहादत हुई जिसके बाद छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार बनी रमन सिंह मुख्यमंत्री बने थे।






# भूपेश बघेल पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दो या सार्वजनिक माफी मांग कर गद्दी छोड़ो : सुनील चौधरी

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग को छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये की मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रायपुर जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दे कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की पिछड़ा वर्ग समाज के साथ छल करना बंद करे सरकार की मंशा नहीं है और ईस लिए अपने मोहरे से कोर्ट में याचिका लगवाती है और स्थगन लेती है और उसी व्यक्ति को आयोग का चेयरमैन बना का पुरुस्कृत करती है ।जब मुख्यमंत्री ने स्वयं घोषणा की थी तो क्या सरे कानूनी पहलू पर विचार नहीं किया था केवल वोट बटोरने के लिए घोषणा किये थे ! 2019 से 2022 आ गया अब तक पिछड़ा वर्ग समाज को किया वादा पूरा नहीं किया है यदि समय रहते हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो ईस सरकार को उखाड़ फेकेंगे। अब या तो मुख्यमंत्री अपना वादा निभाए या पिछड़ा वर्ग से सार्वजनिक माफी माँग कर गद्दी छोड़े! धरना का संचालन जिला महामंत्री यादराम साहू व् आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी ने किया।


सामाजिक न्याय भूपेश बघेल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है

# सत्ता में रहते हुए ओबीसी वर्ग की उपेक्षा करने वाले भाजपाई घड़ियाली आंसू न बहायें : वर्मा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजयुमो के ओबीसी आरक्षण को लेकर धरना प्रदर्शन को फ्लाप शो बताते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा के प्रदर्शन पर ओबीसी वर्ग की सहभागिता पूरी तरह से शून्य रही। आयोजन स्थलों के कुर्सी पर भी भाजपा के शोषक वर्ग कब्जा जमाये रहे। घड़ियाली आंसू बहाने और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिये किये गये आंदोलन को, ओबीसी वर्ग के लोगो ने ही भाजपा के धरने को नकार दिया। भारतीय जनता पार्टी और आर एस एस का मूल चरित्र पिछड़ा वर्ग विरोधी है, दलित, आदिवासी और महिला विरोधी है। छत्तीसगढ में 15 साल सत्ता में रहने के दौरान रमन सरकार ने यदि ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में कोई प्रयास किया हो, कोई कमेटी बनाई हो या आरक्षण लागू करने के संदर्भ में कोई अधिसूचना जारी की हो तो बताएं? असलियत यह है कि सत्ता में रहने के दौरान भाजपाइयों को कभी पिछड़ों और वंचितों की सुध नहीं आई, बल्कि इसके विपरीत अनुसूचित जाति के आरक्षण को 14 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया। सामाजिक न्याय, सत्ता में सभी वर्गों की सहभागिता, पिछड़ों के हितों का संरक्षण और संवर्धन भूपेश बघेल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रमन सरकार के द्वारा घटाये गये अनुसूचित जाति के आरक्षण को बढ़ाकर 13 प्रतिशत किया। भूपेश बघेल सरकार ने 15 अगस्त 2019 को ही छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत लागू किया। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ घोषणा में शामिल किया गया है। बिलासपुर उच्च न्यायालय में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के खिलाफ अलग-अलग चार याचिकाएं लगाई गई है। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा सरकार से 27 परसेंट आरक्षण दिए जाने का आधार पूछा गया है। छत्तीसगढ़ के लगभग 53 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग की जनता के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कराने भूपेश बघेल सरकार प्रतिबद्ध है, और इसी संदर्भ में उच्च न्यायालय के समक्ष पुख्ता आधार प्रमाणित करने भूपेश बघेल सरकार ने इन वर्गों के प्रमाणिक आंकड़े जुटा रही है। इसके लिए जिला और नगरी निकाय क्षेत्र स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। 5 सदस्य इस समितियों में ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का एक-एक प्रतिनिधित्व अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। आरक्षित वर्गवार सही संख्या जानने के लिए सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश छविलाल पटेल की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403